सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष,चर्तुदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 236



12 ओडेला-2 में शिव शक्ति के रूप में नजर आयेंगी तमन्ना भाटिया



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 321940 (IPRD) 23-24

# गिरिडीह लोस सीट से जेएमएम के मथुरा महतो होंगे उम्मीदवार!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से विधायक मथुरा महतो जेएमएम के उम्मीदवार होंगे। जल्द ही पार्टी की ओर से इसका औपचारिक एलान किया जाएगा। जेएमएम पार्टी सूत्रों का कहना है कि टुंडी विधायक मथुरा महतो को पार्टी की ओर से ये संदेश दे दिया गया है। पार्टी की ओर से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद मथुरा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। चार मार्च को कल्पना सोरेन के राजनीतिक पारी शुरू करने के वक्त भी मथुरा मंच पर मौजूद थे और जेएमएम के स्थापना दिवस समारोह के दौरान एक्टिव नजर आए। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जेएमएम की ओर से दिवंगत जगन्नाथ महतो उम्मीदवार बने थे जिसे आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी ने शिकस्त दी थी। इस बार होने वाले चुनाव में गिरिडीह में त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल सकता है, क्योंकि छात्र नेता जयराम महतो ने भी गिरिडीह से लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया हुआ है। मथुरा महतो जेएमएम के वरिष्ठ नेता है और दो बार वो मंत्री और तीन बार विधायक रह चुके है।



| आम चुनाव 2019 |
| --- |
| चंद्र प्रकाश चौधरी |
| पार्टी : आजसू पार्टी |
| प्राप्त वोट :648277 |
| वोट प्रतिशत : 67 % |
| पुरुष मतदाता : 879561 |
| महिला मतदाता : 769833 |
| कुल मतदाता : 1649413 |
| निकटतम प्रतिद्वंद्वी |
| जगरनाथ महतो |
| पार्टी : झारखंड मुक्ति मोर्चा |
| प्राप्त वोट : 399930 |
| हार का अंतर : 248347 |

**क्या है गिरिडीह लोकसभा सीट की भौगोलिक स्थिति :** गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र झारखंड का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में गिरडीह, बोकारो और धनबाद जिले के कुछ हिस्सों को शामिल किया गया है। इस संसदीय क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। यह क्षेत्र दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों घिरा से है। मुगल सम्राटों का इस क्षेत्र पर शासन रहा। यह क्षेत्र अबरख और कोयला जैसे खनिज उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। यहीं पर जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थस्थल पार्श्वनाथ भी है। नोबेल पुरस्कार विजेता एवं वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बसु की जन्मस्थली इसी क्षेत्र में है।

## लोबिन ने अपनी ही पार्टी के सांसद विजय हांसदा के खिलाफ खोला मोर्चा

**रांची।** बरहेट विधानसभा के भोगनाडीह में गुरुवार को झामुमो और विधायक लोबिन हेंब्रम समर्थकों के बीच झड़प की खबर आने के बाद लोबिन ने शुक्रवार को राजमहल सांसद विजय हांसदा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में विजय हांसदा नहीं जीतने वाले हैं। मैं इस सीट से दावेदार हूं, लेकिन पार्टी की ओर से मुझसे इस्तीफा मांगा जा रहा है। भला मैं इस्तीफा क्यों दूं। उन्होंने कहा कि अस्पताल बन गया तो सांसद क्षेत्र में मुंह दिखाने लायक नहीं रह जाएंगे। विजय हांसदा के इशारे पर कार्यकर्ताओं ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की कोशिश की गई। बैनर-पोस्टर को फाड़ दिया गया। लोबिन ने कहा कि प्रशासन का भी रवैया ठीक नहीं था। मालूम हो कि 6 मार्च को भी 300 बेड के अस्पताल के शिलान्यास को लेकर झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने सरकार और सांसद विजय हांसदा के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। मालूम हो कि लोबिन हेंब्रम सरकार के विरोध में गुरुवार को अन्याय यात्रा निकालने वाले थे। भोगनाडीह से लोबिन हेंब्रम अन्याय यात्रा शुरू करने वाले थे। दोपहर करीब दो बजे लोबिन अपने समर्थकों के साथ भोगनाडीह जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान झामुमो समर्थकों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

### झामुमो के डॉ सरफराज अहमद व मुंबई के बिजनेसमैन हरिहर ने खरीदा नामांकन पत्र

# बिजनेसमैन हरिहर महापात्रा के कारण राज्य में रोमांचक हुआ राज्यसभा चुनाव

## भाजपा ने अभी तक उम्मीदवार के नाम की नहीं की है घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में डॉ सरफराज अहमद महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीद लिया है। वहीं, भाजपा ने अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वैसे, धन कुबेर हरिहर महापात्रा ने नामांकन पत्र खरीद कर राज्य सभा चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हांलाकि, महागठबंधन व एनडीए दोनों को एक-एक सीट जीतने के लिये आंकड़े मौजूद हैं। 2 राज्यसभा सीटों पर चुनाव 21 मार्च को है। बताया जा रहा है कि महापात्रा किसी राष्ट्रीय दल के समर्थित उम्मीदवार हो सकते हैं।

गौरतलब है कि झारखंड में राज्य सभा चुनाव हमेशा से चर्चित रहा है। यहां हॉर्स ट्रेडिंग भी होता रहा है। पिछले कई चुनाव में यह



दृश्य देखने को मिला है। मालूम हो कि हरिहर महापात्रा मुंबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। स्पाइसजेट कंपनी में उन्होंने 1100 करोड़ रुपये का निवेश कर रखा है। उनकी पत्नी प्रीति महापात्रा भी राज्यसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। वर्ष 2016 में उन्होंने देश के जाने-माने वकील कपिल सिब्बल के खिलाफ राज्यसभा का चुनाव लड़ा था। राज्यसभा चुनाव के लिए 4 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी की गई थी। 11 मार्च तक चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जायेगी। 14 मार्च को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है। 23 मार्च तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

## राज्यसभा चुनाव 2024 : सरफराज अहमद सोमवार को करेंगे नॉमिनेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा देने वाले झामुमो के पूर्व विधायक सरफराज अहमद को इंडिया गठबंधन ने राज्यसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बना लिया है। सरफराज अहमद 11 मार्च को नॉमिनेशन करेंगे। सरफराज अहमद को इस सीट में जीत हासिल करने के लिए कोई भी परेशानी नहीं होगी] क्योंकि जेएमएम के पास 29 विधायक हैं। सरफराज अहमद ने कहा कि सोमवार को नॉमिनेशन करने का आखिरी दिन है, 11 से 3 बजे तक का ही समय है, इसलिए आखिरी दिन 11 मार्च 2024 को ही नॉमिनेशन करेंगे। इसको लेकर सीए को सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं।

बताया जा रहा है कि हरिहर महापात्र भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार हो सकते हैं।



हरिहर मुंबई के बिजनेसमैन हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए 4 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी की गई थी। 11 मार्च तक चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। 14 मार्च को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है। अगर जरूरत पड़ी तो इन दो सीटों के लिए सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा व उसी दिन शाम को 5 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी।

**कांग्रेस से जेएमएम में आए थे सरफराज अहमद :** गौरतलब हो कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन में सीटों के बंटवारे में गांडेय विधानसभा सीट झामुमो के खाते में आई थी। उस समय सरफराज अहमद कांग्रेस में थे। बाद में उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया था। झामुमो ने उन्हें गांडेय से उम्मीदवार बनाया। चुनाव में सरफराज अहमद को जीत मिली थी, सरफराज अहमद पिछले लगभग 50 सालों से राजनीति में हैं और कांग्रेस में रहते हुए कई बड़े पदों पर सेवा दे चुके हैं।

**गिरिडीह से भी रह चुके हैं सांसद**

सरफराज अहमद अविभाजित बिहार के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा से सांसद भी रह चुके हैं। सरफराज अहमद के पिता डॉक्टर इम्तियाज अहमद भी गिरिडीह से सांसद रह चुके हैं। सरफराज अहमद का राजनीति जीवन बेदाग रहा है, कभी भी किसी विवाद में नहीं रहे। वे बहुत ही शांत मिजाज वाले नेता हैं।

# नशे की तस्करी पर लगेगी रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नशे के सौदागरों और उसकी तस्करी को लेकर झारखंड पुलिस गंभीर दिख रही है। इस बाबत पुलिस ने एक स्पेशल प्लान बनाया है। योजना के तहत मादक पदार्थों के तस्करों के मनी ट्रेल की जांच कर किंगपिन तक पहुंचने की तैयारी कर ली गयी है। सीआईडी डीजी ने कई गाइडलाइंस जिलों के एसपी को भेजे हैं।

**ऑनलाइन होता है लेन-देन :** झारखंड की राजधानी रांची समेत कई शहरों में ड्रग्स का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नसों में जहर घोलने वाले इस धंधे में कई सफेदपोश भी शामिल है, जो पर्दे के पीछे रहकर मादक पदार्थों की तस्करी कराते हैं। सीआईडी और जिला पुलिस की जांच में अब तक यह बात साफ हो चुकी है कि नशे की तस्करी के लिए नगद से ज्यादा ऑनलाइन पेमेंट का प्रयोग किया जाता है। जांच में यह बात सामने आयी है कि नशे के तस्कर 90 प्रतिशत मौके पर पैसे की लेन-देन ऑनलाइन तरीके से ही करते हैं। ऐसे मेंसाफ है कि अगर गहराई से मादक पदार्थों के तस्करों के मनी ट्रेल की जांच की जाए तो इस धंधे में शामिल राज्य के भीतर और बाहर दोनों के ऊपर शिकंजा कसा जा सकता है।

**अकाउंट की जानकारी जुटा रही है पुलिस :** रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मादक पदार्थों पर चल रही कार्रवाई को लेकर सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने समीक्षा बैठक की थी। बैठक में तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई रणनीति तैयार की गयी है। जिसमें सबसे प्रमुख है कि नशे के तस्करों के बैंक खातों की पूरी जानकारी जुटाकर उसके मनी ट्रेल के बारे में पता लगाया जाये। मनी ट्रेल के जरिये यह पता चल जाएगा कि राजधानी रांची में जो नशे के तस्कर ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा और हेरोइन जैसे मादक पदार्थ बेचकर पैसा अपने खातों में लेते हैं वह पैसा आखिर किन-किन खातों में ट्रांसफर होता है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में अक्सर छोटे अपराधी पकड़े जाते हैं लेकिन इन सब के पीछे कौन सा बड़ा गैंग काम कर रहा है उसकी जानकारी जुटाने में मनी ट्रेल काफी सहायक साबित हो सकता है। इधर सीआईडी डीजी ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वैसे तस्कर जिनका नाम बार-बार नशे की तस्करी में सामने आ रहा है, ऐसे लोगों के खिलाफ निगरानी की कार्रवाई के लिए डोजियर खोला जाए। साथ ही वैसे तस्कर जिनकी जमानत हो चुकी है, ऐसे लोगों के बेलरों का सत्यापन किया जाए। बरामद मादक पदार्थ का सीजर ठीक तरह तैयार किया जाए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेगा झामुमो का प्रतिनिधिमंडल

### सरना धर्म कोड, एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण एवं स्थानीय नीति को लेकर

**रांची।** झारखंड के महत्वपूर्ण मुद्दों सरना धर्म कोड, एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण एवं 1932 की स्थानीय नीति के विषय को लेकर झामुमो का 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड सरकार के गठबंधन के सभी सांसदो, मंत्री, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहेंगे। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने इसको लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा है और समय देने का अनुरोध किया है।

### राज्य सरकार और इनलैंड ग्रीन एनर्जी कंपनी के बीच हुआ एमओयू

# झारखंड में जल्द लगेगा इथेनॉल प्लांट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में भी इथेनॉल प्लांट जल्द लगेगा। इसे लेकर झारखंड सरकार और इनलैंड ग्रीन एनर्जी कंपनी के बीच शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में एमओयू हुआ। एमओयू कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पांच स्थानों पर इथेनॉल प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। इसमें पहला प्लांट सितंबर 2024 से उत्पादन कर शुरू कर देगी। सभी प्लांटों के लगने से राज्य में लगभग पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इथेनॉल एक ग्रीन एनर्जी का स्वरूप




है। इसके उपयोग से कार्बन का उत्सर्जन कम होगा। इसे पेट्रोलियम ईंधन में मिलाकर उपयोग किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। उद्योग विभाग इसे लेकर गंभीर है। राज्य में नये उद्योग लगाने को लेकर सरकार कई बड़ी कंपनियों को आमंत्रित कर रही है। राज्य में औद्योगिक विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, इनलैंड ग्रीन एनर्जी कंपनी निदेशक नवीन सोमानी एंड ग्रुप, माटी कला बोर्ड निदेशक आकांक्षा रंजन, अपर सचिव मनमोहन प्रसाद, झारक्राफ्ट प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री मौजूद थे।

# जामताड़ा के साइबर अपराधियों का गैंग रांची में सक्रिय, स्टूडेंट्स बनकर लोगों को ठग रहे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जामताड़ा के साइबर क्रिमिनल अब राजधानी रांची को अपना ठिकाना बना रहे हैं। साइबर फ्रॉड के पैसे से ऑनलाइन मंगा कर विभिन्न दुकानों में बेचने वाले एक साइबर अपराधी को सीआईडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चार माह पहले ही रांची आया था और यहां पर स्टूडेंट बनकर किराये का मकान लिया। किराये के मकान मिलने के बाद आरोपी घटना को अंजाम दे रहा था।

## पढ़ाई के नाम पर कांटाटोली में रहता था विष्णु कुमार मंडल



पकड़ा गया विष्णु कुमार मंडल कांटाटोली इलाके में रहकर घटना को अंजाम दे रहा था। पढ़ाई के नाम पर जामताड़ा से रांची में किराये का मकान ले रखा था। करीब दो दर्जन जिओ मार्ट और रिलायंस डिजिटल से खरीद रांची के विभिन्न दुकानों में सस्ते दामों में बेचा था। गिरफ्तार अरोपी मूलरूप से जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कुरवा निवासी विष्णु कुमार मंडल है। आरोपी वर्तमान में रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित बंगाली कॉलोनी गली नम्बर-5 में रह रहा था। आरोपी के पास से दो आईफोन घटना में प्रयुक्त समेत पांच मोबाईल, दो सिम और कांड से संबंधित डाटा पुलिस ने जब्त कर लिया है।

गौरतलब हो कि एक सप्ताह पूर्व सदर थाना पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को कोकर से गिरफ्तार किया था। इधर, सिटी एसपी राजकुमार मेहता का कहना है कि पुलिस वैसे साइबर अपराधियों पर निगाह रख रही है।

# हेमंत सोरेन को न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की जी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें गुमला जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति शामिल हुई।

मौके पर झामुमो गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जब तक हमारे नेता हेमंत सोरेन को इंसाफ नहीं मिल जाता है यह संघर्ष जारी रहेगा। साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाया गया है और केंद्र सरकार चाहती है कि साजिश कर




झारखंड को अस्त-व्यस्त कर दें। इस साजिश का नकाब झारखंड मुक्ति मोर्चा तोड़ेगा। कल्पना सोरेन के सक्रिय राजनीति में आने से कार्यकर्ताओं को बल मिला है। उपवास कार्यक्रम में गुमला जिला से केंद्रीय सदस्य रंजीत सिंह, अमर टोप्पो, रांची से केंद्रिय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, गुमला जिला उपाध्यक्ष शशि साहू, गुमला जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, गुमला जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष जशींता बारला, अंतू तिर्की, लालजी रमण, उपाध्यक्ष मंजू उरांव, रायडीह प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, सिसई प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, रांची जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, संगठन सचिव आदिल इमाम, महादेव मुंडा, गुमला विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, सिसई विधायक प्रतिनिधि अभिषेक लकड़ा, महिला मोर्चा रांची जिला सचिव शांति तिर्की, भरनो प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन वांग, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष विमल केरकेप्ता, बरिया प्रखंड अध्यक्ष मो अजीम खान, महिला मोर्चा रांची महानगर संगठन सचिव राधा बाउरी, राधा हेंब्रम, सुनिता लिंडा, संयुक्त सचिव अनिमा केरकेप्ता, सीमा लकड़ा, महताब अंसारी, अबुतालिब अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम, सचिव सुजीत कुजुर, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, परविंदर नामधारी, राजेश सिंह, कयूम अंसारी, गुमला बसिया 20 सूत्री उपाध्यक्ष सतीश नायक, युवा मोर्चा रांची जिला संगठन सचिव रमजान रजा, अलबीन लकड़ा, विकास तिर्की, धकन जॉन नाग, बिंजामीन, गुमला प्रखंड अध्यक्ष राजेश गोप, दिलीप साहू, रवि कुमार, रांची क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, भैया राम, गुमला नगर प्रदीप सिंह, राकेश केरकेट्टा, निकोलस मुंडा, मो मुख्तार, विजय रविदास, राकेश वर्मा, नीरज, ओम शर्मा और अन्य सैकड़ों कार्यकर्त्ता हुए।

# मिशन-2024 को लेकर झामुमो ने फेंका पासा, स्थानीयता, सरना कोड एवं आरक्षण पर पक्ष रखने के लिए राष्ट्रपति से मांगा समय

सत्येन्द्र

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड सत्तारूढ्ढ इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच शह और मात का खेल लगातार जारी है। इधर लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही एनडीए गठबंधन की सबसे बड़ा घटक भाजपा ने राज्य के 14 में से 11 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर झारखंड की राजनीति में अपनी बढ़त बना ली है। वहीं सीट शेयरिंग नहीं होने के स्थिति में झारखंड के अंदर झामुमो नेतृत्व की इंडी गठबंधन ने एनडीए को मात देने के लिए दाव खेलना शुरू कर दिया है। इसी के तहत झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव के नाम पत्र लिखकर महामहिम से मुलाकात के लिए समय मुहैया कराने का आग्रह कर लोकसभा चुनाव में अपने मुद्दों के सहारे एनडीए को मात देना चाह रही है। राष्ट्रपति के नाम भेजे गये पत्र में विनोद पांडेय ने पत्र में लिखा है कि मंत्री, सांसद, सीनियर लीडर्स वाला 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलकर सरना कोड, एसटी-एससी और ओबीसी रिजर्वेशन के अलावा 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता की जरुरत से जुड़ा अपना पक्ष रखना चाहते हैं।

दरअसल, तीनों मसले झारखंड के सेंटिमेंट से जुड़े हुए हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने 11 नवंबर 2020 को विशेष सत्र बुलाकर सरना आदिवासी धर्म कोड का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कराया था। इस प्रस्ताव का मकसद था 2021 की जनगणना फॉर्म में सरना आदिवासी कोड के लिए अलग से कॉलम देना। इसके बावजूद यह मामला आज तक ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। इस प्रस्ताव के विधानसभा से पारित होने पर खूब जश्न मनाया गया था। तत्कालीन समय में भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और अमर बाउरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा था कि 1961 में इनके शासनकाल में जनगणना के कॉलम में अन्य का विकल्प हटाया गया था। इस पहल के ठीक दो साल बाद 15 सितंबर 2022 को तत्कालीन हेमंत कैबिनेट ने 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी, एसटी-एसटी के आरक्षण में वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी और 11 नवंबर 2022 को सदन से दोनों बिल पारित कराकर एक नई बहस छेड़ दी थी। बीजेपी की दलील थी कि राज्य सरकार खुद नियम बनाने के लिए सक्षम है। दोनों बिल को 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेजने का मतलब है सिर्फ राजनीतिक रोटी सेंकना। तब तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि वह नहीं चाहते कि दोनों बिल कोर्ट में उलझकर रह जाएं। इसलिए 9वीं अनुसूची में शामिल कराना जरुरी है।

ज्ञात हो कि तत्कालीन हेमंत सरकार ने आरक्षण बिल में एससी के लिए 10 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत, एसटी के लिए 26 से बढ़ाकर 28 प्रतिशत और ओबीसी की आरक्षण सीमा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया था। इसके हिसाब से झारखंड में 77 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान किया था। हालांकि अभी तक झारखंड में एससी को 10 प्रतिशत, एसटी को 26 प्रतिशत, ओबीसी को 14 प्रतिशत और इडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत यानी कुल 60 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है।

सदन से हेमंत सरकार द्वारा पारित बिल को तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने जनवरी 2023 में यह कहकर 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता से जुड़े बिल को लौटा दिया था कि इसकी गहन समीक्षा करने की जरुरत है। उन्होंने सुझाव दिया था कि यह संविधान के प्रावधानों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप होना चाहिए। लेकिन दिसंबर 2023 में तत्कालीन हेमंत सरकार ने बिना कोई संशोधन के स्थानीयता बिल को दोबारा सदन से पारित कराकर राज्यपाल को भेज दिया।

वहीं वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अप्रैल 2023 में यह कहते हुए आरक्षण की सीमा बढ़ाने से जुड़े बिल को अटार्नी जनरल से लिए गये सुझाव का हवाला देकर लौटा दिया कि इसकी संवैधानिक दृष्टिकोण से समीक्षा करने की जरुरत है। कई ओबीसी संगठनों ने कहा था कि राज्य में एसटी की आबादी 26 प्रतिशत है। फिर उन्हें 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत आरक्षण कैसे दिया जा सकता है। वहीं एक अनुमान का हवाला देते हुए कहा गया था कि ओबीसी की आबादी 54 प्रतिशत से ज्यादा है। इसलिए 27 प्रतिशत के बजाए उसी अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। इसके लिए सरकार को बिहार की तरह पहले जातीय आधारित सर्वेक्षण कराकर राज्यपाल को प्रस्ताव भेजना चाहिए था।

फिलहाल यह सवाल उठना लाजमी है कि राज्य सरकार के फाइलों का शोभा बढ़ा रही उपरोक्त तीनों प्रस्ताव पर लोकसभा चुनाव से पहले जनता का ध्यान आकृष्ट करने और एनडीए को राज्य के अदंर मात देने के लिए एक सोची समझी रणनीति के तहत झामुमो ने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है ताकि तीनों प्रस्ताव पारित नहीं होने की स्थिति में नये सीरे से केंद्र की बीजेपी सरकार को घेरा जा सके। देखना होगा कि राष्ट्रपति से मुलकात के बाद तीनों प्रस्ताव को लेकर साइड इफेक्ट क्या होता है।

### बलिदान दिवस पर याद किये गये तिलेश्वर साहू

## गरीबों, वंचितों व शोषितों की आवाज थे तिलेश्वर साहू : आशुतोष गोस्वामी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लोकप्रिय नेता तिलेश्वर साहू के बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान केंद्रीय कार्यालय सचिव आशुतोष गोस्वामी ने कहा कि तिलेश्वर साहू पार्टी जुझारू नेता थे। उन्होंने गरीबों, वंचितों और शोषितों की आवाज बुलंद की। रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने कहा कि तिलेश्वर जी की निर्मम हत्या ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया था। आज भले वो जीवित नहीं हैं लेकिन उनके विचार तथा लोगों की सेवा करने की उनकी सोच सदैव जीवित रहेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, गौतम सिंह, सतेंद्र सिंह, राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, बीएस महतो, विशाल कुमार यादव, राहुल कुमार, रोहित चौधरी, मनजीत कुमार, अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव, विशाल कुमार गुप्ता, गुंचा कमर, निष्ठा अंशु, रूफी प्रवीण, दीपक भोक्ता, अनुज कुमार, सुधांशु कुमार, सचिन सिंह, सौरभ कुमार राम, विकी शर्मा, प्रियांशु शर्मा, विकाश कुमार, अनीश कुमार, कुणाल कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहें।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चर्तुदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 236
14 ओडेला 2 में शिव शक्ति के रूप में नजर आयेंगी तमन्ना

## न्यूज डायरी

### वायनाड से लड़ेंगे राहुल गांधी, पहली सूची जारी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इनमें वायनाड से राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर और राजनांदगांव से भूपेश बघेल को टिकट दिया गया है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की 7 मार्च को हुई बैठक में कई बड़े नाम तय हो गये थे। पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य कैटेगरी से हैं। 24 पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज से हैं।

### मथुरा महतो गिरिडीह सीट से लड़ सकते हैं चुनाव

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से विधायक मथुरा महतो जेएमएम के उम्मीदवार होंगे। जल्द ही पार्टी की ओर से इसका औपचारिक एलान किया जायेगा। जेएमएम पार्टी सूत्रों का कहना है कि टुंडी विधायक मथुरा महतो को पार्टी की ओर से ये संदेश दे दिया गया है। पार्टी की ओर से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद मथुरा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हो गये हैं। चार मार्च को कल्पना सोरेन के राजनीतिक पारी शुरू करने के वक्त भी मथुरा मंच पर मौजूद थे।

### संदेशखाली में शाहजहां के घर सीबीआइ का रेड

**कोलकाता।** सीबीआई के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर आज शुक्रवार को छापे मारे।

### छह हजार घूस लेते अंचलकर्मी गिरफ्तार

**रांची।** लोहरदगा अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी रामा महतो को एसीबी की टीम ने 6000 रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। एसीबी की टीम गिरफ्तारी के बाद उसे रांची ले आयी, जहां पूछताछ की जा रही है। सरोज कुमार नामक व्यक्ति से राजस्व कर्मचारी द्वारा म्यूटेशन का कागजात निकालने के लिए 6000 रु की मांग की गयी थी। सरोज कुमार ने इसकी शिकायत एसीबी से की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 60,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




श्री शिव बारात में शामिल सीएम ने बाबा से की सुख-समृद्धि की कामना, कहा

# पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को रांची के पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव बारात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए। बाबा की पूजा-अर्चना कर उन्होंने पहाड़ी बाबा से झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को उनकी सरकार संरक्षित करेगी। इस धार्मिक धरोहर की देश में अलग पहचान दिलाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। महाशिवरात्रि पर उमड़ी भारी भीड़ को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था। रांची समेत देवघर वाबा मंदिर, बासुकीनाथ मंदिर समेत राज्य के तमाम शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ी और देर रात बाबा के शादी समारोह में भाग ले कर भक्तों ने बाबा भोलेनेथ और मां पार्वती का आशीर्वाद लिया। (शेष 11 पर)



**शिवबारात में उमड़े भक्त:** पहाड़ी मंदिर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से 21वें वर्ष में भव्य और विशाल शिव बारात निकाली। दोपहर करीब 3 बजे मुख्यमंत्री श्री सोरेन पहाड़ी मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की आरती उतारी। इसके बाद पहाड़ी मंदिर से शिव बारात निकली। बारात में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के भक्त झूमते-नाचते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण के बाद शिव-पार्वती का सनातनी विधि विधान से रात्रि में विवाह संपन्न हुआ।

### ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण जरूरी



इससे पूर्व वहां श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना कर हम सब महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। उनकी सरकार रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी। इस धार्मिक धरोहर को देश में अलग पहचान दिया जायेगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जायेंगे। सीएम ने पहाड़ी मंदिर परिक्षेत्र के विकास करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अति प्राचीन और भुरभुरी हो चुकी पहाड़ी को बचाये रखने के लिए विशेषज्ञों से सलाह लेकर सरकार आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कैसे पहाड़ी की चोटी पर विराजमान बाबा भोलेनाथ का दर्शन-पूजन करने के लिए 300 से अधिक सीढियां नहीं चढ़नी पड़े, इस दिशा में सरकार काम कर रही है।

# गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की घोषणा की। साथ ही कहा कि इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जायेगा , विशेषकर देश की नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा , आज महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जायेगा, विशेषकर हमारी नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी। उन्होंने कहा, रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा उद्देश्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए 'जीवनयापन में आसानी' सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इससे एक दिन पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी बढ़ाने की घोषणा की। पिछले साल अक्टूबर में सरकार ने प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति रिफिल कर दी थी।

### महिला दिवस पीएम का नारीशक्ति को तोहफा



# कहीं उड़ायी फ्लाइट तो कहीं ट्रेन की कमान संभाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारीशक्ति की प्रतिभा को सलाम और सम्मान दिया गया, ताकि उनके बढ़ते हौसले और मजबूत हो। शुक्रवार को वुमेंस डे के मौके पर कहीं महिलाओं ने आकाश में उड़ान भरी तो कहीं ट्रेन की रफ्तार की बागडोर समेत पूरे परिचालन का जिम्मा अपने हाथों में लिया। इस मौके पर महिला पायलट और उनकी वुमनिया टीम ने पटना से विमान उड़ाकर यात्रियों को गुवाहाटी तक पहुंचाया। वहीं रांची रेल मंडल की ओर से महिला स्पेशल ट्रेनी कमान संभालते हुए महिलाओं ने इसे रांची से लोहरदगा होते हुए टोरी तक गयीं। इस ट्रेन में तैनात टीटी, गार्ड, ड्राइवर और सुरक्षा के लिए आरपीएफ सभी महिलाएं थीं। वहीं समस्तीपुर रेल मंडल की सारी जिम्मेदारी आधी आबादी के कंधों पर रही। रांची से टोरी ले जा रहीं लोको पायलट दीपाली अमृत ने कहा कि आज महिलाएं समाज में 50 फीसदी हिस्सेदारी के साथ हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। आज अगर महिलाएं समाज में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं तो इसमें पुरुषों और समाज के अन्य वर्गों का भी बहुत बड़ा योगदान है। दीपाली अमृत ने ट्रेन चलाने से पहले अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बचपन में जब भी वह ट्रेन को 90 और 100 की स्पीड से गुजरती देखती थीं तो उनका मन ट्रेन चलाने का करता था। उस वक्त लोग उन्हें यह कहकर मना कर देते थे कि एक महिला ट्रेन चलाने का काम नहीं कर सकती। पर उन्होंने बचपन में ही तय कर लिया था कि एक दिन जब वह बड़ी होंगी तो बड़ी-बड़ी ट्रेनें चलायेंगी। लोगों को यह संदेश देंगी कि महिलाएं कोई भी काम कर सकती हैं। अपने बारे में उन्होंने कहा, अगर वह आज इस स्थान पर पहुंची हैं तो इसमें उनके पति, परिवार और रेलवे का अहम योगदान है। (शेष 11 पर)

### महिला दिवस पर नारी शक्ति का जलवा



**पटना से गुवाहाटी ऑल वूमन उड़ान:** स्पाइस जेट की विमान को महिला पायलट कैप्टन रचिता मट्टा और को पायलट कैप्टन गरिमा नेगी ने उड़ाया। महिला दिवस को लेकर विमान के केबिन क्रू में भी सभी महिला सदस्य मौजूद रहीं। पटना एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट के मैनेजर सैयद हसन के अनुसार हर साल महिला दिवस के अवसर पर स्पाइसजेट अपने महिला पायलट से ही विमान को संचालित कराता है। विमान में यात्रियों की संख्या 189 थी और यह विमान दिन में 2:30 बजे पर पटना एयरपोर्ट से उड़ा और सकुशल गुवाहाटी उतरा।

झारखंड से ओड़िशा जा रही बारातियों से भरी गाड़ी पलटी

# तीन की मौत, संख्या अधिक होने की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोईलकेरा।** झारखंड से ओड़िशा जा रही बारातियों से भरी एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गयी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतकों की संख्या आठ से भी अधिक है। दुर्घटना ओडिशा के लाठीकाटा इलाके में हुई है। दुर्घटना में घायल कई अन्य लोगों को राउरकेला के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों ने बताया कि वाहन चालक शराब पीने के बाद काफी तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहा था। रास्ते में एक जग रूकने पर चालक ने शराब पी ली। इसके बाद जल्दी पहुंचाने के लिए उसने तेजी से गाड़ी चलाना शुरू कर दिया। एक मोड़ पर गाड़ी मोड़ने के लिए दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वाहन पलट गया।

### लाठीकाटा जा रही थी बारात

बारात पश्चिमी सिंहभूम के गोईलकेरा स्थित वन पोसैता के गोरोई सरदार के बेटे गणेश सरदार की बारात गुरुवार की रात लाठीकाटा के लिए निकली थी। रास्ते में पिकअप के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी। वन पोसैता झारखंड में है, जबकि जिस जगह दुर्घटना हुई, वह लाठीकाटा इलाका ओडिशा में पड़ता है। पिकअप में करीब लोग 15 बाराती लोग सवार थे। कुछ छोटे चारपहिया वाहन भी थे। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। ज्यादातर लोगों के सिर में चोट लगी है।

# कल्पना सोरेन को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में शुक्रवार को राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कटैगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी राजनीति में कदम रख चुकी कल्पना सोरेन को भी अब वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गयी। राज्य पुलिस ने कुल 119 लोगों की सुरक्षा की समीक्षा की है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को जेड प्लस की सुरक्षा दी है। ओडिशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी जेड प्लस सुरक्षा मिलेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सुरक्षा भी वाई एस्कोर्ट सहित को बढ़ाकर जेड श्रेणी में दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश, मुख्य सचिव, डीजीपी को भी जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। गृह सचिव को वाई एस्कार्ट सहित सुरक्षा श्रेणी आवंटित की गई है। (शेष 11 पर)

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च की शाम चार बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक 12 मार्च को अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### राष्ट्रपति महिलाओं को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि महिला दिवस पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। यह नारी शक्ति का जश्न मनाने का अवसर है। किसी समाज का विकास उसकी महिलाओं द्वारा की गई प्रगति से मापा जाता है। भारत की बेटियां खेल से लेकर विज्ञान तक जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और देश को गौरवान्वित कर रही हैं।

अबकी बार 400 पार, ये 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है : मोदी

# मैथिली ठाकुर को अवार्ड दे कर बोले आपमें अदभुत क्षमता है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदीने शुक्रवार को यहाा भारत मंडपम में आयोजित एक सम्मान समारोह में देश के कई युवाओं को 'नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड' से किया सम्मानित। इनमें बिहार की चर्चित लोकगायिका मैथली ठाकुर, कहानीकार कीर्तिका गोविंदासामी और कथावाचक जया किशोरी समेत कई हस्तियां शामिल हैं। भारत मंडपम में मौजूद लोगों ने अबकी बार 400 पार का जमकर नारा लगाया। ऐसे में पीएम मोदी ने कहा कि यह मोदी की नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है। (शेष 11पर)



**देश की गारंटी अबकी 400 पार :** महाशिवरात्रि और महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने 'अबकी बार 400 पार' का जमकर नारा लगाया। ऐसे में पीएम मोदी ने कहा कि यह मोदी की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है। उन्होंने पहले कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी और राजग की सीटें 400 के पार जायेंगी। पीएम मोदी ने समारोह में कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं कि अगली शिवरात्रि पर, शायद किसी और तारीख पर, मैं ही ऐसे कार्यक्रम की अध्यक्षता करूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं।

### मेरी सुनकर सब थक जाते हैं, आप ही सुनाइये

बिहार की बेटी मैथिली ठाकुर 'नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड देते हुए पीएम मोदी ने कहा, परमात्मा ने आपको अद्भुत प्रतिभा दी। मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाजा गया। पीएम ने मंच पर मैथिली ठाकुर को सम्मानित किया और उनकी जमकर प्रशंसा की। अवार्ड देने के दौरान पीएम मोदी ने कहा मैथिली नमस्ते, आज कुछ सुनाई दो औरों को, क्योंकि लोग मेरा सुनसुन कर थक जाते हैं। तभी मैथिली कहती हैं- बिल्कुल सर। फिर मोदी कहते हैं... अच्छा! थक जाते हैं ना। ये सुनकर वहां मौजूद लोग ठहाका मारकर हंसने लग जाते हैं। अवॉर्ड लेने के बाद मैथिली ने शिव भजन भी सुनाया। 'डिमिक डिमिक डमरू कर बाजे..। इस दौरान मैथिली ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली।




स्पीड न्यूज

## सिंदरी डाकघर में सेविंग पासबुक के लिए किया आग्रह



**सिंदरी।** पूर्व की घटनाओं का जिक्र करते हुए एफसीआई वीएसएस इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने सिंदरी डाकघर में सेविंग पासबुक की उपलब्धता के लिए जिला प्रधान डाकपाल से आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि वर्षों से सेविंग पासबुक की कमी के कारण लोगों को असुविधा हो रही है। गोविंदपुर डाकघर की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के पैसे की सुरक्षा की मांग की है। सिंदरी के वरिष्ठ नागरिक एमआईएस के सहारे जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में उनके पास सेविंग पासबुक नहीं होने पर उन्हें क्षति होने का डर भी अध्यक्ष ने जताया है।

## बोनट में रखे शराब की बोतल ब्लास्ट होने से कार में लगी आग

**निरसा।** जीटी रोड पर निरसा चौक के समीप शुक्रवार को शिवरात्रि के दिन उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक मारुति अर्टिगा कार अचानक धू धू कर जलने लगी। कार में बिहार नंबर एफ01-9704 अंकित था. अचानक इस दृश्य को देख निरसा चौक पर लोगों जे बीच अफरा तफरी मच गई। सूचना निरसा पुलिस को दी गयी। निरसा थाना के एएसआई सुबोध कुमार सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और गाड़ी को साइड कर यातायात को सुचारू कराया। जानकारी के अनुसार बिहार नम्बर की अर्टिगा कार के आगे बार्नेट में छुपाकर महंगी शराब की बोतल बिहार ले जाई जा रही थी। इंजन गर्म होने के कारण शराब की बोतल ब्लास्ट कर गई और गाड़ी धू धू कर जलने लगी। स्थानीय लोगो के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। पुलिस गाड़ी को जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।
फोटो-डीएचएन फोटो-7

## 99 फूडवाला और दो बाइक सवारों के बीच धक्का मुक्की

**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र के आवास संख्या जे 1 के समीप चौक पर शुक्रवार की शाम 99 फूड वाला और दो बाइक सवारों के बीच धक्का मुक्की हुई, जिसमें दोनों बाइक सवारों राकेश महतो और खेलू महतो को सिंदरी पुलिस अपने साथ ले गई।

### वर्चस्व को लेकर रण क्षेत्र में तब्दील हुआ कोल डंप परिसर

# बम और गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया तेतुलमुडी कोल डंप

**मजिस्ट्रेट के वाहन को कर दिया क्षतिग्रस्त जिंदा बम बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर बीसीसीएल के कोल डंप पर एटक का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन शुक्रवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। देखते ही देखते धरनास्थल रणक्षेत्र में बदल गया, जहां चारों तरफ अफरातफरी मची रही। बम के धमाके और गोलियों की गूंज के बीच लोग इधर उधर भागते नजर आए। धरना एक दिन पहले गुरुवार को जोगता नागरिक समिति के बैनर तले शुरू हुआ था। हालांकि विरोध में कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता कोल डंप पर डटे हुए थे।



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़।

परंतु शुक्रवार को बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या 5 तेतुलमुडी कोलडंप पर दोनों पक्ष टकराव पर उतर आए और पूरा परिसर अचानक रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। गुरुवार को माहौल तनावपूर्ण रहने के बावजूद धरना शांतिपूर्ण चला। हालांकि लोडिंग कार्य और ट्रकों का कांटा बंद था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शुक्रवार को सैकड़ो की संख्या में झामुमो नेता हरेंद्र चौहान के समर्थक और कांग्रेस के लोग झंडा लेकर बंदी का विरोध करने धरना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद माहौल बिगड़ता चला गया। देखते ही देखते तेतुल मुड़ी कोल डंप रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। धरना पर बैठे विधायक ढुल्लू महतो



घटनास्थल से बरामद बम।

समर्थक एटक के कार्यकर्ता बम और गोली चलाने लगे। इसके बाद धरनास्थल पर भगदड की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एटक के धरना स्थल पर बने पंडाल में तोड़फोड़ की और उसे ध्वस्त कर दिया।

**एक दर्जन चले बम**

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घटनास्थल पर लगभग एक दर्जन बम चले और दर्जनों राउंड फायरिंग की गई। मौके पर पुलिस ने कई जिंदा बम बरामद किये हैं। गोली का खोखा भी बरामद किया गया है। इन सारी घटनाओं के बीच पुलिस मूक दर्शक बनी रही। लोगों ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए। घटना में मजिस्ट्रेट के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जबकि पत्रकारों के वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। घटनास्थल पर पुटकी अंचलाधिकारी सह मजिस्ट्रेट विकास आनंद ने पत्रकारों को बताया कि एटक का अनिश्चितकालीन धरना चल रहा था। तभी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के लोग धरना के विरोध में आ गए और दोनों के बीच झड़प हो गई। विधि व्यवस्था में खलल उत्पन्न हो गई। लोगों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस झडप के बाद धरना पर बैठे एटक के कार्यकर्ता वहां से चले गए। बाद में कोल डंप पर काम भी सुचारू रूप से शुरू हो गया। बीसीसीएल की कोलियरियों एवं कोल डंप पर वर्चस्व कायम करने के लिए बमबारी और गोलीबारी की घटना इसके पहले भी कई बार हो चुकी है।

## सिंदरी में निकली भव्य शिव बारात, मंदिरों में भी उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिंदरी के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु महादेव को जल चढ़ाकर मनोवांछित वर मांगते रहे। शुक्रवार की देर शाम थानेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात निकली, जिसमें सिंदरीवासी शामिल हुए। सभी बाराती झूमते हुए चल रहे थे।

युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि एफसीआई बंदी के पूर्व इस प्रकार की अपार भीड़ देखने को मिलती थी। भूत प्रेतों का रूप धारण कर युवा शिव बारात में शामिल हुए। शिव बारात रोहड़ाबांध थानेश्वर महादेव मंदिर सिंदरी से निकलकर गाजे बाजे के साथ सिंदरी बाजार का भ्रमण करते हुए एसीसी गेट स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर सिंदरी पहुंची, जहां शिव व माता पार्वती के विवाह को दर्शाया गया। संकटमोचन हनुमान मंदिर सिंदरी में वधू पक्षों ने वर पक्ष का भरपूर स्वागत किया। सिंदरी शहरपुरा शिव मंदिर के समीप बारातियों के लिए कांग्रेस नेता प्रशांत दुबे ने फल और जल की विशेष व्यवस्था की। शिव बारात में सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत, सिंदरी थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, एस आई अभिनव कुमार, एएसआई विनय कुमार दुबे, शम्भू शरण सहित सिंदरी के गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## समानता का भाव महिलाओं के उत्थान में मील का पत्थर: सीईओ

**महिला अधिकारियों की उपलब्धि पर चर्चा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। अधिकारियों ने महिला अधिकारियों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने महिला अधिकारियों एवं कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि आज एमपीएल के सभी विभागों में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है तथा महिलाएं बढ़-चढ़ कर हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। कुछ विभागों का तो नेतृत्व भी कर रही हैं। एमपीएल को ऊंचाईयों पर ले जाने में महिला अधिकारियों एवं कर्मियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। महिलाओं की कड़ी मेहनत, जुनून एवं अंतहीन ड्राइव हमें हर दिन प्रेरित करती है। महिला स्वस्थ समाज की नींव है। सीईओ श्री रंजन ने कहा कि समानता का भाव महिलाओं के उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इसे कायम रखने की जरुरत है।

**कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा**

मौके पर सीएमओ सुधाकर टंडन, सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल, सीएफओ काजल कुमार सिंह, एचआर हेड सुप्रतीक मुखर्जी, आपरेशन हेड पीबी राउत, उमाकांत राव, अजय कुमार आदि ने महिला दिवस पर अपना उदगगार प्रकट करते हुए महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यू मधुबन कोलवाशरी में 50 फीट नीचे गिरा हेल्पर, मौत, परिजनों का हंगामा

**वार्ता के बाद बड़े पुत्र को मिला नियोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के अंतर्गत न्यू मधुबन कोलवाशरी की रॉकोल हॉपर में कार्य के दौरान गिरने से 50 वर्षीय हेल्फरअर्जुन राम की मौत घटना स्थल पर हो गयी। घटना सुबह लगभग साढ़े दस बजे की बताई जा रही है। सूचना पाकर वाशरी पीओ राजेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और सीआइएसएफ जवानों की मदद से शव को हॉपर से बाहर निकाला। मृत कर्मी मधुबन थाना क्षेत्र के पिपराटांड बस्ती का रहने वाला था। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने घटना को फेटल ऐक्सिडेंट बताते हुए मृतक के आश्रित पुत्र को तुरंत नियोजन व मुआवजा देने की मांग को लेकर वाशरी का कार्य बाधित कर शव के साथ धरना दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार को प्रथम पाली में कार्य के दौरान अर्जुन राम मधुबन कोल वाशरी के रॉकोल हॉपर के सीढ़ी से नीचे उतर रहा था। अचानक उनका पांव फिसला और वह 50 फीट नीचे मोटर के ऊपर गिर गया। सीआइएसएफ जवानों की मदद से अर्जुन को हॉपर से बाहर निकाला। परंतु तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**शव उठाने पर परिजन करने लगे हंगामा**

शव उठाने पर मृतक के परिजन मैनेजमेंट की घोर लापरवाही बताते हुए हंगामा करने लगे। परिजनों का कहना है कि सुरक्षा में लापरवाही से दुर्घटना घटी है। बीसीसीएल प्रबंधन और एचईसी कंपनी सुरक्षा के नियमों को ताक पर रखकर अपना कार्य कर रही है। कर्मी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। वार्ता के बाद शव को उठने देंगे। घंटों हंगामा के बाद प्रबंधन और मोर्चा नेताओं के साथ वार्ता हुई। वार्ता में मृतक की पत्नी प्रमिला देवी के आग्रह पर मृतक के बड़े पुत्र अमित कुमार राम को प्रोविजनल नियोजन के तौर पर नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही फेटल एक्सिडेंट के तहत वैधानिक राशि भुगतान करने की सहमति बनी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। अर्जुन ने एक माह पूर्व दुगदा से स्थानांतरित होकर वाशरी में योगदान दिया था। उसे दो पुत्र तथा एक पुत्री है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर पीओ राजेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक संजय भारती, पीके झा, नोडल इंचार्ज राजीव रंजन तथा पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो, मोर्चा के गोपाल मिश्रा, जगदीश साव, जेके झा, अजय सिंह, गोपाल गोप, तपन पांडेय, इंदल कुमार, संतोष गोराई, नकुल महतो, गोपाल महतो, बलदेव वर्मा, कन्हाई महतो, बंटी हरी, अजीत साव, शंकर महतो, पिंकू पांडे आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## धनबाद में महाशिवरात्रि की धूम, जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी भीड़



**धनबाद।** महाशिवरात्रि पर शहर के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, धतूरा और जल अर्पण कर भक्तों ने भगवान शिव की आराधना की। शाम को 100 से अधिक शिवालयों में रुद्राभिषेक किया गया। वहीं शहर के बिशनपुर, दिनेश्वर महादेव मंदिर पुलिस लाइन, त्रिमूर्ति मंदिर बिनोद नगर, बरमेश्वर मंदिर चीरागोड़ा, अंजनी मंदिर हीरापुर, तपोवन कालोनी विश्वनाथ मंदिर, धीरेंद्रपुरम शिव मंदिर, पुराना बाजार रत्नेश्वर मंदिर, सरायढेला रघुनाथ नगर शिव मंदिर, मनईटांड भोक्ता मंदिर, कतरास मटकुरिया रोड श्री श्री 1008 बाबा भूतनाथ महादेव मंदिर सहित कुल 42 स्थानों से भगवान शिव की बारात निकाली। बारात में लोग भूत-प्रेत का वेश बनाये झूमते-गाते चल रहे थे, जबकि देवी-देवताओं की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। रास्ते के दोनों ओर भक्त लोग बारात को निहार रहे थे।

## टुडी के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पूर्वी टुंडी।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को पूर्वी टुंडी के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। मैरानावाटांड पंचायत में श्री श्री बाबा उदित नारायण आश्रम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुंवारी कन्या एवं महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। बराकर नदी के काश जोड़ घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए सभी मंदिर परिसर पहुंचे। कलश यात्रा में हर हर महादेव के जय घोष गूंजता रहा। मोहलीडीह पंचायत स्थित नीलकंठ बाबा मंदिर, रघुनाथपुर स्थित भोलेनाथ मंदिर, लटानी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर, सोनापानी स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर में हलकट्टा शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ रही।

# महिलाएं सिर्फ जननी ही नहीं, श्रम शक्ति भी हैं

**रेलवे में 75 प्रतिशत कार्यों में महिलाओं ने दिया योगदान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नारी को जगद्जननी कहा जाता है, लेकिन आज वह देश की बड़ी श्रम शक्ति भी है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी का यह विहंगम रूप धनबाद रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। शुक्रवार 8 मार्च को रेलवे की करीब 75 प्रतिशत कमान महिलाओं के हाथों में सौंपी गई, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया. स्टेशन की साफ सफाई, आरपीएफ, ट्रेन संचालन के लिए आरआरआई ऑपरेटिंग कंट्रोल, यार्ड, गार्ड रोस्टर के साथ टीसी के कार्य में महिलाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा। स्टेशन पर यात्रियों के बीच महिलाओं का कार्य चर्चा का विषय बना रहा। स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि हर साल की भांति आज महिला दिवस पर रेलवे के अधिकतर कार्य महिलाओं को सौंपे गए। एक एमयू ट्रेन में लोको पायलट के रूप में महिला ने ड्यूटी निभाई, जबकि धनबाद-सिंदरी ट्रेन में गार्ड का काम भी किया। सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर रही हैं। कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है। टीसी साधना कुमारी ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं। हमलोग हर जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार हैं, हमें खुशी है कि रेलवे ने हमलोगों पर भरोसा जताया है। एक अन्य कर्मी आनंदी कुमारी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं को कम आंकना गलता है। घर हो या बाहर सभी जगह महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। आज हमलोगों के लिए गर्व की बात यह भी है कि धनबाद जिले की कमान एक महिला ही संभाल रही है।



धनबाद स्टेशन पर ड्यूटी निभाती महिला रेलकर्मी।

## आज की महिला हर मामले में आत्मनिर्भर

**महिला दिवस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समारोह में सांसद प्रतिनिधि रवींद्र साहनी ने कहा कि आज की महिलाएं हर मामले में आत्म निर्भर हो चुकी हैं. समारोह भारतीय संस्कृति मंच ने आयोजित किया था। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही महिलाओं को सम्मानित किया गया. डीनोबिली स्कूल, मैथन की प्रिंसिपल शुक्ला चौधरी, डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल की उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संघमित्रा नंदी एवं डीवीसी लेफ्ट बैंक हाई स्कूल यूनिट-1 की प्रिंसिपल उषा पांडेय को शॉल ओढ़ाकर व मिठाई के पैकेट देकर सम्मानित किया गया। सांसद प्रतिनिधि रवीन्द्र साहनी ने कहा कि आज की महिला किसी पर निर्भर नहीं हैं। हमें महिलाओं का सम्मान जेंडर के कारण नहीं, बल्कि स्वयं की पहचान के लिए करना होगा। हमें यह स्वीकार करना होगा कि घर और समाज की बेहतरी के लिए पुरुष और महिला दोनों समान रूप से योगदान करते हैं। कहा कि यह जीवन को लाने वाली महिला है। हर महिला विशेष होती है, चाहे वह घर पर हो या ऑफिस में। समारोह में मंच के संयोजक डॉ आर द्विवेदी, आरपी सिंह, डॉ उमेश कुमार, डॉ विनय कुमार, डॉ एसके सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, अशोक पाठक, डॉ सुमोली गोस्वामी, डॉ सबितेश मल्लिक, डॉ स्वाति देव, डॉ केरकेट्टा आदि मौजूद थीं।



डॉ संघमित्रा नंदी को सम्मानित करते मंच के पदाधिकारी।

# धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा व कांग्रेस खेमे से मूलवासी गौण

- हर दल में बिहार यूपी के लोगों की पूछ
- उम्मीदवारी को लेकर पहुंचे दिल्ली दरबार

मिथिलेश कुमार

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद में अपनी अपनी उम्मीदवारी को लेकर भाजपा और कांग्रेस खेमे के नेता जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं। हालांकि सभी की नजर 9 मार्च शनिवार को दिल्ली में होने वाली पार्टी की कोर कमेटी की बैठक पर टिकी है। दोनों दलों के कई छुपे रुस्तम आला कमान की शरण में हैं। अफसोस इस बात का है कि जिस शोषित पीड़ित के नाम पर झारखंड बना, उस राज्य के इस जिले का एक भी मूलवासी दिल्ली दौड़ में नहीं है, जबकि दोनों पार्टियों से कई मूलवासी नेता जुड़े हुए हैं। परंतु जिले में पूर्वांचल (उत्तरप्रदेश) और बिहार के लोगों का शुरू से राजनीति में दबदबा होने के कारण उन्हें आज तक उम्मीदवारी का मौका नहीं मिला है।

**कांग्रेस की स्थिति भी भाजपा जैसी**

लोकसभा टिकट पाने की दौड़ में शामिल कांग्रेसी नेताओं की कहानी भी अलग नहीं है। सांसद उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल पूर्व सांसद ददई दुबे मूल रूप से धनबाद के नहीं हैं। पूर्व विधायक मन्नान मल्लिक, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, विजय सिंह, शमशेर आलम, अजय कुमार दुबे, सुरेश चंद्र, युवा कांग्रेस से अभिजीत राज, कुमार गौरव, अनूप सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा भी मूलरूप से बिहार के अलग अलग जिलों से हैं। बावजूद अब तक कांग्रेस में मेन स्ट्रीम की राजनीति करते आ रहे हैं। पार्टी में उनकी दावेदारी मजबूत है। सिर्फ बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो मूल रूप से धनबाद के हैं, लेकिन पार्टी में उनकी स्थिति कुछ खास मजबूत नहीं है।

**वर्तमान सांसद भी मूलतः बिहार से हैं**

धनबाद जिले में पिछले तीस साल से सांसद के पिच पर खड़े पीएन सिंह मूलतः बिहार से हैं। वह अब इस बार भी सांसद की दौड़ में शामिल हैं। लेकिन अधिक उम्र के कारण उनकी उम्मीदवारी होल्ड पर है। उनके अलावा सांसद की दौड़ में शामिल धनबाद विधायक मूलतः बिहार के बक्सर जिले से हैं। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल बिहार के कटिहार जिले से हैं। रागिनी सिंह भी उत्तरप्रदेश के बलिया जिले की हैं। इसके अलावा परिणीता एस कुमारी, भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह भी मूल रूप से दूसरे राज्य के निवासी हैं. मेन स्ट्रीम की राजनीति में अभी तक इन्हीं लोगों का दबदबा है। हालांकि मूल निवासी के रूप में एक मात्र बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो हैं, जो अपनी पत्नी को टिकट दिलाने में जुटे हैं. लेकिन पूरे जिले में उनकी पकड़ ढीली है।

## सड़क दुर्घटना में हर्ल सिंदरी के सुरक्षा सुपरवाइजर का पैर टूटा

**सिंदरी।** सड़क दुर्घटना में हर्ल खाद कारखाना सिंदरी के सुरक्षा सुपरवाइजर आलोक मिश्रा का पैर टूट गया है। घटना शुक्रवार को सुबह 5 बजे सिंदरी गोशाला मुख्य मार्ग पर झामुमो कार्यालय के समीप घटी। उनका इलाज धनबाद के असर्फी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुपरवाइजर आलोक मिश्रा रात की ड्यूटी समाप्त कर दूसरे कर्मी के दोपहिया वाहन संख्या जे एच 10 सी पी 8410 से ओल्ड सीआईएसएफ कैंप स्थित अपने आवास जा रहे थे। वह किसी कारणवश झामुमो कार्यालय के पास उक्त वाहन से उतरने लगे। तभी तेज रफ्तार से रोहड़ाबांध सिंदरी की तरफ से आ रहे दोपहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस संख्या जे एच 10 बी डब्ल्यू 9376 की चपेट में आ गए। स्प्लेंडर प्लस वाहन चालक चंद्रदेव अपने कार्यस्थल इलेक्ट्रोस्टील वेदांता में ड्यूटी पर जा रहा था। सूचना मिलने पर डीजीआर वन की टीम उन्हें सिंदरी के निजी अस्पताल ले गई, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने उनके दाहिने पैर की दो हड्डी टूटने की बात बताई है। हालांकि घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को नहीं दी गई है। हर्ल सिंदरी प्रबंधन ने बताया कि घटना हर्ल प्लांट के बाहर हुई है।

## स्पीड न्यूज

### गांधीपुर स्थित शिवघाट मंच का करायेंगे निर्माण : आलोक चौरसिया



मेदिनीनगर। डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर, सलतुआ, सुआ, बसरिया, गांधीपुर समेत कई कार्यक्रमों में भाग लेकर मेला व भक्ति जागरण कार्यक्रम का उदघाटन किया। विधायक ने शिवालयों में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती से किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व अपने आप में एक अनूठा महापर्व है। जिसका इंतजार सनातन धर्मावलंबियों को काफी समय से रहता है। पर्व आते के साथ ही पूरा क्षेत्र शिवमय हो जाता है। हर हर महादेव की गूंज प्रत्येक घरों में सुनाई देने लगती है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ जगत के प्राणियों की रक्षा के लिए विषपान किया था। जिस कारण उन्हें नीलकंठ नाम दिया गया। आज हमसभी को भगवान शंकर के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। विधायक चौरसिया ने गांधीपुर स्थित शिव घाट मेला का उदघाटन कर घोषणा किया कि लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद इस मंदिर प्रांगण में एक मंच का निर्माण कराया जायेगा। मेला समिति के महामंत्री विकास दूबे ने कहा कि इस शिव घाट पर 50 वर्षों से अधिक समय से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है लेकिन कुछ वर्षों से यहां लोगों की भीड़ नहीं हो पाती थी। इसकी भव्यता देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। अगले वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेला को और व्यापक रूप दिया जायेगा। कार्यक्रम में उप प्रमुख सुनील सिंह, मेला समिति के अध्यक्ष दिवाकर दूबे, उपाध्यक्ष श्यामलाल चौरसिया, सूरज पांडेय, जितेंद्र चौरसिया, राहुल, संदीप चौरसिया समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। भक्ति जागरण में सिवान के कलाकार धनंजय शर्मा, बलिया के दीपिका ओझा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।

### सिद्धी थानेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक पूजा संपन्न



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। सनातन धर्म सभा केन्द्रीय समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन बेला पर लेस्लीगंज थाना परिसर स्थित सिद्धि श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आचार्य सतीश मिश्रा एवं भोलू बाबा द्वारा वेदाचार्यों ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रों के साथ पूजा संपन्न कराया। आचार्य सतीश मिश्रा ने बताया कि इस पूजा से हम अपने भीतर असीम शांति एवं पूर्णता महसूस करते है एवं हमारे भीतर के और आस पास के दूषित एवं नकारात्मक विचारों-परिस्थितियों एवं दोषों को दूर करता है एवं हमें राशि दोषों से मुक्ति मिलती है। कहा गया कि जहां रूद्रम का उच्चारण होता है वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने ने बताया गया कि जीवन में व्यक्ति विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करता है जिसमें गृहस्थ, व्यवसायिक एवं सामाजिक दायित्व होते हैं। सनातन धर्म सभा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह इस पुजा के यजमान श्री रामप्रकाश तिवारी ने बताया कि धनेश्वर धाम में मंदिर बनने के बाद से आसपास के लोगों में काफी आस्था और श्रद्धा बढ़ा है और वर्षों से यहां पर रुद्राभिषेक होता आ रहा है। ऐसे आयोजन में थाना परिवार की भागीदारी हमेशा बढ़ चढ़ कर रहती है। इस थाना के पूर्व थाना प्रभारी गौतम राय उनकी सहयोगीयों की अथक प्रयास से इस मंदिर का जिर्णोद्धार कराया गया है। इस मंदिर में प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य प्रखंडों से भी श्रद्धालु अपने मन्नत मांगने इस मंदिर में पहुंचते हैं। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में थाना के अभय त्रिपाठी एवं उनकी धर्मपत्नी मिरा त्रिपाठी, राम प्रकाश तिवारी उनके धर्मपत्नी शीला देवी, योगेन्द्र गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देवी आदि लोग शामिल थे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, आरक्षी गोविंद यादव एवं थाना परिवार सहित सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, बलकेश पासवान, अवध किशोर राय, मुनेंद्र नाथ दुबे, पुरुषोत्तम त्रिपाठी, सुदर्शन सोनी, पांडू सोनी, प्रदीप आदि शामिल थे।

### व्यक्ति की पहचान उसके गुणों से होती है : पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव



मेदिनीनगर। व्यक्ति की पहचान उसके गुणों से होती हैं। हमसभी को सच्चिदानंद त्रिपाठी के गुणों से सीख लेने की जरूरत है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे शुक्रवार को पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के 37वीं पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपना बिचार ब्यक्त कर रहे थे। बिदित हो कि स्वर्गीय सचिदानंद त्रिपाठी का पुण्यतिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन 8 मार्च को अधिवक्ता संघ भवन में किया गया था। स्व सचिदानंद त्रिपाठी के नाती संयोजक अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर दुबे अधिवक्ता ने किया। मौके पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा, जीपी अखिलेश्वर प्रसाद ने कहा कि सचिदानंद त्रिपाठी काफी टैलेंटेड ब्यक्ति थे। वाक कटुता के धनी थे। मौके पर अधिवक्ता हीरा सिंह, राजेश्वर पाण्डेय ने कहा कि वे 1962 से 1967 तक संयुक्त बिहार में डालटनगंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किये। इस मौके ट्रस्ट के अध्यक्ष ध्रुव शंकर दुबे, अभिमन्यु कुमार, प्रेमनाथ पांडेय, आयशा खान, संजय सिंह यादव, संदीप निशित बारा, परमानंद उपाध्याय, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, सतीश कुमार मुंडा,चन्दन गोस्वामी, एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता बलराम तिवारी, रामदेव यादव, रवि भूषण दुबे, बैकुंठ दुबे, हुसैन वारिश, मंधारी दुबे, विनोद तिवारी, लक्ष्मण सिंह,अनुज त्रिपाठी, राजदीप मिश्र, जय किशोर पाठक,राणा मनोज सिंह, अमित तिवारी राहुल सत्यार्थी, लल्लू प्रसाद सिंह, संतोष तिवारी,मो जावेद,बरुन कुमार सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ता सम्मानित किये गये।

### झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से की मुलाकात



मेदिनीनगर। झामुमो युवा मोर्चा पलामू के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात कर मेधा डेयरी का अनुबंध नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से रद्द करने की मांग की है। इस पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आश्वासन देते हुए कहा कि झारखंड सरकार इस पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए फैसला लेगी। झारखंड सरकार ने मेधा डेयरी का तेजी से विकास किया है जिससे लाखों ग्रामीण और झारखंडवासी लाभान्वित हो रहे हैं। सन्नी शुक्ला ने बताया कि एकीकृत बिहार में सुधा नामक डेयरी प्लांट हुआ करता था परंतु राज्य के बंटवारे के बाद हमारी सरकार ने झारखंड का अपना डेयरी प्लांट मेधा बनाया। प्रारंभिक अवस्था में प्लांट को चलाने की पूर्ण जानकारी के अभाव में राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा संचालित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ 2014 में अनुबंध किया था यह सीखने के लिए की डेयरी कैसे चलाया जाए। अब झारखंड की सरकार खुद सक्षम है। एन डी डी बी के साथ किए गए करार की सीमा अब खत्म हो गई है। एन डी डी बी के द्वारा एक बार पुनः एम ओ यू कराने प्रयास किया जा रहा है। अब हमारी सरकार और मेधा डेयरी के सभी कर्मचारी अपने दम पर डेयरी चलाने में सक्षम हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि एन डी डी बी के द्वारा जो पुनः 5 वर्षों के लिए एम ओ यू करवाने का प्रयास किया जा रहा है, उसे निरस्त किया जाए।

# राज्य में पलामू लोकसभा इतिहास रचेगा : आनंद शंकर

तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा व चेंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों ने सांसद का किया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा सांसद बीडी राम पर पुर्ण विश्वास दिखाते हुए तीसरी बार भी पलामू लोकसभा प्रत्याशी बनाया है जिससे शहर के हर वर्ग में काफी उत्साह है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं चेंबर सदस्यों ने सांसद बीडी राम का आनंद ऑटोबाइक के नजदीक तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने के बाद प्रथम बार मेदिनीनगर आने पर पूरे गर्म जोशी के साथ माला, बुके और शाल देकर स्वागत किया। मौके पर आनंद शंकर ने कहा कि यह पलामू लोकसभा की जनता के लिए सौभाग्य की बात है एक पढ़ा लिखा डीजीपी रैंक से रिटायर्ड हुए अनुभवी विकास पुरुष हमारे लोकसभा का नेतृत्व कर रहा है। जो हम लोगों के लिए गौरव की बात है। सांसद के 10 वर्ष के कार्यकाल में काफी चीजे बदली है और हमें विश्वास है आगामी 5 वर्षों में प्रधानमंत्री की गारंटी शत प्रतिशत सांसद धरातल पर उतरकर एक नई इतिहास बनाएंगे। शंकर ने सांसद राम के साथ-साथ पलामू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी का भी माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एक बड़ी जवाब देही अध्यक्ष के साथ-साथ हम सभी कार्यकर्ताओं पर भी है की झारखंड का सर्वाधिक ऐतिहासिक मतों से जीताकर हम अपने सांसद को यहां से प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए भेजें। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजदेव उपाध्याय, सुमित अग्रवाल, लड्डू सिंह जी, रितेश कुमार, आलोक माथुर, संजय अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह होरा, अविनाश वर्मा, पुनीत सिंह, सुनील गुप्ता, सुधांशु शेखर, राजहंस अग्रवाल, निवेदन अग्रवाल , अमिताभ मिश्रा, अरविंद वसीम बद्री अग्रवाल विनय ओझा, विक्रांत सिंघानिया एवं कई प्रतिष्ठित व्यवसायी उपस्थित थे।

# लोकसभा का प्रत्याशी बनाये जाने और पलामू आगमन पर भाजपाईयों ने किया सांसद बीडी राम का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर सासंद विष्णु दयाल राम का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सतबरवा से लेकर मेदिनीनगर शहर तक कई स्थानों पर स्वागत किया गया। दो बार के सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा ने लगातार तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। आज चार पहिया वाहन से जिले की सीमा में प्रवेश करते ही समर्थकों ने सतबरवा में स्वागत किया। उसके बाद पोलपोल पहुंचते ही समर्थको ने उनका जोरदार स्वागत किया। चियांकी हवाई अड्डे टाटा मोटर्स के शो रूम के पास सैकड़ों समर्थको ने उनका स्वागत किया। उन्होंने जैसे ही शहर में प्रवेश किया और ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास पहुंचे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने स्वागत किया। समर्थको ने बाइक रैली निकाली एवं सांसद को लेकर रेड़मा चौक छः मुहान चौक अस्पताल चौक साहित्य समाज चौक बीस फूटा पुल होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों, जिला पदाधिकारियों ने बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर सांसद राम का अभिनंदन किया। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि सांसद पलामू विष्णु दयाल राम को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं एवं लोगों के बीच खुशी एवं उल्लास का माहौल है। पूरी पार्टी अपने प्रत्याशी के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। मौके पर सांसद बीडी राम ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश और जन-जन के विकास की नीति पर आगे चलते हुए पलामू लोकसभा के विकास और क्षेत्र के जनता के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से कार्यकर्ताओं ने आज मेरे लोकसभा क्षेत्र में पहुंचने पर ऐतिहासिक स्वागत किया है उसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री श्याम बाबू ने किया। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, विभाकर नारायण पांडे, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, उदय शुक्ला, रूपा सिंह, रामलव चौरसिया, प्रमोद सिंह, विजय ओझा, प्रमोद चौबे, धर्मेंद्र, चंदन जायसवाल, राम सारिख, चंद्रा उपाध्याय, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, सुनील पासवान, अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, विजय ओझा, जितेंद्र तिवारी, अजय सिंह, लूडू खान, रंजीत पासवान, अमरेश तिवारी, मनीष कुमार, सुशील ठाकुर, प्रेम सागर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, विजय ठाकुर, अभिमन्यु तिवारी, अजीत प्रसाद, अरुण सिंह, रामनाथ मेहता, अविनाश सिंन्हा छोटू, किशन मखड़िया, शशि भूषण पांडे, अभिषेक तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, सत्येंद्र, रामनरेश, जवाहर चंद्रवंशी, संदीप प्रसाद, ललित मेहता, अनुज, उज्जवल पांडे, रामजतन सिंह, संजय मेहता, अरुण सिंह, सहेंद्र दुबे, चंद्रशेखर प्रसाद, नंदकिशोर मेहता, जमुना सिंह ,अमित सिंह, पंकज तिवारी, लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, रेणु देवी, मंजू देवी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पांकी विधायक मेहता ने क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में भाग लिया

# राष्ट्र के लिए हिंदू शान बान हैं : डॉ शशिभूषण





**खबर मन्त्र संवाददाता**

महाशिवरात्रि मेला का उदघाटन व कलश यात्रा का शुरुआत किया

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई पंचायत व प्रखंडों में आयोजित महाशिवरात्रि मेला का उदघाटन किया। साथ ही कलश यात्रा में भाग लिये। प्रखंड के जोतांग ग्राम में मेला का उदघाटन कर लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव की कृपा पांकी विधानसभा क्षेत्र के तमाम जनता के उपर बनी रहे। इसके साथ ही साथ दूषित मानसिकता वाले लोगों को भगवान शंकर सदबुद्धि दे। साथ ही वैसे लोग हिंदू धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अपने को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि जोतांग गांव के मंदिर तक सड़क नहीं है यह देख मुझे काफी खेद हो रहा है। डॉ मेहता ने घोषणा करते हुए कहा कि सरकारी राशि से सड़क बने या नहीं बनें लेकिन जल्द ही इस सड़क का निर्माण निजी खर्च से करायेंगे। उन्होंने लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि हिंदू धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आप आगे आयें। डॉ मेहता तन मन व धन के साथ समर्पित रहेगा। हिंदू राष्ट्र के लिए आन बान व शान हैं। उसकी रक्षा के लिए मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इधर पांकी प्रखंड के ग्राम कोनवाई शिव मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मेहता ने कलश यात्रा का उद्घाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लाल सुरज सिंह, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता व आप के नेता ओंमकारनाथ जायसवाल ने भी संबोधित किया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# शिव की आराधना से भक्तों की मनोकामना होती है पूर्ण : डॉ मेहता





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि भगवान शंकर ने जगत कल्याण के लिए विषपान किया। भगवान शंकर देवों के देव महादेव हैं इनकी आराधना से हम सबों की मनोकामना पूर्ण होती है। डॉ. मेहता शुक्रवार को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर सतबरवा तथा नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के सिवाना पर स्थित बोहिता चमरूआ पहाड़ (शिव पहाड़) स्थित हर वर्ष की भांति लगने वाला मेला सह दुगोला कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर शुक्रवार को बोल रहे थे। वही विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि आज भारत समेत पूरी दुनिया में सनातन धर्म के लोग भगवान शंकर की आराधना श्रद्धा व भक्ति के साथ कर रहे हैं ताकि उन्हें इच्छा अनुसार मनोकामना पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि हमें अपने धर्म और कर्म के प्रति सजग रहने की जरूरत है। वहीं भाजपा नेता लाल सूरज ने कहा कि भगवान शंकर सृष्टि के रचनाकार हैं। इस दौरान बिहार के भोजपुरी व्यास मनीष हलचल तथा संदीप लाल सागर के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वही डॉ मेहता ने लोहरा पोखरी गांव में स्थित शिव मंदिर परिसर तथा पिंडरा गांव में आयोजित मेला सह दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर किया। विधायक डॉ मेहता ने सभी मेला समिति के लोगों को सहयोग राशि प्रदान की। इस मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव, जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया कलावती देवी, लाल सूरज, प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादव, आशीष कुमार सिन्हा, बचन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, महेश यादव, अजय उरांव, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव सिंह, संरक्षक अवधेश सिंह चेरो, श्रवण सिंह, चतुर्गुण राम, श्याम बिहारी प्रसाद, लाल बिहारी प्रसाद, जपन सिंह, दीपक चंद्रवंशी, संजय यादव, वकील सिंह समेत महिला व पुरुष उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज तैयारी पूरी, 25 हजार से अधिक की मामले निस्तारण का लक्ष्य : अर्पित

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 मार्च शनिवार को 10:30 बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए 13 पीठो का गठन किया गया है। इसमें सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार 25 हजार से अधिक मामले का निष्पादन करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि राषटीय लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित बाद,सुल्हनीय प्रवृति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दीवानी मामले, बिधुत अधिनियम के बाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के बाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित बाद, श्रम बाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले, छोटे आपराधिक बाद, बैंक ऋण के मामले, बी एस एन एल, बिजली से सम्बंधित, भूमि अधिग्रहण के मामले, एम ए सी टी, पारिवारिक विवाद, सर्विस से सम्बंधित आदि मामले निस्तारण किया जाएगा।

### नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव : सीमा झा

मुखिया की सराहनीय पहल, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को दिया सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया ममता देवी ने एक सराहनीय पहल की है। महिलाओं को समर्पित 8 मार्च को पंचायत सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर दुनिया की आधी आबादी नारी शक्ति को मुखिया ममता देवी ने उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया ममता देवी ने की,जबकि संचालन पारा शिक्षक सुजीत कुमार ओझा ने किया।मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित बाल विकास परियोजना, हैदरनगर की महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा ने कहा कि आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल सहित हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस दिन को उत्सव के रूप में मनाना महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका वाजिब हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई हैं। नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है।सरकार द्वारा कई लाभकारी योजना चलाई जा रही हैं। देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस खास दिवस को मनाकर महिलाओं के लिए एक ऐसे समाज के निर्माण को बढ़ावा देना भी है जहां महिलाएं खुद को समाज से जुड़ा हुआ महसूस कर सकें, सशक्त महसूस कर सकें और उन्हें बराबरी का हक मिले। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी, सरोजनी नायडू से लेकर निर्मला सीतारमण, मायावती एवं ममता बनर्जी ने संघर्ष के बल पर देश में काफी नाम कमाया है।आज महिलाओं के लिए यह गर्व का विषय है कि वर्तमान में देश की प्रथम नागरिक व राष्ट्रपति महिला हैं।

### सतबरवा स्थित अजगर देव धाम में महाशिवरात्रि के मौके पर दोगोला कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शुक्रवार को सतबरवा स्थित अजगर देव धाम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला सह दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा तथा सतबरवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि देवों के देव महादेव सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।जो भी भक्त सच्चे मन से महादेव का गुणगान करते हैं उन लोगों का कल्याण करते हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि आज पुरे देश में महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज भगवान शिव का विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। भगवान शिव सभी भक्तों का कल्याण करते हैं। वहीं समाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद ने कहा कि भगवान शिव अन्तयार्मी हैं। भगवान अपने भक्तों की मांगों बिना मांगे पुरा करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज भुइयां कर रहे थे। इस अवसर पर भोजपुरी गायक रामराज की टीम ने एक से बढ़कर गीत संगीत प्रस्तुत किया। वही मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, कामेश्वर सिंह, मुस्ताक अहमद, अजय उरांव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भक्ति के साथ महादेव का बारात निकला, स्वागत में जुटे नगरवासी



**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार की रात शहर में धूमधाम से गाजे बाजे ढोल ताशा के साथ देवों के देव महादेव की भव्य आकर्षक बारात निकाली गई। इसमें नाचते-गाते भूत-प्रेतों की टोली व श्रद्धालुओं का जत्था के साथ वर स्वरूप भगवान शिव की प्रतिमा बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बिहार के पीपरा बगाही से भगवान शिव का बारात चलकर हरिहरगंज शहर के निकट महाराजगंज ठाकुरबाड़ी पहुंची। जहां शिव भक्त श्रद्धालुओं ने बारातियों को फूल-माला के साथ स्वागत किया। वहीं रात्रि में पूरे विधि विधान के साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इससे पहले हरिहरगंज शहर में कई सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाकर शिव बारातियों के स्वागत में खीर, मिष्ठान्न, चना, शर्बत आदि का वितरण किया। वहीं मेन रोड में पोस्ट आफिस के समीप भाजपा मंडल इकाई द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान शिव बारात की सुरक्षा में तत्पर रहे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**O.A. No. 179 of 2022**

BETWEEN
**BANK OF INDIA, BARKAGAON BR., HAZARIBAGH ....APPLICANT BANK**
VS.
**RAJENDRA KUMAR GUPTA & ANOTHERS ..............DEFENDANTS**

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | RAJENDRA KUMAR GUPTA S/O DASHRATH SAW | AT - HAZARIBAG ROAD, NEAR S.B.I., P.O. & P.S. - BARKAGAON DIST. - HAZARIBAGH 825311, JHARKHAND |
| 2. | ANJU DEVI W/O RAJENDRA KUMAR GUPTA | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 38,25,819.00/- (Rupees Thirty Eight Lakhs Twenty Five Thousand Eight Hundred Nineteen Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 30th day of April, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **1st day of March, 2024.**

**D.K. MAHATO**
**REGISTRAR**

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**O.A. No. 180 of 2021**

BETWEEN
**BANK OF INDIA, KANKE ROAD BR., RANCHI ....APPLICANT BANK**
VS.
**BIRENDRA PRASAD SHARMA & ANOTHERS ..............DEFENDANTS**

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | BIRENDRA PRASAD SHARMA S/O JAGAT NARAYAN SHARMA | OFFICE/SHOP AT-SHOP NO.7, BESIDE DIVYANI MOTORS, DIBDIH IN BETWEEN D.P.S. SCHOOL & DIARA FORD SHOWROOM, P.O. & P.S. - DORANDA, DIST.-RANCHI 834002 ALSO AT R/O QTR. NO. B-122, SECTOR-1, HEC COLONY, P.O. & P.S.-DHURWA DIST.-RANCHI 834004 |
| 2. | JAGAT NARAYAN SHARMA S/O LATE RAM SUNDAR SHARMA | R/O QTR. NO. B-122, SECTOR-1, HEC COLONY, P.O. & P.S.-DHURWA DIST.-RANCHI 834004 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 21,02,831.00/- (Rupees Twenty One Lakhs Two Thousand Eight Hundred Thirty One Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 15th day of April, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **4th day of March, 2024.**

**D.K. MAHATO**
**REGISTRAR**

# कम होता पोषाहार

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा किये गए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकडों से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में खाद्यान्न की हिस्सेदारी 2022-23 में घटकर 46 फीसदी के करीब हो गई है जो वर्ष दो हजार में साठ फीसदी के करीब थी। यूं तो शहरी इलाकों में भी खाद्यान्न पर होने वाले खर्च में गिरावट आई मगर वह ग्रामीण भारत की तुलना में कम है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खाद्यान्न उपभोग में अनाज और दालें कम हो गई हैं। दूसरी ओर दूध पर होने वाला खर्च में इतनी वृद्धि हुई हुई है कि अनुमान लगाया जा रहा है कि यह जल्दी ही अनाज व दालों के संयुक्त खर्च से अधिक हो जाएगा। कमोबेश यही स्थिति फलों, सब्जियों व विटामिन व खनिज से भरपूर खाद्य पदार्थों पर लागू होती है, जिनके प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। यही वजह है कि दालों के मुकाबले फलों पर ज्यादा खर्च हो रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि बाजार में पशुधन, मत्स्य पालन व बागवानी के उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जो कि एमएसपी के लाभों से वंचित हैं। निस्संदेह, इसमें बाजार के मुनाफे की भूमिका को भी देखा जा रहा है। यहां रुझान वनस्पति प्रोटीन की तुलना में पशु प्रोटीन की ओर भी देखा जा रहा है। इसके साथ ही घरेलू उपभोग व्यय बताता है कि नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों व पके तथा डिब्बाबंद भोजन पर खर्च बढ़ा है। दरअसल, आय बढ़ने पर विकसित देशों में भी लोगों का खाद्यान्न पर व्यय कम हो जाता है। वे भोजन में गुणवत्ता वाली चीजों को शामिल करने को प्राथमिकता देते हैं। वे अनाज, चीनी व दालों के मुकाबले दूध, मछली, अंडा ,मांस, फल, सब्जियों, पेय पदार्थों व प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को अधिक गुणवत्तापूर्ण मानने लगते हैं। यहां यह भी

# बड़ा बदलाव

पीवी नरसिम्हा राव वर्सेस भारत गणराज्य मामले में शीर्ष अदालत की बैंच ने माना था कि संसद व विधानमंडल में रिश्वत लेकर वोट देने व भाषण देने के मामले में जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। दूसरे शब्दों में कहें तो सदन में किए गए किसी कार्य के लिये वे कठघरे में खड़े नहीं करे जा सकते। निश्चित रूप से इससे लोकतंत्रत की शुचिता व पारदर्शिता के लिए विसंगति उत्पन्न हुई थी। सोमवार को दिए फैसले के बाबत मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि हम नरसिम्हा राव फैसले से सहमत नहीं है। साथ ही उस फैसले को निरस्त करते हैं जिसमें घूस लेने के मामले में जनप्रतिनिधि बचाव के लिये अपने विशेषाधिकार को कवच बनाएं। पहले का फैसला संविधान के कुछ अनुच्छेदों का अवहेलना भी करता है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का यह फैसला दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में साफ-सुथरी राजनीति की दिशा भी तय करेगा। उन पर साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में रिश्वत लेकर एक निर्दलीय प्रत्याशी को वोट देने के आरोप लगे थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के 1998 के फैसले की दुहाई देकर राहत पाने की कोशिश की गई थी। दरअसल, विगत में भी एक बेंच ने इस फैसले को कम अंतर से सामने आने की वजह से इस मामले को बड़ी बेंच को देने की बात कही गई थी। यही वजह कि सोमवार को मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय बैंच ने इस महत्वपूर्ण मामले में फैसला दिया। निश्चित रूप से उन्हें चुनने वाले मतदाताओं से छल करके जनप्रतिनिधि निरंकुश व्यवहार नहीं कर सकते। यह लोकतंत्र की शुचिता की भी अपरिहार्य शर्त है। देश में जिस प्रकार राजनीति में नैतिकता का पतन हो गया है उसके आलोक में यह निर्णय भविष्य के बड़ें बदलाव के रुप में देखा जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव: यादें सुकुमार सेन और टी.एन. शेषन की

देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और खासमखास उत्सव भी है। इस उत्सव में इस बार 86 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 47 करोड़ महिला वोटर होंगी। इस उत्सव में देश के 28 राज्य और नौ केंद्र शासित शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे। यह सब आंकड़े गवाह हैं कि भारत से बड़ा और व्यापक संसदीय चुनाव विश्व भर में कहीं और नहीं होता। बहरहाल, भारत में अब तक लोकसभा के 17 चुनाव हो चुके हैं।

पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं। लेकिन, संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से सिर्फ एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। वहीं 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था। वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे। किसी संसदीय क्षेत्र में एक से अधिक सदस्य चुनने की यह व्यवस्था 1957 तक जारी रही। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के सामने कांग्रेस के नेतृत्व वाला आई.एन.डी.आई.ए. के नाम से कई राजनीतिक दलों का एक समूह होगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल,ओडिशा में बीजद और पंजाब में अकाली दल अकेले ही चुनाव लड़ेंगे।

बहरहाल, हर बार की तरह से चुनाव कराने की जिम्मेदारी रिटर्निंग अधिकारियों की होगी। हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त होता है। आमतौर पर, जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) अपने जिले के एक या एक से अधिक संसदीय क्षेत्रों के लिये रिटर्निंग ऑफिसर होता है। लेकिन, बहुत से ऐसे संसदीय क्षेत्र ऐसे भी होते हैं जो दो या तीन छोटे जिले में बंटे होते हैं, जिनमें रिटर्निंग ऑफिसर पड़ोसी जिले से भी नियुक्त हो सकता है। फिर, चुनाव पर पर्यवेक्षकों की नजर भी रहती है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के लाखों कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस





-आरके सिन्हा

सरकार के अनुमान में दूसरी समस्या यह है कि असंगठित क्षेत्र, जिसमें किराना दुकान, दर्जी, टैक्सी, छोटे स्कूल, डाक्टर, ढाबे इत्यादि आते हैं, इनके आंकड़े एकत्रित करना पहली तिमाही में असम्भव था। इसलिए सरकार ने इनके द्वारा उत्पादन में आयी गिरावट का अनुमान कैसे लगाया है, इसका ब्योरा उपलब्ध नहीं है। इसलिए सरकार द्वारा जो 23.9 प्रतिशत की गिरावट बताई गयी है, उस पर विश्वास नहीं होता है।

मिलकर चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करवाते हैं।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पाते हैं कि संविधान सभा ने नवंबर 1949 में देश चुनाव आयोग की स्थापना को अधिसूचित किया था, और अगले वर्ष मार्च में, भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) के अफसर श्री सुकुमार सेन को भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव रहे थे। सुकुमार सेन की ही देखरेख में देश का पहला लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। वे 21 मार्च 1950 से 19 दिसंबर 1958 तक भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त रहे।

उन्होंने ही स्वतंत्र भारत के पहले दो आम चुनाव, 1951-52 और 1957 को सम्पन्न करवाया था। उन्होंने 1953 में सूडान में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में भी कार्य किया था। उनकी शिक्षा प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता और लंदन विश्वविद्यालय में हुई थी। बाद में उन्हें गणित में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। 1921 में सेन भारतीय सिविल सेवा में शामिल हुए और एक आईसीएस अधिकारी और न्यायाधीश के रूप में विभिन्न जिलों में कार्य किया। 1947 में उन्हें पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।

पहले आम चुनाव में 21 या उससे अधिक उम्र के करीब 18 करोड़ मतदाता थे पूरे देश में। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत पढ़ या लिख नहीं सकते थे। प्रत्येक मतदाता की पहचान, नाम और पंजीकरण किया जाना था। मतदाताओं का यह पंजीकरण महज पहला कदम था। फिर, मतदान केंद्रों को उचित दूरी पर बनाया जाना था और ईमानदार और कुशल मतदान अधिकारियों की भर्ती की जानी थी। यह सब काम सुकुमार सेन के नेतृत्व में चुनाव आयोग कर रहा था। इस बीच, 24 फरवरी और 14 मार्च 1957 के बीच हुए दूसरे चुनाव के दौरान भी सुकुमार सेन मुख्य चुनाव आयुक्त बने रहे।

लोकसभा के दूसरे चुनाव में बिहार के बेगूसराय जिले में बूथ कैप्चरिंग की पहली घटना भी देखी गई। यह भूमिहार बहुल बेल्ट थी और इस क्षेत्र में कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ भी माना जाता था। हालांकि 1989 में ही 'बूथ कैप्चरिंग' शब्द को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया था और इसके लिए दंड भी निर्धारित किए गए थे। 1970 और 1980 के दशक तक बूथ कैप्चरिंग उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में काफी प्रचलित हो गई थी, हालांकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 'बूथ प्रबंधन' नामक एक चीज का अभ्यास किया था, जिसमें इनके कैडर के कार्यकर्ता एक लाइन में खड़े होकर मतदान करते थे। कुशल चुनाव आयुक्तों में टी.एन.शेषन ने सबसे अग्रणी भूमिका निभाई। आज भी बुद्धिजीवी समाज वाले तो यही कहते हैं कि अगर टी. एन. शेषन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त न बनते, तो देश में चुनाव के नाम पर धोखाधड़ी और धांधली का आलम जारी ही रहता। उन्होंने 1990 के दशक में चुनाव आयोग के प्रमुख पद पर रहते हुए चुनाव सुधारों को सख्ती से लागू करने का अभियान शुरू किया। देश को उनके द्वारा किए महान कार्यों की जानकारी तो होनी ही चाहिए।

शेषन ने उन गुंडा तत्वों पर ऐसी चाबुक चलाई , जिसने धन और बल के सहारे सियासत करने वालों को जमीन पर उतारकर पैदल कर दिया गया था। शेषन ने अपने साथियों में यह विश्वास जगाया कि उन्हें चुनाव की सारी प्रक्रिया को ईमानदारी से अंजाम देना चाहिए। उनसे पहले के कुछ चुनाव आयुक्तों पर आरोप लगते रहते थे कि वे पूरी तरह से सरकार के इशारों पर ही चुनाव करवाते हैं।

वे कभी इस बात पर जोर भी नहीं देते थे कि चुनाव तटस्थ तरीके से हो। वे सत्तासीन पार्टी के एजेंट मात्र बन कर रह जाते थे। वे कभी चुनाव सुधारों की ओर गंभीर तक नहीं रहे।

## खास बात

# खिलौना का बच्चों पर प्रभाव

रंधीर कुमार कौशिक

**खिलौना** शब्द स्मरण में आते ही, अनेक प्रकार के खिलौने स्मृति में स्वरूप ग्रहण करने लगते हैं। खिलौनों को बच्चों के खेलने की वस्तु भले ही माना जाता हो, लेकिन ये आकर्षित सभी आयु वर्ग के लोगों को करते हैं। बच्चों के शैशव से किशोर होने तक खिलौने उनकी परवरिश के साथ, उनमें रचनात्मक विकास में भी सहायक हैं। खिलौनों का भारत के परिप्रेक्ष्य में कमजोर पहलू यह है कि हम खिलौनों का बड़ी मात्रा में आयात चीन से करते हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं तो इतनी अनूठी हैं कि ये बाल मनोविज्ञान का पूरा शास्त्र हैं। भारत में खिलौना निर्माण लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन था और कागज, धातु व लकड़ी से स्थानीय व घरेलू संसाधनों से बनाए जाते थे। जब रबर और प्लास्टिक का आविष्कार हो गया तो इनके खिलौने भी बनने लगे। ऑटो-इंजीनियरिंग अस्तित्व में आई तो चाबी और बैटरी से चलने वाले खिलौने बनने लग गए। नौवें दशक में जब कंप्यूटर व डिजीटल क्रांति हुई तो खिलौनों का रूप परिवर्तन हो गया। खिलौनों का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने के बाद भारत ने चीनी खिलौना कंपनियों के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन सरकार वाकई चीनी उद्योग और उद्योगपतियों को पछाड़ना चाहती है तो नीतियों को उदार बनाने के साथ प्रशासन की जो बाधाएं पैदा करने की मानसिकता है, उस पर भी अंकुश लगाना होगा। **बुद्धा पब्लिक स्कूल रांची**

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

नेशनल क्रियेटर्स अवार्ड देकर मुझे प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। देश के मेरिट को इसी प्रकार से सम्मानित किये जाने से उनका मनोबल बढ़ता है और देश के युवाओं में कुछ नया करने की इच्छा बलबती होती है।
– नरेन्द्र मोदी पीएम

## रोचक ट्वीट

आप सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनायें।
हर हर महादेव !
– चंपई सोरेन, सीएम





ताश के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं,
तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।
–सोनू सूद, हीरो

## कॉर्टून वर्ल्ड




# मतदान देश के युवाओं की सुरक्षित भविष्य की गांरटी है

**लोकसभा** के चुनाव अगले माह होने की घोषणा 15 मार्च तक होने की संभावना है। लोक सभा का चुनाव देश की भविष्य और दुनिया में देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान तय करता है। इस चुनाव को लेकर हमारे देश में विशेषकर बुद्धिजीवी वर्ग विशेष जागरूक और सजग रहता है। आखित मतदान कितना आवश्यक है और युवाओं के लिये यह किस प्रकार उनके सुरक्षित भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इस पर खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने सेवन स्टॉर एकेडमी रांची के डायरेक्टर बिदेश्वरी बेक से बात चीत की।

श्री बेक ने कहा कि आज लोकसभा का चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। वोट की ताकत देश और समाज को बदलने की ताकत रखता है। आज जिस प्रकार तीस वर्ष के संक्रमण और मिली जुली सरकार के कारण जो देश को नुकसान हुआ उसके बाद वर्तमान सरकार ने जिस प्रकार का ठोस प्रयास कर देश को एक नयी गति और आत्मविश्वास दिया है यह हमारे वोट का ही प्रभाव है या कहें कि वोट की ताकत है जिसने लगातार दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बना कर देश ही नहीं दुनिया में भी भारत का नाम रौशन किया।

आज देश जिस गति से आगे बढ़ रहा है उससे यह साफ है कि आने वाले समय में देश विश्व गुरु बनेगा। यह उम्मीद और संभावना इस कारण आई है कि हम सभी ने अपने वोट का सही उपयोग किया है। धीरे-धीरे देश का हर तबका वोट की ताकत को समझने लगा है और अपनी

## चुनाव की चर्चा



वोट का इस्तमाल सोच समझकर करता है। आज जो विकास हो रहा है वह वोट की ताकत है और देश दुनिया में सबसे तेज विकास दर प्राप्त कर चुका है तो यह भी हमारे लोकतंत्र में मत के उपयोग के कारण ही हो सका है।

लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये देश में मजबूत विपक्ष का होना भी आवश्यक है और मैं देख रहा हूं कि इस दिशा में थोड़ी कमी है। विपक्ष का दायित्व है कि सरकार के किसी भी गलत कदम को रोकने के लिये लोकतांत्रिक प्रयास करे।

जो युवा पहली बार अपने वोट का उपयोग करेंगे उनसे मैं अपील करूंगा कि वे अपना मत वैसे दल को दें जो देश को तेज विकास, दुनिया में सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में ठोस कार्रवाई करें। भ्रष्टाचार और परिवारवाद से दूर रहें क्योंकि इससे देश को बड़ा नुकसान होता है। देश का भविष्य युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। जहां तक ईवीएम के उपयोग का सवाल है देश तेजी से डिजीटलीकरण की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में इस उन्नत व्यवस्था को छोड़कर दूसरे व्यवस्था को मानना सही निर्णय नहीं होगा। ईवीएम पर विश्वास करना चाहिए और चुनाव की प्रकिया में पूरे तौर से शामिल होना चाहिए। विगत दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने जो जनप्रतिनिधियों को लेकर निर्णय सुनाया है वह सुचिता और राजनीति में स्वच्छता को लेकर मील का पत्थर साबित होगा। स्वच्छ राजनीति से देश विश्व में श्रेष्ठ स्थान पा सकेगा। देश को महुआ मोइत्रा जैसी नेताओं की आवश्यकता नहीं है जो पूरे राजनीति को शर्मसार करने वाला काम करती है।

हमारा सांसद ऐसा हो जो समाज में सबके सुख-दुख में शामिल हो, उनकी समस्या संसद में उठाये और जिसका आचरण और क्रिया कलाप श्रेष्ठ हो। वह हमारे अभिभावक की तरह हों।

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।
– नीलेश, गढ़वा

### देश के पूंजीपति

**साल** की शुरूआत में देश की सभी पब्लिक सेक्टर कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 19.3 लाख करोड़ रूपए था, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट कैपिटलाइजेशन 9.6 लाख करोड़ रूपए था। विगत दिनों उन्होंने अपने बेटे की शादी में जमकर धन लुटाया। क्या देश के धनियों को शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च नहीं करना चाहिए जिससे देश का भला हो। – रमाशंकर रांची

# युद्ध में व्यापार मानवता की तबाही की कीमत पर कमाई

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

अमेरिका और यूरोपीय संघ की रणनीति यह रही है कि विश्व में युद्ध चलते रहने चाहिए। संभवतः यही कारण है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। वहीं हमास और इजराइल के बीच युद्ध छिड़े हुए लगभग पांच महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन इनका कोई अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इजराइल युद्ध मानवता के लिए बरबादी का सबब हैं, जबकि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों के लिए ये कमाई का साधन बन गए हैं। संपूर्ण विश्व में युद्ध चलता रहे, अमेरिका व पश्चिमी देशों के लिए यह फायदे की बात है। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध शांत नहीं हुआ। हमास के लड़ाकों ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमला किया था। उसके बाद इजराइल ने हमास के ठिकाने वाली गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले कर एक हिस्से को तो बकायदा कब्रिस्तान में तब्दील कर दिया।

अहम सवाल यह है कि क्या कारण है, जिसके चलते ये देश युद्ध खत्म नहीं करना चाहते? वे इन युद्धों को लंबा क्यों खींचना चाहते हैं? क्या उन्हें इन युद्धों में मारे जाने वाले लोगों और इससे होने वाली क्षति की कोई चिंता नहीं है? इसके पीछे उनकी क्या मंशा है? सर्वविदित है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई और बड़े पैमाने पर विनाश हुआ, फिर भी युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है। यह भी उल्लेखनीय

## सामयिक

है कि इस युद्ध से रूस की सेना की जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बनी हुई थी, वह भी प्रभावित हुई है। दो वर्ष के लंबे संघर्ष के बावजूद रूस अब तक यूक्रेन के केवल 17 फीसदी हिस्से पर ही कब्जा कर सका है।

इसी तरीके से देखा जाए तो हमास और इजराइल के बीच चलने वाला युद्ध भी अंतहीन लग रहा है, क्योंकि एक ओर जहां अमेरिका और नाटो देश इजराइल के साथ खड़े हैं। वहीं दूसरी ओर हमास के समर्थन में कई अरब देश हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच हथियारों का प्रयोग एवं प्रदर्शन जमकर हो रहा है। वास्तव में हमले के एक वर्ष बाद अमेरिका और रूस ने अपने सैन्य हथियारों का परीक्षण एवं प्रदर्शन करने के लिए युद्ध क्षेत्रों का उपयोग किया। ऐसा लगता है, मानो दोनों पक्ष अपने हथियारों की बिक्री और प्रदर्शन करना चाहते हैं। ध्यातव्य है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जनरल आइजनहावर ने स्वीकार किया था कि अमेरिका एक सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानह्व है। यूक्रेन युद्ध और गाजा पट्टी पर इजराइल का हमला इस बात के ताजा उदाहरण हैं। वर्ष 2023 में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एवं ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा था, 'यदि आप रूस के आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन की रक्षा में हमारे द्वारा किए गए निवेश को देखें, तो हमने जो सुरक्षा सहायता प्रदान की है, उसका 90 फीसदी वास्तव में अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्सन पर खर्च किया गया है। इसी का नतीजा है कि अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हुए और अर्थव्यवस्था का ज्यादा विकास हुआ। हथियार हस्तांतरण और रक्षा व्यापार अमेरिकी विदेश नीति के महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं।

अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने 80 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सामग्री की बिक्री के लिए सीधे सौदा किया। यह सौदा वर्ष 2022 से 56 प्रतिशत अधिक है। यूक्रेन के विदेशमंत्री दिमित्रो इवानोविच कुलेबा ने हाल ही में एक बयान में कहा कि प्रतिदिन युद्ध की लागत 13.6 करोड़ डॉलर है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पिछरी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी बस्ती में बीते गुरुवार देर रात लगभग 35 वर्षीय युवक अशोक साव अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घर वालो को शुक्रवार सुबह पता चला जब उसकी पुत्री ने कमरे में पंखे से झुलता देख शोर मचाया। हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग इक्कठा हुए और आनन फानन में फंदे से लटकी शव को नीचे उतारा।

## हरे कृष्ण हरे रामा के जयकारे से पूरा माहौल हुआ भक्तिमय

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली गेट स्थित स्वयं प्रकट झारखंड शिव मंदिर करगली में महाशिवरात्री पूजा के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि किर्तन का अनुष्ठान किया गया। यहाँ हरे रामा- हरे रामा, हरे कृष्णा- हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। रविवार को अखंड हरिकीर्तन का समापन पश्चात भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## करीखुर्द और लोधी पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड के करिखुर्द और लोधी पंचायत में जन सहयोग केन्द्र के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। दोनों पंचायत के हजारों महिलाओ के साथ सड़क मे पदयात्राकर समाज को अंतरराष्ट्रीय महिलादिवस के महत्व को बताया और बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति देखने योग्य थी। महिलाओं ने जोर शोर से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## गरीब परिवार को गैस कनेक्शन दिलाया

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 के सिंह नगर निवासी विमल श्रीवास्तव को समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने उज्जवला एलपीजी गैस योजना के तहत गैस कनेक्शन दिलाया। समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने कहा कि लाभुक विमल श्रीवास्तव गैस कनेंक्शन के लिए चक्कर काटते रहा, मगर किसी कारणवश उन्हे नही मिल पाया था। इसकी जानकारी हुई तो कागजी प्रक्रिया पूरा करवाकर योजना का लाभ दिलाया गया। कहा कि केन्द्र सरकार की उज्जवला एलपीजी गैस योजना के अंतर्गत गरीब परिवारो को मुक्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। योजना से महिलाओं को मिट्टी के चूल्हे से आजादी दिलाई जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## समाजसेविका एवं उनके टीम को किया गया सम्मानित

**बेरमो /फुसरो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर असहाय जनकल्याण पार्टी के पदाधिकारियों ने समाजसेवीका एवं उनके टीम को सम्मानित किया। असहाय जनकल्याण पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार ठाकुर व सचिव खिरोद कुमार सिंह ने समाजसेविका रीता सिंह एवं उनके टीम को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर व सचिव श्री सिंह ने कहा कि महिलाओ के उत्थान से ही देश का उत्थान संभव है। कहा कि महिलाएं किसी रूप में कमजोर नहीं है।

## डीवीसी ताप विद्युत केन्द्र में भी मनाया गया महिला दिवस

**बेरमो /बोकारो।** थर्मल ताप विद्युत केंद्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2024 दिनांक 8 मार्च 2024, डीवीसी, बोकारो ताप विद्युत केंद्र के तकनीकी भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया` इसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान श्री आनंद मोहन प्रसाद, महाप्रबंधक (एफजीडी) एस एन प्रसाद, उप महाप्रबंधक (प्रशासनिक) बी जी होलकर, उप महाप्रबंधक (स्वास्थ्य) डॉ. संगीता रानी, आमंत्रित वक्ता डॉ. नीला पूर्णिमा तिरकी, के.वी. कॉलेज, बेरमो, प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती अंजू बोपाई, प्रबंधक (सी एंड आई) निशा कुमारी, सहा. प्रबंधक (वित) श्रीमती पुष्पा सेन, डॉ. आर. एन. इक्का, इत्यादि ने संयुक्त रूप से किया।

# महाशिवरात्रि पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## झारखंड के अलावा कई राज्यों के श्रद्धालुओं का लगा था जमावड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को बाबानगरी देवघर का दृश्य देखते ही बन रहा था। तड़के 3:05 बजे बाबा बैद्यनाथ के मंदिर का पट खुला। सबसे पहले कांचा जल पूजा हुई। इसके बाद 4:35 बजे से हजारों की संख्या में आम भक्तों ने पूजा-अर्चना शुरू की। दर्शन के लिए मंदिर से पांच किलोमीटर तक लाइन लगी रही। श्रद्धालु के कतारबद्ध तरीके से होकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर बाबा को जल अर्पण किया। राज्य के अलावा कई राज्यों के श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा परिसर भक्ति में गोते लगा रहा था। पूरा मंदिर बोल बम, ओम नमः शिवाय, जय शिव के नारों से गूंज रहा था। भोलेनाथ के दर्शन को लेकर बीते गुरुवार की शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। शिवरात्रि को लेकर बैद्यनाथ मंदिर में कई परंपराओं का भी आज निर्वाह किया जाता है, जिसमें सिंदूरदान की परंपरा गठबंधन की परंपरा बाबा बैद्यनाथ मंदिर में चार पहर की पूजा की परंपरा के अलावा रात्रि में भव्य बारात निकली जाती है।

**वीआईपी पूजा पर लगाई गई रोक :** सुचारू जलार्पण के लिए देवघर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मंदिर परिसर और रूट लाइन में भारी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। देवघर के उपायुक्त विशाल सागर खुद मंदिर में रहकर व्यवस्था संभाल रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि सावन की सोमवारी की तरह ही महाशिवरात्रि भी एक महत्वपूर्ण दिन है और इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा पर जलाभिषेक करने आते हैं, इसलिए जिला प्रशासन सभी श्रद्धालुओं को सुलभ



जलार्पण कराने में जुटा हुआ है। इस भीड़ को देखते हुए आज किसी भी तरह की वीआईपी पूजा पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त इस भीड़ से बचना चाहता है वह शीघ्र दर्शनम का कूपन कटाकर कुछ अलग व्यवस्था प्राप्त कर सकता है। महाशिवरात्रि के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, क्यू कॉम्प्लेक्स, नेहरू पार्क, शिवराम झा चौक के अलावा मंदिर के आसपास के क्षेत्रों का अवलोकन कर विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा की जानकारी ली। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनके साथ बोलबम के नारे भी लगाए। श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते हुए उपायुक्त ने उन्हें बताया कि जिला प्रशासन की ओर से उनके लिए कई तरह की सुविधाएं मुहैया करायी गई है। साथ ही किसी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो, इसका ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि श्रद्धालु आसानी से बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण कर सकें, ऐसी व्यवस्था करें। आपका व्यवहार ऐसा हो कि श्रद्धालु अच्छी अनुभूति लेकर जाएं।

**500 रुपये में शीघ्रदर्शनम कूपन :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्रदर्शनम कूपन की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं को इसके लिए 500 रुपये का भुगतान करना था। उपायुक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला खेल पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद थे।

# महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मना





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाया गया। महा शिवरात्रि के शुभ अवसरपर प्रखंड के ललपनिया,कोदवाटांड़, धवैया तुलबुल, महुआटांड़, बारीडारी, टिकाहारा, कंडेर, तुलबुल, पचमो,होसिर पश्चिमी एवं पूर्वी तथा साड़म पंचायत क्षेत्रके विभिन्न शिवालयों में भक्तों द्वारा भगवान शिव-पार्वती की पूजा अर्चना की गई।शिव मन्दिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली।भक्तगण शिव की भक्ति में चूर दिखे। वहीं ललपनिया के छरछरियाधाम मंदिर एवं देवीपुर में महाशिव रात्रि की अलग ही धूम देखने को मिली। भक्तों ने भगवान शिव, पार्वती की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात अपने परिवार की खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। क्षेत्र के हर तरफ बस एक ही जयकारा, वो है हरहर महादेव से गूंजता रहा। इस बीच होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर में भगवान शिवकी बारात गाजे-बाजे, जयकारो के साथ निकाली गई।भगवान शिव की बारात देवीपुर से निकाली गई जो विभिन्न गांवों का भर्मण कर पुनः देवीपुर शिवमंदिर वापस पहुंचे। डीजे की धुन मे थिरकते हुए शिवभक्तों ने रंग-गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाई। यहां शिव बारात कार्यक्रम में समाज सेवी सह वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, अशोक प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, संतोष साव, रामलाल साव सहित भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष भक्तगण उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि महोत्सव आकर्षक झांकी तथा नगर भ्रमण कर मनाया गया

**बेरमो।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जरीडीह बाजार शाखा के तत्वधान में महाशिवरात्रि महोत्सव आकर्षक झांकी तथा नगर भ्रमण कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल अग्रवाल के द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि मनुष्यों को निर्विकार और पवित्र बनाने के लिए परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण धरा पर होता है, कहा कि दुनिया में भौतिक प्रगति बहुत हुई है, लेकिन जीवन में सुख और शांति कम होती जा रही है। हम सभी चाहते हैं कि यह विश्व सुखमय बने और समाज में सद्भावना हो लेकिन यह तभी संभव है जब हमारे मन में सभी के लिए शुभ कामना होगी।

## जारंगडीह मे महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बेरमो /जारंगडीह।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत जारंगडीह मे शुक्रवार को शिव मंदिर समिति के द्वारा महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही है। इसके अलावा बनासो मंदिर, माइनस क्वार्टर, रिभर साइड, 16 नंबर,अपर बांग्ला, मनसा नगर,मे भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित थे पुजारी प्रकाश पंडित जिन्होंने मंत्रोउच्चारण कर सभी श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराया और पंडित जी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि पर्व है जो पूरे भारत में मनाया जाता है। आज शिव पार्वती का विवाह भी है जो बच्चे,बच्चियों, महिला पुरुष,ने आज का दिन जो शिव विवाह में शामिल होकर सच्चे मन से पूजा अर्चना करते हैं वैसे बच्चे बच्चियों का जल्द विवाह होने का संभावना बना रहता है। जो श्रद्धालुओं ने भी सच्चे मन से पूजा पाठ करते हैं उन लोगों को भी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

## श्रद्धालुओं ने की महादेव की पूजा-अर्चना, हर-हर महादेव के लगे जयकारे

**बेरमो।** बेरमो के गोल पहाड़ी शांति धाम मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब आपको बता दें की इस मंदिर मैं जान जोखिम में डालकर पूजा अर्चना करती है चारों तरफ सीसीएल की खदानें गिरी हुई है कभी भी ब्लास्टिंग से श्रद्धालुओं को क्षति पहुंच सकती है लेकिन यहां की आसपास के ग्रामीण महिलाओं मैं आज भी उतना ही बाबा के प्रति आस्था है जितना पहले था उतना ही आज भी है जिस जगह पर प्राण प्रतिष्ठा किया गया है मंदिर का उसे जगह पर महिलाएं युवक बच्चे जाने से साफ इनकार कर दिया क्योंकि बाबा हमारे यहीं पर हैं महाशिवरात्रि सनातन धर्म वालों का एक प्रमुख त्यौहार है। जो हर वर्ष मनाया जाता है।

# बासुकीनाय धाम महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





शिवपहाड़ में उमड़ी, बासुकीनाथ पहुंची जत्था, प्रजापति कन्या कुमारी की निकालती झांकि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** महाशिवरात्रि पर उपराजधानी के बासुकीनाय धाम मे श्रद्धांलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। शिव शक्ति के विवाह मे श्रद्धांलू शरीक होकर अपने धन्य मान रहे है। फौजदारी बाबा मे जो भी श्रद्धांलू आते है उनकी मुराद आवश्य ही पूरी होती है। खास कर आज का दिन श्रद्धांलुओं के लिए अहम दिन है। आज के दिन भगवान भोले नाथ और मैया पार्वती काफी खुश रहते है। यही वजह है अपनी मन की मुराद लिए श्रद्धांलू बिहार, बंगाल, राजस्थान और महारष्ट्र से पहुंचे हुए है। श्रद्धांलू ने इस अवसर पर कुशल क्षेम की प्रार्थना किया। पीएम मोदी को लेकर अबकी बार 400 पार का आशीर्वाद मांगेंगे श्रद्धालुओं का एक माँगा।

**शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं भीड़ :** महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में शुक्रवार को सुबह से ही पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जो दिन भर जारी रहा। शहर के शिवपहाड़ मंदिर को फुलों से भव्य रुप से सजाया-संवारा गया है। गर्भ गृह से लेकर सड़क तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार पहुंच गई थी। शाम तक यहां श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा के लिए लगी रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर दुमका के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शहर के लोग अपने स्थानीय शिव-पार्वती के मंदिरों में सुबह से पूजा अनुष्ठान करते दिखे। शिव पहाड़ मंदिर पहाड़ों के ऊपर होने के कारण इसका अलग ही पहचान है।

**गोपाल मंदिर से निकाली गई बाबा की भव्य बारात :** शहर के रसिकपुर स्थित शिव-गोपाल मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की सुबह से ही लंबी कतारे लगी रही। स्थानीय लोगों ने महाशिवरात्रि में पूजा-अर्चना के लिए फूल, बेलपत्र आदि समाग्री की दुकानें सड़क किनारे लगा दिया था।

**कुरुवा स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़ :** शहर से 5 किलोमीटर दूर सृष्टि कुरूवा में भी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की खुब भीड़ लगी हुई थी। मंदिरों के समीप मेला का माहौल रहा। बच्चों के खेल समाग्री की दुकाने सजी रही। चाट दुकानदारों के पास महिलाएं एवं बच्चों की भीड़ लगी रही। पूजा समितियां द्वारा मंदिर में सज्जों-सज्जा का विशेष ध्यान रखा गया है।

**21 वर्षो से त्रिपुरारी नाथ में होती है भव्य पूजा :** शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित त्रिपुरारी नाथ में महाशिवरात्रि को ले भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां भक्तों ने कतारबद्ध होकर भोलनाथ की पूजा-अर्चना किए। शिव-पार्वती की शादी यहां विशेष तरीके से की जाती है।

मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिये पूजा को सुगम बनाने के लिये व्यवस्था किया। त्रिपुरारीनाथ मंदिर से शाम में बारात निकाली गई।

**डंगालपाडा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु :** शहर के डंगालपाड़ा शिव मंदिर में शिव विवाह भव्य रूप मनाया गया। महाशिवरात्रि पर सवेरे यहां भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सवेरे से ही यहां भक्त जुटने लगे। पूजा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शाम में शिव बारात निकालकर शहर के परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचती है उसके बाद भव्य पूजा पाठ के साथ भगवान भोलेनाथ के विवाह का रस्म होता है।

**गिलानपाड़ा शिव मंदिर में भव्य सजावट :** महाशिवरात्रि को ले गिलानपाड़ा शिव मंदिर को काफी भव्य तरीके से सजाया गया है। शिव विवाह के रस्म के साथ यहां भव्य पूजा का आयोजन किया गया जाता है। आस-पास के श्रद्धालुओं को भीड़ यहां दिन भर पूजा के लिये रही। वही शिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने निकाली भव्य झांकी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका शाखा की ओर शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर ओमशांति भवन दुमका से संस्था की संचालिका बीके जयमाला ने महाशिवरात्रि की झांकी को रवाना की। झांकी रवाना करने के पूर्व इनके द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर बाबा का झंडोत्तोलन किया गया। भगवान शिव बाबा पर आधारित गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। झांकी शहर का भ्रमण किया।

एक नजर में

## महिला इस्पातकर्मियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र की महिला कर्मियों के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में मानव संसाधन विकास विभाग में समृद्धि मैनेजमेंट एंडबिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों की 18 टीमों ने हिस्सा लिया। क्विज मास्टर के रूप में मानव संसाधन विभाग से जीएम नीता बा तथा एजीएम अमित आनंद ने कुल 02 राउंड में क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में अंकिता देव एवं सोनाक्षी प्रिया की टीम को प्रथम स्थान सोनाली गुप्ता एवं चाहत प्रिया की टीम को द्वितीय तथा शिप्रा हेम्ब्रम व सुष्मिता सोरेन की टीम को तृतीय प्राप्त हुआ।

पुरस्कार वितरण तथा कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद तथा सीजीएम एचआरडी मनीष जलोटा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## प्रशांत बने जेबीकेएसएस प्रखंड अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड स्थित मंजूरा पंचायत के सपाहीटांड़ बिनोद बिहारी महतो स्मारक महाविद्यालय प्रांगण में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार प्रखंड समिति के विस्तार को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता गोमिया विधानसभा पर्यवेक्षक सह प्रभारी अमरेश कुमार महतो व संचालन केंद्रीय संगठन मंत्री कसमार भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री सह गिरिडीह लोकसभा प्रभारी कमलेश कुमार महतो केंद्रीय संगठन महासचिव संजय कुमार महतो गिरिडीह लोकसभा पर्यवेक्षक सह प्रवक्ता राजू महतो गोमियां विधानसभा प्रभारी संतोष टिडुआर तथा महामंत्री सुकदेव राम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार महासचिव नरेंद्र कुमार घांसी सचिव सौरभ कुमार जायसवाल सत्यनारायण कपरदार सुमित कुमार महतो बीरू भाई ब्रजेश कुमार महतो संगठन सचिव राजेश मुंडा हेमंत कुमार महतो उपाध्यक्ष रामू घांसी गयाराम महतो सुजीत कुमार महतो मुकेश कुमार महतो अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो सोशल मीडिया प्रभारी रविन्द्र महतो तथा विवेक कुमार कार्यसमिति सदस्य गसुल रजा राहुल कुमार महतो बहादुर महतो राजू जायसवाल भागीरथ कपरदार संजय कुमार महतो राधेश्याम महतो, मिन्हाज अंसारी, हराधान महतो। मौके पर ताराचंद महतो यादव कुमार अंशुधन जितेंद्र आशीष शेखर मुकेश आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने महिला अधिवक्ताओं हेतु निर्मित कॉमन रूम का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की महिला अधिवक्ताओं हेतु निर्मित कॉमन रूम का का उद्घाटन धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी मौजूद थे। इसके लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने वकीलों की तरफ से सांसद पशुपति नाथ सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री गिरि ने सांसद के समक्ष बोकारो सिविल कोर्ट से चंद्रपुरा दुगदा नावाडीह थाना को जोड़ने की मांग की जिस पर विधायक एवं सांसद ने पहल करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। सांसद मद से निर्मित भवन हेतु अधिवक्ताओं ने सांसद श्री सिंह के प्रति आभार जताया। मौके पर बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बासुदेव गोस्वामी प्रभारी महासचिव महेश चौधरी कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव हरि प्रकाश सिंह अनिमेष चौधरी नवीन कुमार संपूर्णचंद्र लायक नवीन कुमार सृष्टि धर सिंह अतुल कुमार प्रेम कुमार माया सिंह संजय कुमार मृत्युंजय मलिक समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

## बीएसएल में रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की लाइनिंग का राष्ट्रीय रिकॉर्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एंड सीसी विभाग में बैटरी नंबर 05 के कोल्ड रिपेयर के अंतर्गत रिफ्रैक्टरी की लाइनिंग का कार्य प्रगति पर है। 5 मार्च 2024 को सीओ एंड सीसी की टीम ने 379.08 एम टी रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की लाइनिंग का सर्वश्रेष्ठ दैनिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड हासिल किया है। इससे पूर्व जिंदल स्टील द्वारा एक दिन में 361.29 एम टी रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की लाइनिंग का दैनिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। इस उपलब्धि में सीजीएम सीओ एवं सीसी राकेश कुमार के नेतृत्व में जीएम अरुण कुमार सीएस घदई एजीएम एसएन यादव मो फजल महमूद आदि का अहम योगदान रहा। ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सीओ एंड सीसी विभाग का दौरा कर इस नए रिकॉर्ड के लिए विभाग की पूरी टीम तथा सहयोगी विभागों व संविदा कर्मियों को बधाई दी है। सीओ एंड सीसी विभाग में ईडी संकार्य ने कार्यस्थल पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्थापित पेयजल बूथ का उद्घाटन भी किया।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा के आदर भंडार टोली में शिवारात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के आदर भंडार टोली में शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा हिंदी, नागपुरी जैसे कई भक्ति व अन्य गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया है। सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में मेला का लुफ्त उठाएं। मेला के माध्यम से एक दूसरे से परिवार के लोग मिल पाते हैं। भगवान भोलेनाथ सभी पर आशीष बनाएं क्षेत्र में शांति वातावरण रहे। इसके पूर्व भंडार टोली अपने आवास स्थित शिव मंदिर में राज्यसभा सांसद ने पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में थाना प्रभारी तरुण कुमार, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, सुखेर उरांव, अशोक यादव, परमानंद गोप, कर्मदेव भगत, माधव ठाकुर, सोमनाथ भगत, राजीव उरांव, अभय साहू, आकाश साहू, तुलसी उरांव, सुरज उरांव, अमित साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ज्ञान निकेतन विकास भारती से निकली शिव बारात, सैकड़ों लोग हुए शामिल



गुमला। महाशिवरात्रि के अवसर पर ज्ञान निकेतन विकास भारती विशुनपुर के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में शिव जी कि बारात निकाली गई। बाराती ज्ञानी निकेतन से निकलकर शिव मंदिर सेरका से होते हुए भारत मंडप थाना परिसर तक गये। जहां बारातियों का स्वागत थाना परिसर समिति के द्वारा किया गया। बारातियों में भूत, पिशाच, बंदर, भालू आदि सम्मलित हुए। कथाओं में शिव जी की बारात का झलक होता है उसे प्रदर्शित किया गया। बारात की अगुआई विकास भारती विशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने किया। बारात में 500 बाराती शामिल हुए। साथ ही विकास भारती विशुनपुर के कुमकुम मैत्र, नीतेश, भगवती जी, शिप्रा जी, संजय एवं अन्य कार्यकर्ता शिवजी की बारात में शामिल हुए।

### शिवरात्रि के अवसर पर आदर में निकाला गया भव्य कलश यात्रा



घाघरा। घाघरा के आदर शिव मंदिर पूजा समिति के द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान आदर भंडार टोली स्थित मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू होकर देवाकी डैम पहुंची। जहां आचार्य बबलू पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरी कराया गया। इसके बाद पुनः हर हर महादेव बोल बम का नारे लगाते हुए सभी भक्त मंदिर परिसर पहुंचे। जहां आचार्य के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। इस संबंध में पूजा समिति के पप्पू कुमार गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। मौके पप्पू गुप्ता, विनोद गोप, दुर्गा गोप, वासुदेव महतो, विदुल महतो, कृष्णा साहू, परमानंद गोप व तुलसी गोप सहित महिला बच्चियां व लोग मौजूद थे।

### मरवाडी युवा मंच के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्त संग्रह किया गया



गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में शुक्रवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच के रक्तकोष प्रभारी राकेश सिंह, अजय उरांव, अशोक टोप्पो, आलोक तिर्की, दयानंद लोहार ने रक्तदान किया। मारवाड़ी युवा मंच के मीडिया प्रभारी रोहित खंडेवाल ने कहा कि जो अन्न दे वह अन्नदाता जो धन दे वह धनदाता जो विद्या दे वह विद्यादाता और जो रक्त दे वह रक्तदाता कहलाता है। सभी व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे लोगों को शारीरिक लाभ भी होत है। इस अवसर पर प्रभारी चिकिसा पदाधिकारी डीआर सुनील राम, लैब टेक्नीशियन मंजू किंडो, संगीता कुजूर, गीत कुमारी आदि उपस्थित थे।

### गुमला के सोसो गांव के कुएं से अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने किया बरामद



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के गोल सोसो गांव के एक कुंए से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। देखने से प्रतीत हो रहा है कि शव तीन-चार दिन पूर्व का है। वहीं शव के आंख और माथे में चोट के निशान है। नाक से खून का रिसाव भी हुआ है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कर शव कुएं में डाल दिया गया है। हालांकि पुलिस पूरे बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को लगभग 4:00 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी की गोल सोसो गांव के एक कुएं में शव तैर रहा है। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एस आई दाखिन बेसरा दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक मैरून कलर का पेंट पहना हुआ है और उसके पास से सिर्फ एक कलम बरामद हुआ है। वहीं मृतक के टी शर्ट में रॉकस्टार लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया गया।

### 25 फीट उपर पेड़ से गिरकर ग्रामीण जख्मी, अस्पताल में भर्ती

रायडीह। रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के रमजा बेन्दवाकोना गांव निवासी 45 वर्षीय शिवनरायण सिंह पिता स्व गजेन्द्र सिंह फुटकल तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार फुटकल तोड़ने के क्रम में पेड़ की डाली अचानक टूट गयी और शिवनारायण 25 फी नीचे उपर से जमीन पर गिरे। गिरते ही शिवनरायण सिंह मूर्छित हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें बेहोशी की हालत में उठाकर सदर अस्पताल गुमला लाया गया है। जहां उनकी इलाज चल रहा है। वहीं बेन्दवाकोना गांव तक सड़क नहीं होने के कारण मरीज को खाट में उठाकर हीरादह धाम मुख्य पथ तक लाना पड़ा। समाजसेवी अशोक सिंह का कहना है कि बेन्दवाकोना गांव ही एक मात्र ऐसा गांव है जो विकास के नाम पर कोसों दुर है।

### महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग हो : मनोरमा एक्का



लोहरदगा। होप कार्यालय छत्तर बगीचा लोहरदगा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान ने हमे जो बराबरी का अधिकार दिया है, उसके प्रति सजग होना और सदुपयोग करना है। इस कार्यक्रम को होप संस्था की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने सभी उपस्थित महिलाओं को आह्वान करते हुए कहा की आज का दिन पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में हम सभी महिलाओं को अपने अधिकार और कर्तव्य के प्रति सजग होने की जरूरत है तब तथा अपने आसपास की सभी महिलाओं का सम्मान करने की भी जरूरत है। समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ महिलाओं को मुखर होकर बोलने और विरोध करने की भी जरूरत है। कई ऐसे रीति और रिवाज हैं जो महिलाओं को अपने को कष्ट में रखकर दूसरे के लिए जीने को मजबूर करती हैं। महिलाओं को अपने जीवन को खुलकर के जीना चाहिए।

## महाशिवारात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

### लगे हर-हर महादेव के गगन भेदी नारे, भक्तों ने की पूजा अर्चना

खबर मंत्र संवाददाता







गुमला। महाशिवरात्रि के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों के सभी शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए शुक्रवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा। हर-हर महादेव के नारों से शिव मंदिर गुंजता रहा। शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से ही लोगों की कतारें मंदिर में लगने लगी। स्वयंभू भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों द्वारा भगवान को भांग, धतुरा, फल, फूल का भोग लगाया गया। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग व पुरूष भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए घंटों कतार में लगे रहें। डुमरी प्रखंड के मझगांव स्थित बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए कई राज्यों से लोग पहुंचे थे। टांगीनाथ धाम भक्तों से भरा हुआ था। टांगीनाथ धाम परिसर हर-हर महादेव के नारे से दिन भर गुंजता रहा। घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। पूजा अर्चना करने पहुंचे भक्त मंदिर परिसर स्थित नदी में स्नान कर जल लेकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई थी। विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावे पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, देवीगुड़ी मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, शांति नगर मंदिर, आदि स्थानों में भी पूजा अर्चना के लिए भक्त पहुंचे थे। गुमला प्रखंड के धोधरा गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भी धार्मिक रीति-रिवाज के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। रायडीह प्रखंड के वासुदेव कोना, सदा शिव मंदिर मरदा में भी भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावे विशुनपुर, सिसई, भरनो, चैनपुर, जारी, कामडारा, बसिया प्रखंडों के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी रही।

## भंडरा के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम में महाशिवरात्रि में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मंत्र संवाददाता





भंडरा। महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को देवो के देव भगवान शिव की पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर मंदिरों मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों व यत्र तत्र स्थापित शिव चबूतरों पर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना की। इस अवसर पर प्रखंड के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। उसके बाद अक्षत चंदन बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा। अखिलेश्वर धाम में प्रातः काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड भंडरा स्थित अखिलेश्वर धाम,देशवली, कुम्हारिया के कारू मठ,चट्टी के महादानी महादेव आदि शिव मंदिर में पूरे दिन शिव आस्था कि बयार बहती रही। वातावरण भक्तिमय रहा। वहीं महाशिवरात्रि को ले अखिलेश्वर धाम व कुम्हारिया में मेला का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद खरीददारी की। अखिलेश्वर धाम में अवर निरीक्षक पप्पू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस जवान मंदिर परिसर में जगह जगह तैनात थे।

## भंडरा के बंडा गांव में युवती की संदेहास्पद परिस्थिति में हत्या, दुष्कर्म का अंदेशा

### जांच में जुटी पुलिस

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा गांव के मथनी बड़ा तालाब नहर के समीप शुक्रवार को गांव की ही 29 वर्षीय युवती फरेहा खातून (काल्पनिक नाम) को संदेहात्मक मौत का मामला सामने आया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच करवाया गया। इसके पशचात शव को अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेजा है। बताया जाता है की युवती गुरुवार की सुबह आठ बजे नाश्ता कर घर के 18 बकरी को चराने मथानी बड़ा तालाब की ओर गई थी। तीन बजे सभी बकरी घर वापस आ गए पर युवती घर नहीं पहुंची। जिसके बाद परिजन युवती को देर रात का खोज बिन करते रहे पर युवती का पता नही चल सका। सुबह युवती के भाई युवती को खोजने के क्रम में मथानी बड़ा तालाब के समीप शॉल से ढका युवती का शव देख परिजनों का सूचना दी। घटना की जानकारी होने के बाद पूरा गांव घटना स्थल पहुंची। ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्यक्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी पर कड़ी से कड़ी करवाई की मांग की है। इधर मौत के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। इस मामले में भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथमदृष्टया में युवती की हत्या प्रतीत होती है। क्योंकि युवती के गले, शिर में जख्म के निशान है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत कैसे हुई खुलासा होगा। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शारदा केरकेट्टा घटना स्थल पहुंचकर मामले की तफ्तीश कर ग्रामीणों को जल्द अपराधी की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। घटना को लेकर ग्रामीणों का अंदेशा है की युवती के साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई है।

## देवखर्रा बुढ़ा महादेव बाबा धाम में विशाल मंदिर का होगा निर्माण : सांसद समीर उरांव

### बाबा भोलेनाथ हम सभी भक्तों को खुशहाली का आशीर्वाद दे : सुदर्शन भगत

खबर मंत्र संवाददाता





जारी। जारी प्रखंड के बुमतेल गांव स्थित देवखर्रा बुढ़ा महादेव धाम में शिवरात्रि महोत्सव एवं मंदिर जीर्णोद्धार का महा आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के पोता सुकरा मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, स्वामी दिब्याज्ञान जी, शिवप्रसाद साहू, राधामोहन साहु आदि शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा पंडित नंदकिशोर नंद के मंत्रोचार के बीच मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि सभी के सहयोग से बुढवा महादेव का छत का निर्माण किया जाएगा और भक्ति भाव से पूजा पाठ करेंगे। निश्चित रूप से इस देवखर्रा बुढ़ा महादेव बाबा धाम में विशाल मंदिर का निर्माण होगा। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बाबा भोलेनाथ हम सभी भक्तों को आशीर्वाद दे और हम लोग सुखी संपन्न रहें। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के पवित्र दिन में आज देवखर्रा बुढ़वा महादेव में मंदिर निर्माण का भूमि पूजन हुआ। यह काफी खुशी का दिन है। देवखर्रा बुढ़ा बाबा महादेव धाम को देखने से पता चलता है कि यहां हजारों साल पहले भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था। यहां देखने से इनके अवशेष से पता चलता है कि यह देवखर्रा बुढ़ा महादेव टांगीनाथ के समकक्ष पहले मंदिर का निर्माण हुआ था। जिप सदस्य सह मुख्य संयोजक दिलीप बड़ाईक ने कहा कि यहां पर हम सभी कोई मिलकर एक भव्य मंदिर का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर भूपन साहू, विसेंट एक्का, हीरा साहू, राजू नायक, रविंद्र नाथ शाहदेव, झूमा सिंह, सत्येंद्र सिंह, रामविलास नायक, भुनेश्वर नायक, रामेश्वर सहाय, जितेंद्र सिंह, मनसाय बड़ाईक, मथुरा सिंह, दिमा साय, पारस गिरी, संजय प्रसाद, संजय कुमार, सरवन भगत, रन्थू गिरी, गौतम सिंह, कृष्ण भगत, आदित गिरि, मनजीत भाई आदि उपस्थित थे।

## 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं यज्ञ हुआ संपन्न



लोहरदगा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव जी के कृपा प्राप्त करने के लिए महादेव के प्रिय मंत्र महामृत्युंजय मंत्र का 21 हजार सामूहिक जाप सिद्धिविनायक शिव मंदिर के प्रांगण में अखोरी कॉलोनी में महिलाओं और पुरुषो एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ मंत्र जाप किये। महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा आहुति भी प्रदान किया गया। इस सामूहिक अनुष्ठान का उद्घाटन आजसू पार्टी के नीरू शांति भगत एवं कॉलोनी के सम्मानित सदस्य गण मिलकर दीप प्रज्वलन कर किया। मत्रों का पाठ स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा डॉ अशोक आचार्य ने यज्ञ में भक्तों आध्यात्मिक एवं मंत्र का मेडिकल साइंस में भी महत्व को समझाया। यज्ञ मे यजमान के रूप में अखोरी कॉलोनी के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे। पूणाहुति के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सिद्धिविनायक शिव मंदिर अखोरी कॉलोनी के सभी सदस्य द्वारा आज शनिवार को दोपहर 1:00 से भंडारा का आयोजन भी किया गया है।

## क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहेंगे: रोहित प्रियदर्शी

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के गजनी ग्राम पंचायत स्थित महादेव मन्डा में आयोजित 24 घण्टे का अखंड हरीकृतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महादेव मन्डा तक जाने के लिए स्थानिय विद्यायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के मद से निर्मित पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन मंत्री पुत्र समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव के गरिमामयी उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, निशीथ जायसवाल उरांव सहित अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर कृर्तन भी किया। मौके रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल में भक्तों को आने जाने के लिए पीसीसी का निर्माण होने से क्षेत्र के विकास के साथ साथ भक्तों की संख्या में भी वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जरूरत और विकास के लिए हम हमेशा तत्पर हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रदेव उरांव, आयोजक समिति के अध्यक्ष कुलदीप साहू, प्रवीण साहू, अवध साहू सहित महिला पुरुष भक्त व क्षेत्रवासी मौजूद थे। इस अवसर पर रोहित प्रियदर्शी ने दूरभाष पर मंत्री महोदय से बात कर श्रद्धालुओं व भक्तों के बैठने के लिए शेड निर्माण की घोषणा किए। जिसका ग्रामीणों व भक्तों ने जोरदार उल्लास के साथ स्वागत किया।

### जमीन म्यूटेशन के नाम पर घुस लेते कर्मचारी गिरफ्तार



लोहरदगा। जिले के सदर प्रखंड में घूसखोरी के खिलाफ एसीबी ने बड़ी करवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को जमीन मोटेशन के नाम पर 6000 रुपए घूस लेते हुए सदर प्रखंड के राजस्व कर्मचारी रामा महतो को एसीबी के टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर राजस्व कर्मचारी रामा महतो को अपने साथ रांची ले गई। सरोज कुमार खत्री शिकायत पर यह करवाई एसीबी की टीम ने किया है। जानकारी के अनुसार सरोज कुमार खत्री के द्वारा 4 डिसमिल जमीन का मोटेशन के लिए ऑफलाइन आवेदन दिया गया था। जिसके एक पेपर देने के एवज में 6 हजार रुपये की मांग की गई थी। पीड़ित के द्वारा एसीबी को सूचना दी गई थी। वही घूसखोरी के खिलाफ इस करवाई से जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

### महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में उमड़ी भीड़



कैरो। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण में सुबह से ही महादेव मन्डा गजनी, मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर खरता, हनहट धरहरा, सढ़ाबे शिवालय, नरौली, गुड़ी शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा बेलपत्र, गंगाजल, फूल, चंदन से पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण किया गया। वहीं महादेव मन्डा गजनी में 24 घण्टे का अखंड हरीकृतन का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग कृतन मंडली द्वारा प्रस्तुति दी गई। धरहरा में पूजा अर्चना के साथ साथ मेला का भी आयोजन किया गया। इधर कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन द्वारा मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ खरता, महादेव मन्डा गजनी, हनहट सहित भक्तों की भीड़ वाली स्थानों में पुलिस की टुकड़ी तैनात कर दी गई थी। साथ ही थाना प्रभारी नीरज झा ने खुद से घूम घूम कर शांति व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे। गजनी स्थित महादेव मन्डा में आयोजित कृतन में विधायक सह मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, भाजपा के बिंदेश्वर उरांव, सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव, बजरंग उरांव, बिसेस्वर प्रसाद दिन, कैलाश महतो, प्रवीण साहू, चंद्रदेव उरांव, कुलदीप साहू सहित भक्त व ग्रामीण मौजूद थे।

## शिवारात्रि पर भव्य कलश यात्रा व अखंड हरिकीर्तन से भक्तिमय हुआ दूधेश्वरीधाम

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर से सटे सोसो मोड़ भलदम चट्टी स्थित मां दूधेश्वरी धाम से शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में 1001 माताएं एवं बहनें शामिल हुई जो भव्य भगवा पताका, झंडा एवं गाजे -बाजे के साथ दूधेश्वरी धाम से खटवा नदी गये। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद कलश पर पवित्र जल भरकर दूधेश्वरी धाम पहुंचे। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल लोग हर हर महादेव , ऊं नमः शिवाय, जय श्रीराम और जय दूधेश्वरी मईया के नारे लगाये। जिसे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसके पश्चात पूजन एवं जलाभिषेक किया गया और दिन के 12:30 बजे से जय माता दी जागरण ग्रुप के द्वारा चौबीस घंटे का हरे राम हरे कृष्ण का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। जहां सभी झुमकर और नृत्य कर आनंद उठाया। दूधेश्वरी धाम में बने स्टेज पर शिव-पार्वती का वरमाला होगा और रातभर महिला कीर्तन मंडली, नमो नारायण कीर्तन मंडली, रामनगर कीर्तन मंडली, घाटो बगीचा कीर्तन मंडली तथा गांव देहात से आये कीर्तन मंडलीओं के द्वारा अखंड हरिकीर्तन किया जाएगा। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही।

### दहेज की मांग को लेकर गर्भवती महिला को ससुराल वालों ने जहर खिलाकर मार डाला

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के कतरी गांव निवासी 18 वर्षीय महिला तरन्नुम परवीन पति तबरेज खान को ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर खटमल मारने वाला कीटनाशक खिलाया। इसके बाद सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए मृतक महिला की मां ने बताया लगभग 6 माह पूर्व उसकी बेटी की शादी कतरी निवासी तबरेज खान के साथ हुई थी। तब से वह हमेशा मेरी बेटी को मारपीट व प्रताड़ित करता था। इसके अलावे 50 हजार,एक अपाची बाइक व अन्य सामान की मांग करता था। लगभग दो माह पूर्व वह मेरी बेटी को छोड़कर मद्रास काम करने चला गया। मेरी बेटी द्वारा वापस बुलाने पर वह नहीं आने की बात करता और फोन पर ही गाली गलौज और लड़ाई झगड़ा करने लगता। वह हमेशा कहता था थाना जाकर केस करो पुलिस लेने आएगी तो ही जाऊंगा। पूर्व में ही तरन्नुम अपनी मां को लेकर ससुराल वालों के विरुद्ध महिला थाना गुमला में प्रताड़ना व दहेज की मांग को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई। मृतक महिला के पिता शमसेर अंसारी ने बताया तबरेज पूर्व में भी एक महिला को शादी के बाद छोड़ चुका है। इधर महिला चार माह की गर्भवती थी। परिजन गुरुवार की रात रिम्स ले जाने के लिए एंबुलेंस में बैठे इसके बाद महिला की मौत हो गई। महिला को सदर अस्पताल उसकी सास लेकर आई थी। इलाज के क्रम में ही उसकी सास अस्पताल से फरार हो गई। इधर महिला के पति को घटना की जानकारी दी गई। लेकिन मौत की जानकारी देने के लिए परिजन कई बार उसे फोन किया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। फिलहाल महिला के शव को शव गृह में रखा गया है शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### बिमरला में सीएसआर के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिंडाल्को की मिनरल्स एंड मिनरल्स लि द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में सेविका मिस्तेला भगत की अगुवाई में अन्य बहनों के साथ केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। सभी महिलाएं बेहद उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने उपस्थित मातृ शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे हैं। इसके लिए क्षेत्र की सभी बेटियों को शिक्षा से जोड़ने को कहा। शिक्षा से नारी सशक्त होती हैं। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के अभय भारती ने किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सहिया, सेविका, अधिकारी गण जिनमे चंद्रकांत दुबे, मिहिर बरई, अनुज सिंह, प्रमोद साहू, नागेंद्र सिंह, कृष्णा शर्मा, सुखराम असुर, विनय भुइयां, सुरेश उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्त जांच शिविर का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर का आयोजन रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा में किया गया। शिविर का उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन एवं साइंस फॉर सोसायटी के सचिव राहुल कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि समाज में परुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त है। इसके बावजूद आज भी कुछ कमियां रह गई है जिसे दूर करने की आवश्यकता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय है महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के लिए अभियान का विषय 'इंस्पायर इंक्लूजन' है। हम महिलाओं को सम्मान करके बराबरी का दर्जा दे सकते हैं फलतः राष्ट्र की स्मृद्धि के लिए सार्थक हो सके। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने बतलाया कि विद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच एवं ब्लड ग्रुप की जांच होने से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, लैंगिक समानता के लिए उनके संघर्षों को पहचानने और संस्कृति, राजनीतिक और सामाजिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान का जश्न मनाने का अवसर है। साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार ने बतलाया कि झारखंड आदिवासी बहुल प्रांत है, इस प्रांत में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार ने किया। शिविर में लगभग 200 से अधिक छात्र-छात्राओं का रक्त जांच बसंती पैथोलॉजी की सीता कुमारी एवं विनीता कुमारी ने किया। रक्तजांच शिविर को सफल बनाने में डॉ गणेश प्रसाद, अरुण राम, राहुल कुमार, आलोक कुमार, प्रवीण कुमार, ओमप्रकाश कसेरा, मनीष कुमार ने भूमिका निभाया।

## महिलाओं के त्याग, साहस व सम्मान को समर्पित है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महेंद्र भगत

### कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती विशुनपुर के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मुख्यालय में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष यह दिन एक विशेष थीम के तहत मनाया जाता है। वर्ष 2024 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम महिलाओं में निवेश के प्रति जागृति लाने का है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया भर की महिलाओं के त्याग, साहस और सम्मान को समर्पित करने का है। डॉ संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र गुमला ने महिला दिवस पर जोर देते हुए कहा कि महिलायें समाज का एक अहम हिस्सा है और बदलते वक्त के साथ महिलाओं आज राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दुनिया के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की साझेदारी दिख रही है। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए केंद्र की वैज्ञानिक डॉ निशा तिवारी ने महिलाओं को मुख्य अधिकार के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ एवं सशक्त बनने पर जोर दिया। महिलाएं अपने घर परिवार के दायित्व कार्यों को निभाने के साथ-साथ ऑफिस एवं अन्य कार्यो की जिम्मेदारियां भी बाखूबी निभा रही हैं। कार्यक्रम में सुनील कुमार, अटल बिहारी तिवारी, ईनो राय, श्वेता गुप्ता व बिशनपुर एवं घाघरा प्रखंड के विभिन्न गांव से 70 महिलाओं ने भाग लिया।

ध्वजाधारिधाम में उमड़ी शिवभक्तों की भारी भीड़, हर हर महादेव व बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा क्षेत्र

# भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें : महामंडलेश्वर

उमा शंकर









**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारिधाम धाम में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन पहाड़ की चोटी से लेकर तलहटी तक शिवभक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी, आलम यह था कि कोडरमा बाजार से लेकर ध्वजधारिधाम तक भक्तों का रेला लगा हुआ था। हर हर महादेव, जय भोलेनाथ का जय घोष करते हुए देर शाम तक भक्तों ने भगवान शिव माता पार्वती की पूजा अर्चना कर मंगला कामना किया तो 777 सीढ़िया चढ़ कर पहाड़ कि चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। एक अनुमान के मुताबिक शिवरात्रि के पहले दिन करीब 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसके पूर्व सुबह करीब 11 बजे दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने किया। इसके पश्चात् विधायक डॉ. नीरा यादव एवं डीडीसी ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव सहित हजारों श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना किया एवं सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मेले में जिला प्रशासन की ओर से दो मेडिकल टीम एवं दो एम्बुलेंस तैनात किये गये हैं, ताकि इमरजेंसी में किसी को कोई परेशानी हो तो उसे राहत पहुंचायी जा सके। वहीं डीएस डॉ. रंजीत कुमार डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ शरद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.प्रशांत उपाध्याय समेत स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम मुश्तैद दिखे।

**मेले के सफल आयोजन में इनका रहा अहम भूमिका :** वजाारी आश्रम कोडरमा के सदस्यगण महंत तुफानी बाबा, राम लखन सिंह, मनोज कुमार झुन्नू, अरूण सिंह, यमुना यादव, विकास निरंजन, सूरज यादव, गजेन्द्र राम, चन्दन, अशोक यादव, राजू सिंह, विजय सिंह, मिथलेश सिंह पंकज साव, मंटू विश्वकर्मा, ार्मेन्द्र यादव, विपिन मोदी, शशि सिंह, प्रेम कुमार साव, दिनेश मोदी, सुभाष बर्णवाल, शिवम् सिंह, ाीरज तिवारी, विजय यादव, दिवाकर यादव, जंक्शन माहतों, सहदेव यादव, विनोद यादव, शंकर मोदी, मुकेश गोस्वामी, बिट्टू मोदी, सिकंदर साव, अनिल मोदी, बिनोद कुमार मुन्ना, रामचंद्र यादव, मुन्ना राम, लालू यादव, रोहित चौारी, पंकज वर्मा, संदीप साव आदि की शिवरात्रि महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

**वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ विवाह :** देर रात्रि में देवाधिदेव भगवान महादेव और माता पार्वती की विवाह कार्यक्रम स्थानीय पुरोहित मुकेश पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विवाह उपरांत भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना किया गया।

**कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालु :** महाशिवरात्रि के मौके पर कोडरमा समेत हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बिहार राज्य के सीमावर्ती जिला नवादा और गया से भी भारी संख्या में श्रद्धालुगण पहुचें।

**सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है निगरानी :** ध्वजाधारिधाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पहाड़ परिसर से लेकर पहाड़ की चोटी तक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद नजर आया। पहाड़ एवं आसपास के मंदिरों व प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे पूरे मेले पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावे चप्पे चप्पे पर महिला और पुरुष बल की तैनाती की गई है। साथ ही नियंत्रण कक्ष से भी मेले की निगरानी की जा रही है।

**वाहनों के रूट बदले गए :** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारिधाम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए गाड़ियों के रूट में बदलाव किया गया। पंजाब होटल के समीप स्थित हनुमान मंदिर से गाड़ियों का रूट में परिवर्तन किया गया, बड़े वाहनों को हनुमान मंदिर से होते हुए लोकाई स्थित सन्त क्लेयर्स स्कूल के निकट से बाईपास होते हुए बाघीटांड की ओर निकाला जा रहा था, इसी तरह पटना की ओर से आने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से रांची या अन्य गंतव्य की ओर रवाना किया गया। सिर्फ छोटे वाहनों को हनुमान मंदिर से कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय तक जाने की अनुमति थी।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह धाम जिले के प्रसिद्ध धरोहर है, धाम में हर तरह ही सुविधा उपलब्ध हो, इसमे आपसबों की सहभागिता आवश्यक है, उन्होंने कहा कि धाम में धीरे धीरे सभी प्रकार की सुविधाएं आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही है, उन्होनें भक्तों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया।

## शिवरात्रि पर निकली बारात हुआ जलाभिषेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय में सोहर कला और बानासाड़ी मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई और हर हर महादेव के जयकारे लगाए गए। बारात में भूत प्रेत देव दानव और यक्ष किन्नर के रूप धरे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। महाशिवरात्रि पर दासी पहाड़ी से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने लेपो मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इसके अलावा प्रखंड के समस्त मंदिरों और शिवालयों में सुबह से शिव भक्तों का तांता लगा रहा और लगातार पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। महाशिवरात्रि पर महिलाओं ने उपवास रखा और भगवान शिव की पूजा अर्चना की। पर्व पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और उनमें विद्युत लड़ियां लगाई गई थी। पंडित चिंतामणि पाठक ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की आराधना करने से घर में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की कमिटी का हुआ विस्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर के धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव सह दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 22 एवं 23 अप्रैल को मेसर्स केदारनाथ राम गोपाल की फैक्ट्री अड्डी बंगला रोड में ाूमााम से मानने का निर्णय लिया गया। दो दिवसीय जन्मोत्सव में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों के द्वारा भजन प्रस्तुति की जाएगी। पहले दिन शोभा यात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का पाठ के बाद अखंड ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 23 अप्रैल को भव्य गजरा, हवन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कमेटियों का भी पदभार दिया गया, जिसमें शोभायात्रा के परियोजना निर्देशक बबलू सिंह, दरबार सज्जा के लिए गिराारी सोमानी, बबलू पांडेय, भजन कार्यक्रम के संचालन के रूप में राकेश कपसीमे, गिराारी सोमानी, बबलू सिंह, प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद के लिए सुजय सिंह, प्रदीप बनर्जी को बनाया गया, जबकि मीडिया का प्रभार पीयूष सिंह व ओम प्रकाश निरंजन को दिया गया है।

## जिले भर में धूमधाम से मनी महाशिवरात्रि, निकली शिवजी की बारात

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** महाषिवरात्रि का पर्व जिले भर में पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ काफी धूमधाम से मनायी गई। विभिन्न षिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर उमड़ती रही। जिला मुख्यालय सहित जिले के कई स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया। षिव भक्तों ने उपवास रखकर महाषिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया। कई षिवालयों में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित षिव ढोंढ़ा मंदिर, जुड़वनियां षिव मंदिर, गढ़वा प्रखंड स्थित खोन्हर नाथ महादेव षिव मंदिर में परिसर में मेला का आयोजन किया गया। षिव ढोंढ़ा सहित अन्य स्थानों पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस स्थानों में लगे मेले में काफी भीड़ उमड़ी। षिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को भांग, धतुरा, बेलपत्र, गन्ने का रस, दूध, दही आदि अर्पित किया। कई भक्तों ने रूद्राभिषेक भी किया। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती खोन्हर स्थित शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्त पहुंच गए थे। मेला में सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी।



पूजा अर्चना करते लोग

## 10 दिवसीय पशु मेला का हुआ उद्घाटन

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत में स्थित कौलेश्वरी मंदिर परिसर में 10 दिवसीय पशु मेले का गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में लगने वाला यह मेला को संबोधित करते हुए लोगों से भाईचारगी बनाए रहने की बात कही। उन्होंने ने मेला में विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बातें कही। ताकि दूरदराज से आने वाले लोगों की किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित मंदिर पुजारी बैजनाथ पांडेय समाजसेवी सत्येंद्र कुशवाहा संजय दांगी आशीष साव रमेश दांगी लखन दांगी एवं दर्जनों समाजसेवी उपस्थित थे।

## शिवालयों में भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**भवनाथपुर।** महाशिवरात्रि पर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो के शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। जबकि शिव पहाड़ी गुफा के पास दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। वहीं कड़ियां राज बाबा पहाड़ी पर एक दिवसीय मेला के साथ-साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके अलावे फुलवर शिव मंदिर, शिवा ढोढा शिव मंदिर, टाउनशिप दुर्गा मंदिर स्थित शिव मंदिर, भवनाथपुर पहाड़ी शिव मंदिर, थाना परिषद शिव मंदिर, मकरी, चपरी, रोहिनियां आदि षिवालयों में अगले सुबह से ही श्रद्धालुओं की टोली पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर मेले को लेकर दोनों जगहों पर पुलिस प्रशासन मुष्तैद रही। थाना प्रभारी ष्ण कुमार के नेतृवत में दोनों जगहों पर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी भी मेले का निरीक्षण करते रहे।

## शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी शिवालय में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पुजा अर्चना करने को लेकर महिलाएं एवं कुमारी कन्याओं का सैकड़ो की संख्या में भीड़ देखी गई। पूजा अर्चना कर रहे महिलाएं एवं कन्याएं उत्साहित भी देखी गई। शास्त्रों के मुताबिक यह त्यौहार सुहागिन स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने को लेकर एवं परिवार के बीच सद्भावना बने रहे की मन्नतें पुर्ण को लेकर पूजा अर्चना करती हैं।वहीं कन्याएं इस पूजा को अच्छे वर पाने के लिए संपूर्ण गुन से परिपूर्ण हो लेकर पूजा अर्चना की जाती है। यह परंपरा हजारों वर्ष पहले से चला जा रहा है।जिससे आज भी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार महाशिवरात्रि पूजा की जाती है।इस महाशिवरात्रि में चार पहर की पूजा की महत्व है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है। यह दिन शिव विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है।महाशिवरात्रि के दिन दोनों पति-पत्नी को एक साथ मिलकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा कर शिवरात्रि व्रत की कथा सुनने से सैकड़ो पापों से मुक्ति मिलती है।महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व है। महाशिवरात्रि को शिव के पूजा अर्चना करने से शत्रुओं पर विजय पाने का भी फल प्राप्त होता है। परंतु साधकों के लिए यह दिन तांत्रिक विद्या की सिद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना गया है। यौगिक परंपरा में शिव आदि गुरु भी माने जाते हैं। पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के पश्चात एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि कहा गया है।उनके भीतर की सारी गतिविधियां शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में भी मनाते हैं।



## हजारों भक्तों ने किया बाबा भोलेनाथ का जल अभिषेक

**कुंदा (चतरा)।** महाशिवरात्रि पशु मेला को लेकर ऐतिहासिक व पर्यटक स्थल महादेव मठ में शुक्रवार को हजारों शिव भक्तों ने जल अभिषेक से किया। महाशिवरात्रि पूजा भक्ति भाव के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने महादेव मठ मंदिर परिसर में से निकलने वाली नदी व शिरकुंड में स्नान कर महादेव स्थित गुफा के अंदर विरजमान शिवलिंग पर बेलपत्र भांग धतूरा दूध जल का चढ़ावा व अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में ओम नमः शिवाय हर हर महादेव जय घोष गूंजता रहा। महादेव मठ कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान और नींबू शरबत का भी स्टॉल लगाई गई थी। जिसका शिव भक्तों ने खूब जोर लुफ्त उठाया। व्यवसाय संघ के माध्यम से श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी और दिक्कत ना हो इसे लेकर मेडिकल समेत विभिन्न स्ट्रॉल लगाया गया था। बाजर टांड में भव्य पशु मेला का आयोजन किया गया है। हजारों भक्तों ने बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती समेत और देवी देवताओं का दर्शन किए।

## महाशिवरात्रि पर सहस्त्र शिवलिंग का किया गया रूद्राभिषेक

**इटखोरी (चतरा)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्त्र शिवलिंग महादेव का विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया गया। इस पावन मौके पर हजारों भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक भी किया। सारे दिन भोलेनाथ का दरबार हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। महाशिवरात्रि के महत्व को देखते हुए अहले सुबह चार बजे सहस्त्र शिवलिंग महादेव की सर्वप्रथम श्रृंगार पूजा हुई। 1008 शिवलिंग को अपने आप में समाहित कर रखने वाले सहस्त्र शिवलिंग महादेव का बेलपत्र, धथूरा व फूलों से श्रृंगार किया गया था। तत्पश्चात कपूर से कर्पूर गौरम की महाआरती उतारी गई। फिर सहस्त्र शिवलिंग महादेव का दूध व जल से जलाभिषेक करने की भक्तों के बीच होड़ मच गई। दोपहर तक सहस्त्र शिवलिंग महादेव को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

एक नजर में

## नौनिहाल बच्चों को मनोरंजन और खेल के साथ पढ़ाई बना आकर्षण का केंद्र : पुनीत

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में छोटे छोटे बच्चों को मनोरंजन के साथ साथ पढ़ाई करने के लिए सामग्री उपलब कराई गई है और आज नौनिहाल बच्चों को मनोरंजन के लिए लाए गए सामग्री को उपयोग करने का अवसर दिया गया। जिसमें बच्चे फूले नहीं समा रहे थे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने दी। वहीं उन्होंने कहा कि आज के मौजूदा समय में बच्चों को मनोरंजन के साथ पढ़ाई की आवश्यकता है, जिसे हम एंटरटेन विथ स्टडी कहतें हैं। बच्चों को उनके मासूमियत उम्र में किताबों का बोझ न देकर उनके खुश रहने का एक सफल प्रयास आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने किया है। ज्ञात हो की अब विद्यालय के छोटे छोटे बच्चे विद्यालय परिसर में ही एक से एक आकर्षक मनोरंजन के साान जैसे झूला, स्लाइडिंग, जंपिंग नेट, घोड़ा गाड़ी, स्लीपवेल इस तरह के आकर्षक साानों से अपने आप को मनोरंजन करेंगे। विद्यालय में उपलब कराई गई इस तरह के सामान को देखकर सारे बच्चे काफी खुश दिखाई दिए और सभी ने विद्यालय प्रबांन को ान्यवाद दिया। इस अवसर पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड के उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सीताराम यादव, दीपक कुमार, शाहिद हुसैन, पप्पु कुमार, केदार यादव, सनोज कुमार, शमशेर आलम, सन्तोष कुमार साह, इस्तियाक अंसारी, सुनील यादव, पंकज साव, नीलम प्रभा, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय, सतीश कुमार, मिथलेश पांडेय समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## अग्रेंजी शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायडीह के रास्ते बालीमहादेव मंदिर के समीप से बाइक सवार तीन युवकों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बां में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि शुक्रवार को बालीमहादेव के समीप पुलिस ाीक्षक के निर्देशानुसार 24ग7 विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस पदाािकारी सअनि निशांत अहमद और सशस्त्र बलों के द्वारा अवैा अग्रेंजी शराब ले जा रहे तीन युवकों गिरफ्तार किया गया, साथ ही बाइक को जप्त किया गया। वहीं गिरफ्तार युवकों के पास से आरएस750 एमएल. का 28 बोतल जप्त किया गया। साथ ही दो बाइक जप्त कर थाना लाया गया, जिसमें एक बाइक होंडा साइन एसपी (बीआर27एस/9641) तथा दूसरी बाइक में निबांन संख्या नहीं है। वहीं गिरफ्तार युवकों में जमशेदपुर जिला के उलीडीह थाना अंतर्गत रामनगर निवासी 30 वर्षीय अशोक चौारी पिता भोला चौारी, 27 वर्षीय मिथुन पंडित पिता द्वारिका पंडित नवादा जिला बिहार कदीरगंज थाना अंतर्गत खरगुविघा तथा 26 वर्षीय अवोश कुमार पिता द्वारिका चौारी नवादा जिला बिहार कादीरगंज थाना के अंतर्गत खरगुविघा निवासी शामिल हैं। मामले को लेकर विधि सम्मत करवाई की जा रही है।

खबर मन्त्र संवाददाता

## विधायक ने किया छह करोड़ की लागत से बनने वाली बीडीओ सह सीओ आवास का शिलान्यास

**मझिआंव।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विाायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नगर पंचायत अंतर्गत विवाह मंडप के समीप छह करोड़ रूपये की लागत से बनाने वाले प्रखंड विकास पदाािकारी सह अंचलाािकारी सहित द्वितीय एवं तृतीय वर्ग के कर्मचारी के लिए आवास का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इसके पश्चात नगर मंडल अयक्ष पवन कुमार की अयक्षता में विवाह मंडप भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रखंड विकास पदाािकारी एवं अंचलाािकारी सहित द्वितीय एवं तृतीय वर्ग के कर्मचारियों के लिए आवास का शिलान्यास किया गया है। यहां के पदाािकारियो के लिए आवास नहीं रहने के कारण गढ़वा या कहीं अन्य जगह पर जाकर रहते थे। जिसके कारण जनता के विकास कार्य में काफी परेशानी होती थी। पूर्व में मैं संकल्प किया था ब्लक बनवाया और अब पदाािकारी को रहने के लिए आवास भी बना दे रहा हूं। भारत के प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सभी कामों में पारदर्शीता के कारण आज हमारा देश विश्व गुरु बनने के कगार पर है। सबका साथ सबका विकास के नारों के साथ उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा बिजली आदि योजनाओं में भरपूर विकास किया। कहा की जिस पेड़ को हमने लगाया वह नगर पंचायत फल फूल रहा है। पंचायत से नगर पंचायत को 6 गुना से अािक राशि मिलती है। जिसके कारण जनप्रतिनिाि एवं पदाािकारी राशि को खर्च नहीं करने पा रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम इलाकों में नगर विकास विभाग के द्वारा विकास का काम किया गया है। कहा की मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड में 300 करोड रुपए से सड़क का निर्माण करवाया गया है। कहा की मझिआंव एवं विश्रामपुर को अनुमंडल बनाना मेरी आखिरी इच्छा रह गई है,जो बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। मौके पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति सदस्य भारत सरकार के भोला चंद्रवंशी, नगर पंचायत की निवर्तमान अयक्ष सुमित्रा देवी, प्रखंड विकास पदाािकारी सतीश भगत, अंचल अािकारी शंभू राम, सांसद प्रतिनिाि शोभा जयसवाल, चंचल दुबे, राजीव रंजन तिवारी, वीरेंद्र नाथ दुबे, नंद कुमार पांडेय, अर्जुन दास, संजय कमलापुरी, उमाशंकर यादव, दीपक कुमार चंद्रवंशी, सवेंद्र पांडेय, अखिलेश विश्वकर्मा, दीपक चौहान, सच्चिदानंद सिंह, संजन सिंह, वीणा देवी, पार्वती कुंवर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिलाएं न तो आज किसी क्षेत्र में कमजोर हैं और न आगे रहेंगी : मिथिलेष ठाकुर

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिर्फ एक दिन महिला दिवस मना लेने से इसके उद्देष्यों की पूर्ति नहीं हो सकती है। इसके लिए हम सभी को मिलकर महिलाओं का अधिकार एवं सम्मान के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनियां में किसी भी क्षेत्र में नारी कमजोर नहीं है और न ही आगे कमजोर रहेगी। जब-जब जरूरत पड़ा है महिलाओं ने पुरूषों से आगे बढ़कर बेहतर कार्य किया है। रानी लक्ष्मीबाई, पीटी उषा, पीवी सिंधु, इंदिरा गांधी सहित अनेक महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। यहां तक कि आज एक महिला सैन्य कमांडर सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्र में सुरक्षा का कमान संभाल रही है। आज के समय में महिलाएं हरेक मोर्चे पर आगे हैं। जब राज्य के यषस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिष के तहत जेल में डाल दिया गया तब उनकी पत्नी गृहणी महिला कल्पना सोरेन ने अन्याय के खिलाफ विरांगना की तरह मोर्चा संभाल ली। मंत्री ने कहा कि आज सभी महिलाओं को संकल्प लेना होगा कि मर्यादा में रहते हुए हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने आगे कहा कि जितनी उर्जा महिलाओं में ही उनकी पुरूषों में नहीं है। जब बच्चा बीमार पड़ जाये तो महिलाएं रात भर जगने के बाद भी सारा दिन काम में लगी रहती है। शहर के लेकर गांव तक महिलाएं जागरूक हैं। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, विनीता आनंद, प्रो. भारती सिंह, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त की।

**मंत्री ने महिलाओं को किया सम्मानित :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने समाजसेवा, खेल, षिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, रक्तदान आदि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मानित किये जाने वाली महिलाओं में रक्तवीर स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव की मां पुष्पा देवी सहित नसीमा खातुन, षिखा विष्वास, लता वर्मा, सुश्री अंजली शास्वत, प्रो. भारती सिंह, दीपा देवी, अलका केषरी, सरगम गौरव, ज्योति दुबे, प्रीति कुमारी, पुर्णिमा कुमारी, सबीता देवी, गजाला सिद्दिकी, नर्गिस बानो, विनीता आनंद, रीमा देवी, बसंती देवी, शीला देवी, ममता देवी, फुलवा देवी, ललिता कुंअर, रेखा शर्मा, खिलाड़ी प्रियंका कुमारी, अराधना सिंह आदि का नाम शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### ऑटो चालकों की मनमानी से यात्रियों को परेशानी

**हेरहंज।** बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमर्जी से रांची-पांकी चलने वाले यात्री बस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.जिससे हेरहंज बस स्टैंड में ऑटो चालकों व बस एजेंटों के बीच कभी भी झड़प होने की संभावना बनी हुई है। इस बारे में पूर्व बालूमाथ इंस्पेक्टर व हेरहंज थाना प्रभारी को बस एजेंटों द्वारा मौखिक सूचना भी दी गई थी। परन्तु इस विषय पर कोई ठोस पहल नहीं कि गई। वहीं बस एजेंटों द्वारा बताया गया कि इस रूट में चलने वाली सभी बस परमिट लेकर चला रही है। और ऑटो चालक बिना कागजात के बस के टाइम में बस से आगे आगे चलकर परेशान कर रहे हैं। इस लिए इस परेशानी को देखते हुवे स्थानीय प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन से लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों से इस कार्य में ठोस पहल करने की मांग यात्री बस के स्टापों ने की है।

### पायनियर कम्पनी के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** पायनियर कंपनी के द्वारा प्रखण्ड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पायनियर कंपनी के चंदवा के एमडीआर लालबाबू गुप्ता ने महिलाओं को अच्छे बीज का चुनाव करने का सलाह दी, जिसमें 27 पी 37 धान को दो नंबर खेत पर लगाने की सलाह दी व 27 पी 37 धान की लंबी बाली और गाठन को भी दिखाया। उन्होंने बताया कि पायनियर का 27 पी 37 धान ज्यादा उपज देती है, जब आप सभी महिलाएं दो नंबर खेत पर इस धान को लगाएंगे तो आपको ज्यादा पैदावार मिलेगा, जिससे आपके घर में विकास एवं खुशियाली आएगी। इस दौरा विभिन्न प्रकार के कृषि तकनीक से संबंधित जानकारी महिलाओं को दी गई। मौके पर दर्जनों की संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### अज्ञात लोगों ने खड़ी ट्रक में लगाई आग धू-धू कर जला



ट्रक में लगी आग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ न्यू बस स्टैंड परिसर में गुरुवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे अज्ञात शरारती तत्वों ने न्यू बस स्टैंड में खड़ी एक ट्रक जेएच 02 एएल/6302 में आग लगा दी। जिससे ट्रक का अधिकांश भाग जल गया। ट्रक में आग लगाए जाने की सूचना पाकर रात्रि में ही बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ पहुंचे। जहां ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया तब तक ट्रक के अधिकांश भाग जल गए थे। ट्रक के मालिक अबू बकर ने बताया कि ट्रक खराब होने का कारण उसका बैटरी एवं पाइप खोलकर बनाने के लिए दिया गया था इसी बीच अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इधर बालूमाथ पुलिस ने कहा के आग शॉर्ट सर्किट से लगी है, या शरारती तत्व द्वारा लगाया गया है पुलिस सारे पहलुओं के एक साथ मे रखकर जांच कर रही है।

### धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



पुजा करते शिव भक्त।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के महावीर मंदिर बालूमाथ, शिव मंदिर वन विभाग, शिव मंदिर टमटम टोला, शिव मंदिर बड़का बालूमाथ, आदर्श नगर दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर ब्लॉक कॉलोनी, शिव मंदिर थानां परिसर, समेत कई मंदिरों में धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में पहुंचकर वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। इस मौके पर कई मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था एवं कई मंदिर परिसर में कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। बालूमाथ महावीर मंदिर में अखंड कीर्तन सुबह से ही की जा रही थी। जिसमें उपेंद्र रंगीला, अरुण साहू, दशरथ पासवान, आशीष ओझा, सुरेश राम समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इधर आदर्श नगर ब्लॉक कॉलोनी में सात दिवसीय रूद्र महा यज्ञ में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उम्र पड़ी। वहीं श्रद्धालुओं ने गुरुवार को हुये प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान शिव, माता दुर्गा पवनसुत हनुमान एवं नंदी भगवान पर पूजा अर्चना किया। वही यज्ञ मंडप में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर मनोकामना की।

### लातेहार व पलामू एसपी व एसडीपीओ पति-पत्नी ने किया पूजा अर्चना

**बारियातू।** थाना परिसर मे नवनिर्मित मंदिर परिसर मे शिव रात्रि के अवसर पर लातेहार एसपी अंजनी अंजन व उनके पत्नी पलामू एसपी रिश्मा रमेसन व बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम पति पत्नी के साथ पहुँचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया। साथ ही क्षेत्र के सुख समृद्धि व शांति की भी कामना किए। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर व एएसआई नीरज दुबे ने शिव रात्रि के अवसर पर मुख्य रूप से उपासना कर भोले नाथ शिव का पूजा किया।

## महाशिवरात्रि पर बरवाडीह के सभी शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# भगवान भोलेनाथ क्षेत्र वासियों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें : रामचंद्र सिंह

● देर शाम धूमधाम से निकाली गई भगवान भोलेनाथ की बारात

**हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के नारों से गूंज उठा माहौल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पहाड़ी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पलामू प्रमंडल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन करने रेल और सड़क मार्ग से पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इधर विद्यायक रामचंद्र सिंह ने भी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पहाड़ी शिव मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बना हुआ था। इसके उपरांत विधायक ने सरईडीह, कुटमू सहित क्षेत्र के कई शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। वहीं कुटमु-सरईडीह सीमा पर स्थित बड़का पुल के समीप शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने राज्य समेत मनिका विधानसभा क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ क्षेत्र वासियों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। इधर जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मण्डल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह और उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत कई नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की।



पूजा अर्चना करते विधायक।

इस दौरान अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, अंचल अधिकारी संतोष कु.शुक्ला, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिज, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह समेत अन्य पुलिस के अधिकारी शिवरात्रि की विधि व्यवस्था पर लगातार नजर बनाने के साथ-साथ सभी शिवालयों में भीड़भाड़ को नियंत्रण करने को लेकर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

### देर शाम निकली भगवान शिव की बारात

महाशिवरात्रि के अवसर पर देर शाम पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण से भगवान भोलेनाथ की बरात निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए देर रात बरवाडीह थाना परिसर में स्थित शिव मन्दिर पहुंची। जहां पूरे विधि-विधान से माता शिव पार्वती का ब्याह वैदिक मंत्रोचार के बीच सम्पन्न हुआ। शिव बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाशिवरात्रि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सभी शिवालयों और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, तेतर यादव, समाजसेवी अनिल सिंह, दीपू तिवारी, नजाम अंसारी, अवधेश मेहरा, अजीत गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया बेतला नेशनल पार्क के प्राकृतिक व्याख्या केंद्र का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बेतला राष्ट्रीय उद्यान के समीप स्थित प्राकृतिक व्याख्या केंद्र का औचक निरीक्षण शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्याख्या केंद्र की वर्तमान स्थिति देखकर नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद वनपाल से गहनता से पूछताछ की। सांसद प्रतिनिधि ने बताया की लगभग 8 माह पहले वन विभाग के द्वारा सभा कक्ष की मरम्मती कराई गई थी। मरम्मती के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष महोदया पूनम देवी और भाजपा नेता रामदेव सिंह के साथ खुद हमने कार्य का निरीक्षण किया था। जहां जिला परिषद महोदया ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश भी वन विभाग के अधिकारियों को दिए थे। बावजूद इसके मरम्मती के कार्य में काफी अनियमितता बरती गई है, और वन विभाग द्वारा सरकारी पैसों का दुरुपयोग करते हुए बंदरबांट किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद वनपाल से मरम्मती कार्य की लागत राशि पूछे जाने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि व्याख्या केंद्र की मरम्मती हुए छह माह भी नहीं हुआ है और सीलिंग की स्थिति बहुत जर्जर हो गया है। वहीं अन्य कार्यों की स्थिति भी निराशाजनक है। क्योंकि वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र अंतर्गत गोपनीय ढंग से कई कार्य कराए जाते है, लेकिन जनप्रतिनिधियों या स्थानीय अधिकारियों तक को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती है। ऐसे में कई कार्य कागजों में ही सम्पन्न करा दिए जाते है, जो की जांच का विषय है।



व्याख्या केंद्र की मरम्मती कार्य का निरीक्षण करते अजय सोनी।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से किया पूजा अर्चना



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में शांतिपूर्ण व श्रद्धा पूर्वक भगवान शिव की पूजा अर्चना किया गया। वहीं सिंजो पंचायत स्थित शिव मंदिर, दोमुहान शिव मंदिर,मनिका बाजारटांड़ थाना के समीप शिव मंदिर, नामुदाग पंचायत स्थित मानिकेश्वर मंदिर, समेत क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा करने के लिए सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। जहां पर मंदिर के पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रूप से श्रद्धालुओं का पूजा संपन्न करवाया गया।

## चंदवा सरोज नगर से तीन युवकों को मिला नियुक्ति पत्र, खुशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड से सटे सरोज नगर मुहल्ले से तीन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर देखी जा रही है।बुधवार को रांची में आयोजित नियुक्ति कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के हाथों अभिषेक कुमार गुप्ता, सत्यप्रकाश तिवारी व सत्यम कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बता दें कि सरोजनगर निवासी सुरेश प्रसाद गुप्ता के द्वितीय पुत्र अभिषेक कुमार गुप्ता के पथ निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर पद पर चयन हुआ है, नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार गुप्ता माता उर्मिला देवी पिता सुरेश गुप्ता व बड़े भाई अमित गुप्ता के संघर्ष से प्राप्त सफलता के लिए जेपीआरवीएम प्रखंड कमिटी व झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा की प्रखंड कमेटी की इकाई ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। बता दे कि अभिषेक 10 वी का टॉपर भी रह चुका है। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा खीस्त राजा विद्यालय से हुई है। इसके अलावे सरोजनगर निवासी सूर्यभान तिवारी के पुत्र सत्यप्रकाश तिवारी का चयन जल संसाधन विभाग के जूनियर इंजीनियर पद पर चयन हुआ है।इनकी प्रारम्भिक शिक्षा खीस्त राजा विद्यालय से हुई है। सत्यप्रकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों के अलावे अपने दादा रामेश्वर तिवारी को दी है। जिन्होंने उनकी पूरी शिक्षा का वहन कर कभी कोई कोर कसर नही छोड़ी। वर्तमान में वे गार्डन रिच शिपयार्फ एन्ड इंजीनियर लिमिटेड कोलकाता में कार्यरत थे। वहीं डीप नारायण यादव के पुत्र सत्यम कुमार आरसीडी विभाग में कनीय अभियंता के रूप में चयनित हुए है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा चंदवा के खीस्त राजा विद्यालय से हुई थी। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता चमेली देवी, पिता दीप नारायण यादव आशीर्वाद व अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। तीनो के चयन पर चंदवा के प्रबुद्ध नागरिको ने उनके परिजनों को बधाई व शुभकामना दी है।



अपने परिजनों के साथ अभिषेक गुप्ता।



अपनी माता के साथ सत्य प्रकाश तिवारी।

## पीएम व रेल मंत्री से महताब आलम ने लातेहार में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रूकवाने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महताब आलम ने रांची बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का लातेहार स्टेशन पर स्टॉपेज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है। आगामी 12 मार्च से रांची से वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे। झारखंड में यह तीसरी वंदे मातरम एक्सप्रेस ट्रेन है। यह ट्रेन साढ़े छह घंटा में रांची से वाराणसी की दूरी तय करेगी। रांची से सुबह 5.50 में रवाना होगी और दोपहर 12.10 बजे वाराणसी पहुंचेगी। जबकि वाराणसी से दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी। लातेहार जिला के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष महताब आलम ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महोदय ने यह वादा किया था की रांची से बनारस के लिए वंदे भारत ट्रेन का परिचालन किया जाएगा, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की हर बात गारंटी की तरह होती है साथ ही महताब आलम ने कहा की लातेहार जिले में वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज भूल वश नहीं हो पाया है, बनारस औद्योगिक नगरी है लातेहार जिले से बहुत सारे लोग व्यवसाय के सिलसिले में एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन करने जाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री से आग्रह किया है कि लातेहार स्टेशन पर वंदे भारत का स्टॉपेज होने से आम नागरिकों को काफी राहत होगी।



महताब आलम।

### राजद नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने कार्यकताओं से की मुलाकात



कार्यकताओं से मुलाकात करते राजद नेता सुरेश राम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** राजद नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने अपने कार्यकताओं के साथ हेरहंज पहुंचे.जहां प्रखंड क्षेत्र के कार्यकताओं ने उन्हें बस स्टैंड के समीप कोमल स्वीट होटल परिसर में जोरदार स्वागत किया.राजद नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी श्री राम ने बस स्टैंड के समीप सभी लोगों से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में लोकल प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है.कहा जात पात का भेद भाव मिटाकर अपने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने के लिए एक बार लोकल प्रत्याशी को वोट देकर भारी से भारी मतों से विजय बनाएं.झारखंड की गठबंधन सरकार अगर आलाकमान के द्वारा राजद को सीट देती है तो कार्यकताओं ने जोश खरोश के साथ जिताने का संकल्प लिया है.आगे कहा चतरा लोकसभा क्षेत्र में आजादी के 75 वां वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी राजनीतिक दल से टिकट देने का काम नहीं किया है।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के प्रयास से जिला प्रशासन ने दिव्यांग को उपलब्ध कराया ट्राइ साइकिल

# उपायुक्त ने 24 घंटे के भीतर दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध करा कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सार्थक प्रयास के बाद उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन के द्वारा दिव्यांग राजीव प्रजापति को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया। आग्रह के 24 घंटे के अंदर दिव्यांग को ट्राई साइकिल मिलने के बाद प्रतुल शाहदेव ने लातेहार जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की लातेहार की उपायुक्त ने 24 घंटे के भीतर एक दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराकर एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।ज्ञातव्य है कि 6 तारीख को प्रतुल शाहदेव जब अपने पैतृक गांव रोल गए थे, तब दिव्यांग राजीव प्रजापति ने उनसे मुलाकात करके अपनी टूटी हुई ट्राई साइकिल दिखाई थी। इस टूटी हुई ट्राई साइकिल के कारण वह कहीं भी आने जाने में असमर्थ थे। इस बात को बताते बताते प्रजापति बहुत भावुक भी हो गए थे।

प्रतुल ने अविलंब इस मुद्दे को लेकर ट्वीट किया और उपायुक्त महोदया से संपर्क करके ट्राई साइकिल बदलने का आग्रह किया। उपयुक्त लातेहार के संज्ञान में आने के 24 घंटे के भीतर ही राजीव प्रजापति को नई ट्राय साइकिल चंदवा प्रखंड कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया। उपायुक्त लातेहार ने इस मुद्दे पर ट्वीट करते हुए प्रतुल शाहदेव के ट्वीट के स्क्रीन शॉट को लगाते हुए लिखा कि इस मामले में संज्ञान लेकर नई ट्राय साइकिल उपलब्ध करा दी गई है। प्रतुल ने उपायुक्त की संवेदनशीलता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे इस दिव्यांग के आंखों के आंसू को पोंछने में उन्होंने बड़ी मदद की है। प्रतुल ने कहा कि जिस गति से जिला प्रशासन, लातेहार ने दिव्यांग भाई प्रजापति की मदद की, उस गति से कॉरपोरेट सेक्टर में भी कार्य नहीं होता है।



दिव्यांग को ट्राईसाईकल देते सीओ व अन्य।

## एक नजर में

### सरना समिति की बैठक संपन्न, 11 अप्रैल को सरहुल पर्व मनाने को लेकर किया गया चर्चा



बैठक के दौरान मौजूद समिति के लोग।

**लातेहार।** आदिवासी ओसावाड़ा में जिला सरना समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष के हरदयाल भगत ने किया। बैठक का संचालन समिति के सचिव बिरसा मुंडा ने किया। बैठक में ग्यारह अप्रैल सरहुल पर्व मनाने को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया। उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि सरहुल पर्व मनाने में सभी बुद्धिजीवियों, नौजवानो, महिलाओं की भुमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही समाज के अंदर अंधविश्वास से दूर रखने के बात कही गई। संवैधानिक रूप जागरूक होनी चाहिए तभी समाज में विकास की कल्पना किया जा सकता हैं। मौके पर प्रोफेसर तुलेश्वर उरांव, जिप सदस्य विनोद, उरांव ग्राम प्रधान सुकु उरांव, सेलेस्टीन कुजुर, लाल मोहन सिंह, सर्वजीत उरांव, बालदेव उरांव, रंथु उरांव, सुदेशवर उरांव, करमलाल उरांव, मोती उरांव, आयरन उरांव, रामलाल उरांव, पहलु उरांव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत में राजद के पंचायत कमिटी का गठन किया गया

**हेरहंज।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत में पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज गंझू उर्फ बसंत गंझू ने किया। जिसमें सर्वसमिति से पंचायत अध्यक्ष तुलेश कुमार भोक्ता, उपाध्यक्ष रूपेश यादव, सचिव चंद्र शेखर उरांव, महासचिव प्रेम कुमार भोक्ता, कोषाध्यक्ष उमेश राम को बनाया गया। तथा पंचायत कार्यकारिणी सदस्य में कोलेश्वर गंझू, नरेंद्र गंझू, रामहयन भुइयां, अखलेश गंझू, रमेश गंझू राजेश गंझू को बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित राजद नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दिए। एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व राष्ट्रीय जनता दल के विचारधारा को बताए। मौके पर उपस्थित प्रदेश सचिव ब्यास यादव, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री प्रीतलाल यादव, हेरहंज प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अनिल यादव, ब्रजेश यादव, अमरेश भोक्ता, रंजीत गंझू, जगरनाथ गंझू, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत गंझू, हेरहंज पंचायत के अध्यक्ष हीरामन राम, सुनील राम, रामलखन गंझू, रंजीत यादव, चलीतर गंझू के अलावे राजद के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा पंचायत कमेटी का किया गया विस्तार



बैठक करते भुईया समाज के लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के बालुभांग पंचायत ग्राम स्थित शुक्रवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का बैठक कुंजन भुईया के अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष विजय भुइयां ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि विजय ने उपस्थित अपने समाज के लोगों को सामाजिक परिवर्तन करने के लिए शिक्षा पर जोर, नशामुक्त समाज बनाने, कुरुतियों को मिटाने सहित कई बिन्दुओ पर चर्चा किया। वहीं उपस्थित समाज के लोगों ने पंचायत स्तरीय कमेटी विस्तार पर चर्चा किया, चर्चा के पश्चात उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष पुनम देवी, सचिव जोंगल भुइयां, कोषाध्यक्ष अंजु देवी को बनाया गया। नवचयनित पंचायत कमिटीयों ने कहा की आपलोग इस योग्य समझा की हमलोग को पंचायत का पद सौंपा गया। हमलोग अपने दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष भुईयां ने कहा कि समाज का विकास करना है तो हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। शराब को छोड़ना होगा,अंधविश्वास की ओर भटकने से बचने सहित कई अन्य बातों पर विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिया।वहीं उपस्थित सभी लोगों ने नशा खोरी नहीं करने के लिए संकल्प लिया। मौके पर उबलू भुईया, राजदेव भुईया, सकुना देवी, फगदी देवी, सविता देवी, कविता देवी, सोहन, रघु, गुडन, महेंद्र, सरहुल, सुगिया देवी, अंजु देवी सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

### शहर में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि पर्व, भोलेनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

**लातेहार।** शुक्रवार को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। बाजारटांड़, सोमेश्वर सांई मंदिर, बिजली ऑफिस स्थित मंदिर, जालीम खुर्द, स्टेशन, नावागढ़, पतरातु समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ बेलपत्र, धतूरा, भाग, पुष्प, फल से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। दूध व जल से शिवजी का अभिषेक किया गया। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को कई शिवालयों में शिव-पार्वती का सांकेतिक विवाह रचाया गया। साथ ही श्रृंगार पूजा की गई गई। मंदिरों में बज रहे शिवजी के भजन से पूरा प्रखंड शिवमय हो गया। शिव मंदिरो में पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। शिवरात्रि के मौके पर लगे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताते चले की सभी मंदिरों में शिव भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली और मंदिरों को भी काफी अच्छे से सजाया गया है। फागुन माह के समय भगवान शिव की शादी हुई थी, और इसी दिन ज्योतर लीग प्रकट हुए थे। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में सुबह चार बजे से ही मंदिरों में शिव भक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। महाशिवरात्रि के पर्व पर खासतौर पर महिलाएं व्रत रखती हैं। महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के पूजा-पाठ करने के लिए विशेष तैयारी की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

# विटामिन की कमी से बचें आहार में करें परिवर्तन



मदद करता है। इसकी कमी होने पर त्वचा रोग, झुर्रियां, इम्यून सिस्टम कमजोर, महामारी के समय हैवी ब्लीडिंग, हृदय रोग और आंखों संबंधित बीमारियां होने लगती हैं। विटामिन 'सी' की मात्रा कम होने पर शरीर कुछ संकेत देता है, जिसे पहचान कर आप बहुत सी प्रॉब्लम को दूर कर सकते हैं। आज आपको विटामिन 'सी' की कमी के लक्षण और इसकी कमी को पूरा करने के लिए कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जिससे आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

स्वस्थ रहने के लिए शरीर को विटामिन और खनीज पदार्थों की जरूरत होती हैं। शरीर में विटामिन्स की कमी होने पर बहुत सी बीमारियों का खतरा बढ.जाता है। विटामिन 'सी' यानि एस्कॉर्बिक एसिड भी शरीर को स्कर्वी बीमारीयों से बचाने में

## विटामिन 'सी' की कमी को पूरा करने वाले आहार

**आंवला**

विटामिन-सी से भरपूर आंवला का सेवन शरीर को स्वस्थ और निरोग बनाएं रखने में काफी मददगार साबित होता है।

**2. संतरा**

संतरे में विटामिन सी और फाइबर भरपूर मात्रा में पाएं जाते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीआक्सीडेट्स कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने में मदद करता है।

**3. चौलाई**

कई विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर सिर्दयों में चौलाई का सेवन सर्दी-खांसी के साथ-साथ शरीर में विटामिन सी की कमी को भी पूरा करता है।

**4. शिमला मिर्च**

शिमला मिर्च का सेवन शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करने का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसका सेवन करने से स्ट्रेटस, थकान, कमजोरी और त्वचा संबंधी समस्याएं दूर हो जाती हैं।

**5. मुनक्का**

मुनक्के में विटामिन सी की काफी अधिक मात्रा पाई जाती है। इसलिए यह त्वचा, सांस और इंफेक्शन की समस्याओं को दूर करने के अलावा आंखों की रोशनी को भी तेज करता है।

**6. अंगूर**

अंगूर में कैलोरी, फाइबर के साथ-साथ विटामिन सी, ई और के भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसका नियमित सेवन शरीर को कई रोगों से दूर करता हैं।

**7. दूध**

रोजाना रात को दूध में गुड़ मिलाकर पीने से विटामिन सी की कमी पूरी हो जाती है। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

### विटामिन 'सी' की कमी के लक्षण

- जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द
- त्वचा पर छोटे लाल-नीले स्पॉट पड़ना
- थकान, कमजोरी और बुखार
- अचानक मसूड़ों से खून बहना
- मसूड़ों में सूजन
- अचानक वजन घटना
- बार-बार सर्दी-जुकाम या इंफेक्शन होना
- सांस लेने में तकलीफ
- पाचन समस्याएं

# पांच पौधे जिनसे सुगर हो सकता है नियंत्रित

आजकल सेहत के हिसाब से देखा जाए तो हर 5 में तीसरा शख्स डायबिटीज यानी की शुगर का मरीज है। इन मरीजों को अपने खान-पान का खास ख्याल रखना पड़ता है क्योंकि गलत खान-पान इनकी हालत को ओर भी खराब कर सकता है। अगर यह आऊट ऑफ कंट्रोल हो जाए तो शुगर के लिए इंसुलिन का इस्तेमाल करना पड़ता है लेकिन अगर आप अपने आहार में कुछ ऐसे चीजों को शामिल करेंगे जो डायबिटीक प्रॉब्लम को दूर करने में सहायक होती हैं तो आप इस खतरनाक बीमारी से छुटकारा भी पा सकते हैं। जैसे नीम के पत्ते खाना, करेला का जूस पीना, जामुन की गुठली का चूर्ण इन लोगों के लिए फायदेमंद हैं। इसके अलावा कुछ पौधे भी हैं जो इस रोग से मुक्ति दिलाने में काम करते हैं।

हम आपको ऐसे ही पौधे के बारे में बताते हैं जो घर की सुंदरता के साथ आपको निरोग भी रखते हैं।

**1. तुलसी**



तुलसी को हमारे हिंदू धर्म में पूजा जाता है और यह आपके सबके आंगन में सजी भी दिखेगी। लेकिन सिर्फ डैकोरेशन ही नहीं बलकि सेहत के लिहाज से भी यह काफी फायदेमंद हैं। सिर्दयों में अगर आप तुलसी की चाय पीएंगे तो ठंड से बचे रहेंगे। इसमें तेज एस्ट्रोन वाला स्वाद भरपूर होता है जो तनाव को दूर रखता हैं। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी अच्छी हैं क्योंकि इसे ब्लड में शुगर का लेवल सही रहता है।



**2. पुदीना**

पुदीने का पौधा, हाई और लो दोनों तरह के ब्लडप्रेशर को कंट्रोल में रखता है। पुदीने की चटनी और इसका जूस डायबिटीज लोगों के लिए फायदेमंद हैं इसलिए घर में इसे जरूर लगा कर रखें।

**3. धनिया**



भोजन में स्वाद व खूशबू बढाने के साथ-साथ हरा धनिया थकान मिटाने में बेहद सहायक है। धनिया में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होने से मधुमेह का रोग खत्म हो जाता है। साथ ही इससे खून में इंसुलिन की मात्रा भी नियंत्रित रहती है। इसके साथ ही यह शरीर में बैड कोलेस्ट्रोल की मात्रा घटाने और अच्छे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढाने में भी काफी मददगार साबित होता है।

4. करी पत्ता

करी पत्ते का इस्तेमाल न सिर्फ खाने में स्वाद बढाने के लिए किया जाता है बल्कि इससे अनगिनत रोगों का इलाज भी किया जा सकता है। डायबिटीज के रोगी के लिए करी पत्ता रामबाण का काम करता है। डायबिटीज के रोगियों को 5-6 करी पत्ता रोजाना खाना चाहिए।

**5. लहसुन**



लहसुन के गुणों के बारे में कौन नहीं जानता। ये अपने आप में ही एक लाजवाब औषधि है। लहसुन एंटिऑक्सीडेंट होने के साथ-साथ एक किस्म का ब्लड प्यूरीफायर है। जो हमारे खून को तो साफ रखता ही है साथ ही हाथ पैरों और जोड़ों के दर्द से भी निजात दिलाता है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि लहसुन के इस्तेमाल से कैंसर जैसी बीमारी को भी कंट्रोल किया जा सकता है।

जैसा कि हमने आपको बताया कि ये पौधे हरियाली देने के साथ आपकी सेहत का भी ख्याल रखेंगे। तो बस इंतजार किस बात का, आप भी इन सेहतमंद पौधों को अपने घर पर उगाकर खूद को बनाइए सुपर हेल्दी ।

# डायरिया का लक्षण पहचानें तुरंत करें ईलाज







गर्मी का मौसम अपने साथ-साथ कई बीमारियों को लेकर आता है, जिसमें से एक है डायरिया की समस्या। डायरिया यानि दस्त लगना, जोकि बच्चों से लेकर बड़ों तक को हो सकती है। शरीर में पानी और नमक की कमी की के कारण डायरिया की समस्या होती है। इस प्रॉब्लम के कारण पेट के निचले हिस्से में दर्द, पेट मरोड़ना, उल्टी आना, बुखार और शरीर में कमजोरी हो जाती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ नुस्खे बताएंगे, जिससे आपकी डायरिया की परेशानी तुरंत गायब हो जाएगी।

**बड़ों के लिए घरेलू नुस्खे**

1. नमक और पानी का घोल

डायरिया होने पर 1-2 घंटे के अंतराल में नमक और पानी का घोल बनाकर पीते रहें। दिन में कम से कम 6-7 गिलास बार इस घोल का सेवन करें। डायरिया की समस्या दूर हो जाएगी।

2. अदरक का रस

अदरक के रस में नींबू का रस और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके पीएं। इससे आपको डायरिया के साथ-साथ पेट दर्द से भी राहत मिल जाएगी। इसके अलावा दिन में 3-4 बार अदरक की चाय का सेवन भी डायरिया को दूर करता है।

3. केला और सेब

केले और सेब का सेवन आंतों की गति को नियंत्रण करके दस्त की समस्या को दूर करता है। वहीं केला और सेब के मुरब्बे में मौजूद पेक्टिन भी दस्त की मात्रा को कम करके डायरिया को दूर करता है।

4. चावल

दस्त की समस्या को दूर करने के लिए दिन में कम से कम 3 बार चावल के पानी का सेवन करें। इससे आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

बच्चों के लिए घरेलू नुस्खे

1. शक्कर

बच्चों में डायरिया की समस्या को दूर करने के लिए एक गिलास पानी में 2 चम्मच शक्कर और चुटकीभर नमक और नींबू का रस मिलाकर पीलाएं। इससे बच्चों को तुरंत आराम मिल जाएगा।

2. नारियल पानी

इस प्रॉब्लम को दूर करने के लिए आप बच्चों को नारियल पानी पीलाएं। इसमें मौजूद सभी पोषक तत्व डायरिया के साथ-साथ शरीर की कमजोरी भी दूर करते हैं।

3. दाल का पानी

डायरिया में बच्चों को दाल का पानी, चावल का मांड़ और दही-केला खिलाएं। इसके अलावा पानी में सौंफ का चूर्ण और बेलगिरी मिलाकर बच्चों को पीलाने से भी दस्त की समस्या दूर होती है।

4. अनार के छिलके

अनार के छिलके को सूखाकर उसे पीस लें। इसके बाद इस चूर्ण में शहद मिलाकर बच्चों को दिन में 3-4 बार चाटने के लिए दें। इससे दस्त आने बंद हो जाएंगे।

### डायरिया के लक्षण

**कई बार पतली दस्त होना**
**पेट में ऐंठन**
**जी मिचलाना**
**पेट में दर्द**
**हल्का सिरदर्द**
**चक्कर आना**
**उल्टी**

# सिकल सेल एनीमिया जैसी रोग से बचा रहा इलेक्ट्रो होमिया की चिकित्सा

सिकल सेल एनीमिया जैसी लाइलाज रोग से झारखंड सहित देश के हर कोने में मरीज परेशान और हैरान है। लेकिन राची के इलेक्ट्रो होमियो के चिकित्सक डॉ युगेश्वर राम ने इस रोग के मरीज को मात्र दो माह में चलने फिरने लायक बना दिया। इस संबंध में हरियाणा के रहने वाले छोटू राम शर्मा उम्र 76 वर्ष ने खबर मन्त्र को बताया कि वे करीब दो तीन वर्ष से अपनी कमजोरी और रक्त अल्पता के शिकार होकर चलने फिरने लायक भी नहीं रहे थे। भिवानी, रोहतक जयपुर, संगरुर सहित कई स्थानों पर अपना ईलाज कराया लेकिन कोई आराम नहीं मिला। जनवरी महिने में उनके पुत्र जो रांची में रहते है उन्हें डॉ युगेश्वर से अपने पिताजी की स्थिति बतायी। वगैर देर किये जनवरी में रांची आये। इसके बाद उनका इलाज इलेक्ट्रो होमियो पैथ से ईलाज आंरभ हुआ। छोटू राम शर्मा ने बताया कि सिर्फ रक्त की जांच के आधार पर दवा आंरभ किया गया और मात्र दो माह में वे रातू रोड से अपने अलकापुरी स्थित बेटे के निवास तक पैदल चलने लगे। यह दूरी लगभग दो किलोमीटर है। इससे पूरे परिवार में प्रसन्नता की लहर है। मैं कारोबारी हूं और अप्रैल माह में हरियाणा जा रहा हूं लेकिन तीन माह की दवा लेकर जा रहा हूं। उन्होंने बताया कि हमारा बेटा चर्म रोग से परेशान था और इसी क्रम में रातू रोड दुर्गा मंदिर के समीप डॉ युगेश्वर से मिला था। मात्र 15 दिनों में ही महिनों का रोग समाप्त हो गया। इससे उत्साहित होकर उन्होंने अपने पिता की समस्या बतायी और डॉ युगेश्वर के कहने पर अपने पिता को हरियाणा से रांची बुलाया। मात्र रक्त जांच के आधार पर ईलाज आरंभ किया गया और दो माह में ही परिणाम सामने आया है।होमोग्लोबीन का स्तर जो 3.96 से मात्र दो माह में 7.90 बढ़ गया। अभी चार माह की



दवा और दी गयी है जिसके बाद उनका रोग सिकल सेल एनीमिया जड़ से समाप्त हो जाएगा। डॉ युगेश्वर ने बताया कि उन्हें इस बात की आंशका थी कि मरीज इसी रोग से ग्रसित है और इसका ईलाज अन्य माध्यमों से संभव भी नहीं है। विशेषकर झारखंड में सिकल सेल एनीमिया के मरीज बड़ी संख्या में है। रक्तअल्पता से जुड़ें इस रोग में निश्चित तौर पर इलेक्ट्रो होमियो में है। लंबे समय से इस क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉ युगेश्वर ने बताया कि इलेक्ट्रों होमियो के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है और कई ऐसे रोगों का ईलाज कम से कम पैसे में संभव है।

**डॉ युगेश्वर, इलेक्ट्रो होमियों क्लीनिक,**

# मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल्स वीवर्स हॉस्पिटल रांची में महिला दिवस



मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल्स वीवर्स हॉस्पिटल रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत अस्पताल निदेशक श्री विश्वजीत कुमार द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि मैडम संध्या रानी मेहता, आईपीएस, ने मेदांता की महिला कर्मचारियों को साहसी बनने और काम के मोर्चे को साहसपूर्वक प्रबंधित करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित अतिथि डॉ. अनिंद्य ने एक सुंदर प्रस्तुति साझा की कि कैसे महिलाओं को कई मोर्चों का प्रबंधन करने और उन सभी में उत्कृष्टता प्राप्त करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मेदांता ने अपनी चयनित पांच महिला कर्मचारियों को वूमेन ऑफ करेज अवार्ड भी प्रदान किया। इस दिन को मनाने के लिए महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए अन्य मनोरंजक और खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री विश्वजीत कुमार ने हॉस्पिटल की महिला कर्मचारियों तथा डाक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि

महिला कर्मचारियों का योगदान अस्पताल के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका समर्पण, सौजन्य, और उत्कृष्टता से भरा हुआ काम हमें गर्वित बनाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उनका योगदान असीम है और हम उनके साथ हैं, उनके साथ बढ़ते हैं। उन्हें समर्थन और सम्मान का सही मौका देना हमारी प्राथमिकता है।

## नया जानने की चाह

ऐसे लोग अपना निर्णय खुद लेते हैं और उसकी जिम्मेदारी भी किसी और पर नहीं डालते। ऐसे लोग अहंकारी हो ही नहीं सकते। क्योंकि ऐसे लोगों के पास फालतू के कामों के लिए ऊर्जा नहीं होती। कामयाब लोग हर समय कुछ न कुछ नया जानने की फिराक में रहते हैं। ये लोग परेशानियों को एक नई चुनौती के रूप में देखते हैं। सूरज निकलने के पहले दिन शुरू करते हैं तो उनके लिए कभी भी समय की कमी नहीं होती।

## रचनात्मकता

कामयाब लोगों का एक और खास गुण होता है कि उनमें कोई एक न एक रचनात्मकता जरूर होती है। कोई सितार बजाता है, कोई चित्रकार होता है, कोई गल्प लिखने में माहिर होता है और सबसे बड़ी बात ये है कि कामयाब लोगों के काम बड़े मजबूत होते हैं। ये धैर्य के साथ दूसरों को सुनते हैं। जरा सी बात पर उत्तेजित नहीं होते।

## पढ़ाई में अव्वल

एक शिक्षण संस्थान ने अपने सीमित आकलन में पाया है कि जो छात्र सुबह जल्दी जगते हैं, उनकी कामयाबी की दर उन लोगों से 50 फीसदी ज्यादा है, जो सुबह देर से जगते हैं। मतलब साफ है कि अगर कामयाब होना है तो जीवन में, पढ़ाई में, सुबह जल्दी जगना होगा। सुबह जल्दी उठने से शरीर में ऊर्जा का लेवल शानदार रहता है।

## एकाग्रता व मानसिक सेहत

दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात ये होती है कि सुबह जल्दी जगने वाले लोग दिन के ज्यादातर समय अपने काम में मन लगा पाते हैं। उनकी एकाग्रता बनी रहती है। ऐसे लोगों में ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल भी दूसरे लोगों के मुकाबले नियंत्रण में रहता है। सुबह जल्दी उठने वाले लोग शरीर से ही नहीं, दिमाग से भी फुतीर्ले होते हैं और ऐसे लोगों की फूड हैबिट्स आमतौर पर ज्यादा हेल्दी पायी गई हैं। सुबह जल्दी जगने वाले लोगों की नींद की गुणवत्ता देर से उठने वाले लोगों के मुकाबले बेहतर होती है। इनका मेंटल स्टेटस भी दूसरों से बेहतर होता है।

जो लोग सुबह सूरज उगने के पहले जगते हैं, उनके शरीर का सर्केडियन रिद्म हमेशा कायम रहता है, उनके पास देर से उठने वाले लोगों के मुकाबले अपने लिए 10 से 15 प्रतिशत वक्त ज्यादा होता है। इसलिए सुबह जल्दी जगने की शुरूआत कीजिए, जिंदगी खुद ब खुद व्यवस्थित हो जायेगी।

# गर्मियों में गुलकंद का सेवन लू से बचाये



गुलाब के फूल से तैयार गुलकंद खाने में स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए फायदेमंद होता है। गर्मियों में इसके सेवन से लू से राहत मिलती है। इसके अलावा यह हाथों-पैरों में होने वाली जलन को खत्म करता है। आयुर्वेद में इसका प्रयोग दवाइयां तैयार करने के लिए किया जाता है। गुलकंद में विटामिन सी, ई और बी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से शरीर ठंडा रहता है और गर्मी के कारण होने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है। गुलकंद बनाने का तरीका सामग्री

गुलाब की पंखुडियां- 200 ग्राम शक्कर- 100 ग्राम

छोटी इलायची (पीसी हुई)- 1 टीस्पून सौंफ (पीसी हुई)- 1 टीस्पून

विधि1. गुलाब की पंखुडियों को धोकर किसी कांच के बर्तन में डालें।

2. फिर इसमें सारी सामग्री अच्छी तरह से मिलाएं और इसे ढक्कर 10 दिन धूप में रखें। 3. इसे बीच-बीच में हिलाते रहें।

4. जब आपको लगे पंखुडियां गल चुकी है तो समझो गुलकंद बन कर तैयार है।जानिए गुलकंद खाने के फायदे

**शरीर को रखें तरोताजा**

गुलकंद के सेवन से शरीर तरोताजा रहता है और पेट को ठंडक मिलती है। गर्मी के कारण होने वाली थकान, आलस्य, मांसपेशियों का दर्द और जलन आदि से छुटकारा से मिलता है। यह शरीर को एनर्जी देने वाला एक शीतल टॉनिक है। नकसीर फूटने से बचाए गर्मियों में तेज धूप लगने के कारण नकसीर फूटने के खतरा होता है। इससे बचने के लिए धूप में निकलने से पहले 2 चम्मच गुलकंद खाएं।

गर्भवती महिलाएं के लिए इसका सेवन बहुत फायदेमंद है। प्रेगनेंसी में अगर कब्ज की शिकायत हो तो इसे खाने से बहुत जल्दी छुटकारा मिलता है।

**ग्लोइंग फेस**

रोजाना गुलकंद खाने से फेस ग्लो करने लगता है क्योंकि यह ब्लड साफ करने में मदद करता है। इससे स्किन प्रॉब्लम जैसे, ब्लैकहेड्स, एक्ने और मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है।

**मुंह के छालों से मिले राहत**

शरीर में गर्मी पड़ने पर कई बार मुंह में छाले होने लगते हैं। इस से राहत पाने के लिए सुबह-शाम 1-1 चम्मच गुलकंद खाएं। इसके अलावा यह मसूड़ों की सूजन से भी राहत दिलाता है।

आस्था का महासंगम

# हर हर शंभू... महादेवा... हर हर शंभू

## स्वर्णरेखा महा आरती देखने उमड़ी भीड़, मंत्री बन्ना गुप्ता ने की श्रद्धालुओं की आगवानी


दोमुहानी घाट पर स्वर्णरेखा आरती देख मुग्ध मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता।


दोमुहानी घाट पर उपस्थित लोग।


महा आरती पेश करते बनारस से आये पंडित।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सोनारी दुमुहानी घाट पर आस्था का महासंगम का समापन स्वर्णरेखा महा आरती के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बनारस से आये 21 पंडितों ने भव्य स्वर्णरेखा आरती प्रस्तुत की। हजारों लोग इस अवसर पर सपरिवार मौजूद थे। इस बार लोगों के बैठने से लेकर सुरक्षा तक की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। दोमुहानी घाट पर मंच की भव्यता सबका मन मोह रही थी। भगवान शिव की विशाल प्रतिमा और प्रतिमा के दोनों तरफ नमन वाले दो जोड़े हाथ पर प्रकाश पड़ने पर विहंगम दृश्य उत्पन्न हो रहा था। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता की उपस्थिति में नदी पूजन की प्रक्रिया भी पंडितों ने पूरी करायी। स्वर्णरेखा आरती के पूर्व सारेगामा फेम गायिका श्रद्धा दास ने हर-हर शंभू ...महादेवा भजन प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। शाम सवा सात बजे से बनारस से पधारे 21 पंडितों ने भव्य गंगा आरती शुरु की.....जय गंगा माता....मैया जय गंगे माता.... और आरती के दौरान पार्श्व में मनोहारी आतिशबाजी भी हुई। इसके पूर्व सुबह में महासंगम की शुरूआत स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने सुबह में कलश यात्रा को विदा कर की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाएं हाथ में कलश लेकर भगवान भोले की आराधना और सेविंग लगाते हुए स्वर्णरेखा नदी से निकलीं। कलश यात्रा जुलूस सोनारी और कदमा के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुए मंदिरों और शिवालयों में जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि धर्म और आस्था का सोनारी दुमुहानी अद्भुत संगम स्थल बन चूका हैं इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का बीड़ा मैंने उठाया हैं जिसके कड़ी में स्वर्णरेखा का सौंदर्यकरण हो रहा है, सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है, साफ सफाई किया जा रहा हैं।

### दोमुहानी संगम स्थल को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए मेरा संकल्प है : बन्ना

स्पीड न्यूज

### फूड प्लाजा सिदगोड़ा में 2 लाख पार्थिव शिवलिंग का किया गया पूजन

**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आज सार्वजनिक दुर्गा पुजा कमिटी (फुड प्लाजा) सिदगोड़ा में करीब 2 लाख पार्थिव शिवलिंग का पुजन किया गया। इस अवसर पर 5 व्यक्ति यजमान के रुप में एवं 1व्यक्ति मुख्य यजमान थे। मुख्य यजमान के रुप में दिलिप कुमार झा एवं यजमान के रूप में श्री राजेंद्र कर्ण, चन्दभाल जी, रवि रंजन, रविन्द्र मिश्र एवं मिथलेश कुमार झा थे। 3 पण्डित जी ने मिलकर पुजा सम्पादित कराया। आचार्य गोविंद झ के संग पण्डित दामोदर जी एवं अनिल मिश्र थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहन ठाकुर महासचिव धर्मेश कुमार झा के अलावा कार्यकर्ता आर्यन, विकास, शिवम बिलास जी, देवेन्द्र झा प्रणय झा, रोशन कुमार सत्यम झा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर समस्त जमशेदपुर के मिथिला समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम शिवालय में सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ की पूजा की। ओडिशा के राज्यपाल सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी सूर्यधाम के शिवालय में देवाधिदेव महादेव एवं माता पार्वती, श्रीराम दरबार और सूर्य भगवान की पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर जलार्पण कर झारखंड सहित ओडिशा वासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सूर्यधाम शिवालय पूरा दिन बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण पूरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात रहे।

# 2025 तक टाटा स्टील के वर्कफोर्स में 25 प्रतिशत होंगी महिलाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो


हैवी अर्थ मुवर्स चलाने वाली महिला टाटा स्टील कर्मी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जिस तरह अपनी उन्नत महत्वाकांक्षाओं की ओर आगे बढ़ रही है, वह सशक्त महिला कार्यबल भागीदारी की कल्पना कर रही है। कंपनी 2025 तक अपने कार्यबल में 25% विविधता हासिल करने के लक्ष्य के प्रति दृढ़ है। भविष्य के कार्य की कमान महिलाओं के हाथ में होना हमारे द्वारा देखे गए लंबे सामाजिक विकास का एक अपरिहार्य परिणाम है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिलाओं ने अपनी पहचान न बनाई हो। यह प्रवृत्ति और तेज होने वाली है। कंपनी एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां उस पर बदलाव के लिए खुद को तैयार करने और कार्यस्थल को अपनी महिला कर्मचारियों के लिए अधिक अनुकूल और समावेशी बनाने की जिम्मेदारी है। टाटा स्टील को सांस्कृतिक रूप से भविष्य के लिए तैयार करने के हमारे सामूहिक प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इस्पात उद्योग की प्रकृति ऐसी है जो कई सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाएँ उत्पन्न करता है। हमारे सामाजिक ताने-बाने में रची-बसी रूढ़िवादिता के कारण संरचनात्मक चुनौतियाँ और बढ़ जाती हैं। हालाँकि, टाटा स्टील दृढ़ बनी हुई है और अग्रणी अभ्यासों और नीतियों को पेश करके चुनौतियों का सामना किया है। कंपनी ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षु और ट्रेड अपरेंटिस बैच में महिलाओं की संख्या बढ़ा दी है। संगठन के लिए युवा महिला अधिकारियों की एक टैलेंट पाइपलाइन तैयार करने के लिए 'वीमेन ऑफ मेटल' जैसी पहल, एक अद्वितीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम है, जिसमें महिला इंजीनियरिंग छात्राओं को छात्रवृत्ति, इंटर्नशिप और कंपनी के साथ नौकरी के अवसर प्रदान किए जाते हैं। कंपनी 'एंगेज' और 'इग्नाइट' नामक परामर्श कार्यक्रमों और नेतृत्व विकास कार्यशालाओं के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए उच्च क्षमता वाली महिला अधिकारियों की पहचान करती है और उन्हें तैयार करती है। 'फ्लेम्स ऑफ चेंज' पहल के तहत, टाटा स्टील ने भारत में इस्पात उद्योग में महिला अग्निशामकों का पहला दल बनाने के लिए 23 महिलाओं की नियुक्ति की। अपनी 'वुमेन@माइंस' पहल के माध्यम से, टाटा स्टील माइन में सभी शिफ्टों में महिलाओं को तैनात करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई। 1 सितंबर, 2019 से ओएमक्यू डिवीजन में सभी तीन शिफ्टों में महिलाओं को तैनात किया गया है।

इस पहल का समर्थन करने के लिए रखरखाव और खनिज प्रसंस्करण अनुभागों में महिला अधिकारियों की भर्ती भी की गई। अब तक, टाटा स्टील ने लगभग 100 महिलाओं को हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) ऑपरेटरों के रूप में शामिल किया है - जो मानसिक रूढ़िवादिता को तोड़ने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ऐसी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को कुशल बनाने के लिए तेजस्विनी 2.0 कार्यक्रम शुरू किया गया है। टाटा स्टील के भीतर समावेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां लागू की गई हैं जैसे एजाइल वर्किंग मॉडल, 'एब्सोल्यूट वर्क फ्रॉम होम' के साथ अन्य रेसिलिएन्ट वर्क मॉडल, 'राहत' (महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश) की शुरूआत, टेक टू पॉलिसी (एक नियुक्ति कार्यक्रम, महिला पेशेवरों को करियर ब्रेक पर या अन्यथा टाटा स्टील के साथ अपने करियर को फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए), गोद लेने के लिए जेंडर न्यूट्रल सहायता नीति और महिलाओं को किसी भी अवधि की छुट्टी के बाद कार्यबल में लौटने में सक्षम बनाने वाली नीति आदि।

एक नजर में

### साई देवस्थानम शिव मंदिर में हजारों लोगों ने किया जलाभिषेक



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संसथान , जमशेदपुर के तत्वधान में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन प्रातः 5.00 बजे से शाम 5.00 तक आस पास के बहु संख्या में भक्त गण भोले बाबा का पूजन जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किये। सुबह से ही भोले बाबा के शिवलिंग पर जल ढालने के लिए लम्बी कतार लगी हुई थी। संध्या 6.00 बजे से अगले दिन 9 मार्च प्रातः 5 बजे तक महाशिवरात्रि विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर अनुष्ठान का शुभारंभ आचार्य नन्दलाल मिश्र के द्वारा संकल्प पूजन अनुष्ठान प्रधान यजमान संस्था के अध्यक्ष श्री अनुप रंजन सपत्नी के कर कमलो से हुआ। विशेष पूजन में नमक चमक रुद्राभिषेक , रूद्र हवन , पुष्पांजलि एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

### महाभंडारा का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर।** आज श्री श्री शिव हनुमान मंदिर नीतिबाग कॉलोनी, स्लैग रोड में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाभंडारा का आयोजन अधिवक्ता विवेक सिंह (मंदिर निर्माणकर्ता) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिसमें बतौर मुख्यातिथि जमशेदपुर के पूर्व सी०जे०एम० एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा करीब 2000 शिवभक्तों के बीच पूड़ी, सब्जी और बुंदिया का वितरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य रुप से राहुल सिंह, अनूप कुमार, चंदन सिंह, विकास कुमार, शुभम कुमार, मनीष, रंजन, कन्हाई गोराई, शेखर निगम, उमेश, सुशील, आकाश, रवि, अनमोल, बादल, अमन आदि लोग उपस्थित थे।

### निमार्णाधीन स्वामी लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर में रूद्राभिषेक पुजन हुआ


रुद्राभिषेक करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोलमुरी केबुल टाउन स्थित निमार्णाधीन स्वामी लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर में देर संध्या रूद्राभिषेक पुजन हुआ। पुरोहित विनोद पांडेय ने पुरे विधि-विधान पूर्वक पार्थिव शिवलिंग का धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शिवलिंग की पुजा की. गंगाजल, दुध, दही, शहद, घी, नारियल पानी, गन्ना रस, जल से भवान भोलेनाथ का अभिषेक हुआ।

### सरयू राय ने किया पौधरोपण

जमशेदपुर। आज महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने आज गोलमुरी, केबल टाऊन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सफेद चन्दन , लाल चन्दन , कपूर ,रुद्राक्ष और तुलसी का पौधा लगाया। मौके पर गोविन्द दोदराजका अशोक भालोटिया , आशु दोदराजका , शिवशंकर सिंह ,अशोक गोयल, पप्पू सिंह सूर्यवशीं, आशुतोष राय , सुधीर सिंह, हरेराम सिंह, कैलाश झा असीम पाठक , साकेत गौतम , राजू दुर्गा , प्रवीण सिंह, विनोद राय सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित थे।

### विधायक मंगल कालिंदी ने किया जलाभिषेक



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर जमशेदपुर प्रखंड की छोटा गोविन्दपुर सिंगल स्थित शिव शीतला मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ के माथे पर जलाभिषेक किया। इस दौरान विधायक ने मंदिर में मत्था टेककर बाबा भोलेनाथ के समक्ष क्षेत्र में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक ने मंदिर कमेटी को बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग, माता पार्वती, भगवान गणेश व कार्तिक एवं नंदी जी का मूर्ति सौंपा। विधायक ने बताया कि बीते दिनों मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मंदिर में स्थापित बाबा भोलेनाथ की शिवलिंग क्षतिग्रस्त हो जाने की जानकारी देते हुए नया शिवलिंग उपलब्ध करवाने की मांग रखी थी। विधायक ने बताया कि शिवरात्रि के मौके पर आज मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर कमेटी को बाबा भोलेनाथ की शिवलिंग, माता पार्वती, भगवान गणेश एवं कार्तिक तथा नंदीजी की मूर्ति को सौंप दिया। इस दौरान मंदिर में काफी संख्या में महिलाए मौजूद थे।

## इवाना आर्ट आज होटल रमाडा जमशेदपुर में खोलेगा आर्ट स्पेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित पेंटर अनुराधा ठाकुर, इवाना आर्ट की संस्थापक जेनी शाह और रितु कपिला।

**जमशेदपुर।** इवाना आर्ट जमशेदपुर में आर्ट स्पेस के उद्घाटन के साथ सांस्कृतिक समृद्धि के एक नए आयाम को अपनाने जा रहा है। इवाना आर्ट शनिवार से होटल रमाडा,बिष्टुपुर में दो दिवसीय लाइव आर्ट और कला प्रदर्शनी का भी आयोजन कर रहा है। प्रदर्शनी 9 और 10 मार्च को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक जनता के लिए खुली है। लाइव आर्ट दोनों दिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।उक्त जानकारी इवाना आर्ट के संस्थापक जेनी शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर आर्टिस्ट श्रीमती अनुराधा ठाकुर और होटल रमाडा की निदेशक रितु कपिला भी उपस्थित थीं। जेनी शाह ने कहा कि कला प्रेमियों और संग्रहकताओं तक समान रूप से पहुंचने के लिए, इवाना आर्ट ने रमाडा होटल के साथ समझौता किया है। होटल रमाडा के कला स्थान ( आर्ट स्पेस ) में देश भर के 100 से अधिक कलाकारों की मूल कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जाएंगी जो देश के जीवंत कला रूपों और विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उभरती प्रतिभाओं से लेकर स्थापित उस्तादों तक कलाकारों की एक विविध श्रृंखला को प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता के साथ, इवाना आर्ट का लक्ष्य ललित कला को किफायती और सुलभ बनाना है।

इस अवसर पर होटल रमाडा की रितु कपिला ने कहा कि वह इवाना आर्ट के साथ सहयोग करके खुश हैं। उन्होंने कहा कि होटल में कला प्रेमी और आगंतुक आसानी से समृद्ध पेंटिंग और कलाकृतियां खरीद सकते हैं। कलाकृतियों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश के अलावा, इवाना आर्ट कला परामर्श और क्यूरेशन भी प्रदान करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक कला संरक्षक को अपने स्थान को सजाने के लिए सही टुकड़ा मिले। महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक भारतीय चित्रकला कलाकार अनुराधा ठाकुर ने कहा कि वह प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं। अपनी चमकदार पेंटिंग्स के लिए जानी जाने वाली, उनकी कलाकृतियाँ अंतर्निहित भारतीय संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन हैं। वह एक टेडक्स स्पीकर भी हैं।

## अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल करेगा आरएसबी ग्रुप : बेहरा बंधु

**जमशेदपुर।** आरएसबी, जो अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के लिए प्रसिद्ध एक प्रतिष्ठित संगठन है, ने लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ इस वर्ष गर्व से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। आरएसबी ने कर्मचारियों और समुदाय दोनों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार अपना समर्पण प्रदर्शित किया है। कई साल पहले, हमारे दूरदर्शी चेयरमैन आर.के. बेहरा और वाइस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एस.के. बेहरा ने कुल कार्यबल में 30% महिला प्रतिनिधित्व प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की घोषणा की। यह दूरदर्शी प्रतिबद्धता संगठन के भीतर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आरएसबी की चल रही पहल के पीछे प्रेरक शक्ति रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जमशेदपुर समेत देश-विदेश स्थित उत्पादन केंद्रों में आरएसबी ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया । इसमें आरएसबी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 2000 से अधिक लोग शामिल हुए । इस कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों पर सशक्त संदेश देते हुए सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों की एक विविध श्रृंखला प्रदर्शित की गई। सुश्री निर्मला बेहरा, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर( ग्रुप एचआर), महिला कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न पहलों का नेतृत्व करने में सहायक रही हैं।

## सोना देवी यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का सफल आयोजन हुआ




**जमशेदपुर।** सोना देवी यूनिवर्सिटी, घाटशिला के एसडीयू स्कूल ऑफ फामेर्सी द्वार राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस -२०२४ का आयोजन किया गया ,जिसमें सदर हॉस्पिटल घाटशिला में वहाँ के इंचार्ज डॉक्टर राजेंद्र नाथ सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर जेपी मिश्र एवं कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर श्रद्धा पांडा ,श्री उमेश कुमार ,श्रीमती अनसूया राय ,डॉक्टर राजन कुमार , श्रीमती मोनिका सिंह , एवं श्री धीरज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर फामेर्सी से संबंधित विभिन प्रकार के तकनीकी ज्ञान का आदान प्रदान कर सभी छात्रों को इसकी जानकारी दी गई। प्रैक्टिकल नॉलेज व ट्रेनिंग के पहलुओं से रू -बरू कराया गया। इस अयोजन को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सभी प्रोफेसर , शिक्षक व गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा अन्य सभी का योगदान रहा।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फार्मेसी ने मनाया राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो


छात्रों ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**जमशेदपुर** । गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी में प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस के रूप में मनायी गयी( इस अवसर पर स्कूल ऑफ फामेर्सी की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया( प्रतियोगिता मे ८० से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती और भारत में फामेर्सी शिक्षा की स्थापना में उनकी भूमिका के सम्मान में 6 मार्च को राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस घोषित किया है( प्रोफेसर एमएल श्रॉफ को भारत में फामेर्सी शिक्षा के जनक के रूप में जाना जाता है( वह निश्चित रूप से इस देश में काम करने वाले सभी फार्मासिस्टों के लिए उनकी शाखाओं और कर्तव्यों की विविधता के बावजूद एक आदर्श बने हुए हैं. विद्यार्थियों और समाज को फामेर्सी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर केरला पब्लिक स्कूल, गम्हरिया से लाल बिल्डिंग चौक, गम्हरिया तक एक रैली निकली गयी। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इससे पूर्व स्वागत भाषण स्कूल ऑफ फामेर्सी की एसोसिएट प्रोफेसर कुमारी स्निग्धा रानी बहेरा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। कर्मचारियों और छात्रों ने प्रोफेसर एमएल श्रॉफ को श्रद्धांजलि अर्पित की। यूनिवर्सिटी मैंनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) एसएस रजी ने स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में फार्मासिस्ट के महत्व पर प्रकाश डाला। संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ जसबीर सिंह धंजल ने फामेर्सी शिक्षा के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। सहायक रजिस्ट्रार नंद झा ने फामेर्सी में प्रौद्योगिकी और नवाचार के बारे में बताया। मुख्य अतिथि पीसीआई के ईसी सदस्य धर्मेंद्र सिंह ऑनलाइन मंच के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने अरका जैन विश्वविद्यालय को नैक से 'ए' ग्रेड मिलने पर बधाई दी और छात्रों को प्रेरित भी किया। स्कूल ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज के डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू ने अपने संबोधन के दौरान फामेर्सी पेशे के बारे में बात की, जो सीधे तौर पर कोर हेल्थकेयर सिस्टम से जुड़ा हुआ था।

## स्पीड न्यूज

### सरना प्रार्थना सभा में जल, जंगल व जमीन की रक्षा का लिया संकल्प



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू डैम गेगदा मुड़कट्टी के समीप शुक्रवार को राजीपड़हा सरना प्रार्थना सभा हुआ। सभा का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर भगत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, प्रदेश अध्यक्ष माघी उरांव, प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, प्रदेश धर्मगुरु राजेश लिंडा, जिला धर्मगुरु संदीप टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व विधि-विधान से धर्म गुरूओं ने मां सरना की पूजा की। साथ ही क्षेत्र की सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। रामदेव उरांव, राष्ट्रीय सहलाकर कैलाश उरांव, देवलाल मुंडा, शुभाष उरांव, विकेश बेदिया, विजय बेदिया, मिना उरांव, राजमणि उरांव, सुरेंद्र पाहन, सूलेंद्र उरांव, श्याम मुंडा, सोमदेव उरांव, छेदी पाहन, संजय कुजूर, राजेश्वरी उरांव, शुष्मा उरांव, भोला उरांव, जेटलुं उरांव, ईश्वर पाहन मौजूद थे।

### रजरप्पा में 20 फीट के शिवलिंग की पूजा



रजरप्पा । माँ छिन्नमस्तिके मंदिर प्रक्षेत्र स्थित 20 फीट के शिवलिंग में महाकाल की आकृति बनाकर श्रृद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इसके अलावा रजरप्पा कॉलोनी शिवालय, बड़कीपोना, चितरपुर, सोढ, छोटकीपोना, कुन्दरूकला, सुकरीगढ़ा, लारीकलां दुलमी के सिकनी, सिरु, श्री श्री बड़की डेली पैइला इचातु आदि जगहों के शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने फल-फूल, बेलपत्र, दूध, आदि प्रसाद स्वरूप भोलेनाथ को चढ़ाया। इधर, सुकरीगढ़ा सियारडीह स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी 51 नारियल फोड़कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर मुखिया दिल्ली कुमारी, समाजसेवी मलेश्वर नायक आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### बांडी में ग्राम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया।** धर्मपुर पंचायत के बांडी में मुखिया कांति देवी के अध्यक्षता में ग्राम सभा हुआ। रोजगार सेवक ने ग्रामीणों से कहा कि जो योग्य लाभार्थी है वे ग्राम सभा में स्वेच्छापूर्वक योजनाओ को अंकित करवाए ताकि समयानुसार योजना कार्य को सफल बनाया जा सके। सभा में वार्ड सदस्य लोकनाथ गोप ,हेवंती देवी,जल सहिया कंचन देवी ,सुनीता देवी,पार्वती देवी, धनवा देवी, डीलों प्रजापति,महावीर प्रजापति, सुमित्रा देवी,गणेश गोप,कुंती देवी, प्यासी देवी,गोपाली यादव,रामेश्वर प्रजापति अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बेडम व जोभी सिमरा में मना महिला दिवस



**टाटीझरिया।** जन सहयोग केंद्र के ओर से शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस टाटीझरिया प्रखंड के बेडम और जोभिसिमरा गांव में मनाया गया। संस्था की कोषाध्यक्ष रीता कुमारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। महिलाओं को भी पुरुष के समान बराबर हक मिलना चाहिए। कार्यों में शिक्षा, रोजगार, नौकरी या मजदूरी हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में बेड़म से रीता कुमारी, ननकी देवी, लिलमुनी देवी, हसीना हंसदा, सरिता कुमारी, सावित्री कुमारी, मनीषा कुमारी, अंजनी कुमारी जोभी सिमरा गांव से बहामुनी देवी, आरती देवी, सोनिया हंसदा, सुनीता कुमारी, सुरजमुनी टुडू, पार्वती टुडू उपस्थित हुए।

### चरही में महाशिवरात्रि की धूम

चरही। चरही में शुक्रवार को महाशिवरात्रि भक्तिभाव से मनाई गई। क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों भव्य रूप से सजाया गया गया था। सुबह से हीं शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। शिवभक्तों ने भगवान शिव शंकर का दर्शन कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।और शिव के समक्ष फल-फूल,बेलपत्र सहित कई प्रकार के सामग्रियों को अर्पित किया गया।साथ ही दूध और गंगाजल से रुद्राभिषेक किया गया। महिलाएं, युवतियों और युवकों ने उपवास रखकर भगवान शिव कीपूजा-अर्चना किया। देर शाम को शिव बारात निकाली गई।

### चरही में दो शिक्षक हुये पदस्थापित

चरही। निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,झारखंड के द्वारा परियोजना +2 उच्च विद्यालय चरही हजारीबाग के लिए पीजीटी शिक्षक के पद पर जीव विज्ञान विषय में मनीषा हांसदा एवं भौतिकी में चंदन कुमार का पदस्थापन किया गया। दो नए पीजीटी शिक्षकों के पदस्थापन के बाद विद्यालय में प्लस टू विज्ञान संकाय में सभी विषयों की शिक्षक हो जाने के बाद अब सभी विषयों की पढ़ाई होगी।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई



**बरकट्ठा।** उत्क्रमित+2 विद्यालय कपका में शिक्षकों व बच्चों ने सेवानिर्वित शिक्षक रामचन्द्र प्रसाद का विदाई सह सम्मान समारोह हुआ। सम्मान समारोह में विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। विधायक ने कहा कि नौकरी में समय सीमा के तहत सेवा से विर्मित हुए न की शिक्षा के क्षेत्र से शिक्षक रामचंद्र प्रसाद की दीर्घायु की कामना की। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामचंद्र प्रसाद को अंगवस्त्र व शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय के शिक्षक महेश पासवान को प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में पदभार ग्रहण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व मुखिया गणेश यादव, रघुबीर मंडल, रामेश्वर महतो, जोधान महतो, शिक्षक राजकुमार रविदास और बच्चे शामिल थे।

# नमः शिवाय, हर-हर महादेव से गूंजा कोयलांचल

**श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में अखंड-पाठ शुरू, भंडारा में उमड़ी भीड़**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। महाशिवरात्रि के अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल का प्राचीन श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। इसके पूर्व अतिथियों ने पूरे विधि-विधान से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। साथ ही भोले बाबा के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

पूजा के दौरान ऊ नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूजता रहा। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने जीएम अजय सिंह, पीओ एमके पाठक आदि अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

भंडारा का शुभारंभ अतिथि ने श्रद्धालुओं के बीच खीर-पुड़ी व सब्जी का वितरण किया।भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में अहले सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ने रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर फल-फूल, बेलपत्र, धूप-अगरबती से पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा में समाजसेवी महेश्वर साहू सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष गणेश साव, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, डब्लू पांडेय, रुदल राउत, विपुल पटेल, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों लोग जुटे थे।

# मनीष के खिलाफ विपक्ष किसे देगी टिकट, परेशानी महाविकट

**लोकसभा चुनाव**

**▶▶ क्या गठबंधन अंबा प्रसाद को उतारेगी मैदान में? मंथन जारी**

**अभय कुमार सिंह**





हजारीबाग। हजारीबाग से भाजपा ने अपना लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल को बना दिया है। अब विपक्ष उनके खिलाफ यहां किसे उतारेगी ये लाख टके का सवाल है। मनीष जायसवाल के रूप में विपक्ष के सामने एक विशाल चुनौती है। इससे पार पाना आसान नहीं होगा। अभी तक कांग्रेस व अन्य दलों में मंथन का दौर जारी है कि वे किसे यहां से उम्मीदवार घोषित करें जो मनीष के मुकाबले में खड़ा हो सके। मनीष जायसवाल का सितारा अभी बुलंद है ऊपर से जबसे वे सदर विधायक बने हैं लोगों के बीच रहे हैं। कई जनकल्याण के कार्य किए हैं। लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। ऐसे में इस दमदार नेता को टक्कर देना किसी अन्य नेता के लिए आसान नहीं होने वाली है।

**अंबा प्रसाद दे सकती हैं चुनौती :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद इस मामले में एक तगड़ी उम्मीदवार लगती है। वे बोल्ड हैं, बेबाक हैं और अपने क्षेत्र में वो भी मनीष जायसवाल की तरह ही लोकप्रिय हैं। सुलभ हैं और लोगों के बीच रहती हैं। अभी कुछ दिन पहले जब मुख्यमंत्री चंपई सोरेने का मंत्रीमंडल का गठन हुआ था तब अंबा मंत्रीपद की उम्मीदवारी के लिये जोर आजमाइश कर रही थी। लेकिन अंतिम क्षणों में उनका पत्ता काट दिया गया। अब देखना ये है कि क्या कांग्रेस अंबा को हजारीबाग लोकसभा से टिकट देकर उसकी भारपाई करेगी। अंबा से जब इस संबंध में पत्रकारों ने बात किया तो उन्होंने कहा कि लोकसभा टिकट को लेकर कांग्रेस ने मिटिंग कर ली है। एक दो दिनों में निर्णय ले लिया जाएगा। पार्टी, कार्यकर्ताओं के भावनाओं के अनुरूप निर्णय लेगी। पार्टी में बहुत लिडर्स हैं। कोई किसी से कम नहीं है। जो भी पार्टी का निर्णय होगा सर्वमान्य होगा।

#### अन्य विपक्षी नेताओं का क्या है हाल

पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह की भी वापसी की खबरें जोर पकड़ रही हैं। लेकिन इसमें संदेह है क्योकि सौरभ नारायण सिंह राजनीति में सक्रिय नहीं हैं। उनकी कार्यशैली और अरूची से लगता नहीं कि वे चुनावी समर में उतरेंगे।

एक पुराने नेता और पूर्व सांसद रहे भूनेश्वर मेहता के बारे में भी बाते की जा रही है। लेकिन उनके स्वास्थ्य और उम्र को देखते हुए नहीं लगता कि वे चुनाव में उतरना चाहेंगे। उमाशंकर अकेला का चौपारण बरही के आगे बड़ा जानाधार नहीं है। नये नेता में कोई ऐसा नहीं है जिसके नाम पर वोट मिल सकेगा। तो कुल मिला कर यही लगता है कि विपक्ष के लिए सबसे मजबूत दावेदार कोई है तो वो अंबा प्रसाद ही है।

#### चाणक्य यशवंत सिन्हा बनेंगे विपक्ष के तारनहार

इधर हजारीबाग के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने भी हजारीबाग आते हीं सबसे पहले अंबा प्रसाद से चुनावी रणनीति की लेकर उनसे मुलाकात की थी। उनके बेटे जयंत सिन्हा जो हजारीबाग से वर्तमान सांसद हैं उनकी टिकट भाजपा के द्वारा काट दी गयी। इस बात से यशवंत बीजेपी आलाकमान से खासे नाराज हैं। यशवंत सिन्हा के जानने वाले कहते हैं कि वे बीजेपी को हजारीबाग से हराने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे।

### चलकरी कला में मना महिला दिवस



विष्णुगढ़। खरना पंचायत अंतर्गत चलकरी कला बाबाधाम प्रांगण में गैड़ा एवं खरना पंचायत की ग्रामीण महिलाओं ने एकता महिला मंच के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूम-धाम के साथ मनाया। गांवों में भ्रमण करते हुए रैली निकाली गई।नारी शक्ति जिंदाबाद,नारी के सहयोग बिना हर बदलाव अधुरा है, हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, आधा पुरुष आधा नारी, जमीन में हक बारा बारी सहित कई नारे लगाए गये। खरना पंचायत के मुखिया निर्मला देवी, पंचायत समिति सदस्या चांदमुनी देवी, वार्ड सदस्य विमला देवी एवं एकता परिषद के राष्ट्रीय सचिव चुनूलाल सोरेन, एकता महीला मंच के ज़िला संयोजिका दुलारी टुडू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यकर्म का उद्घाटन किया। मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अधिकार के लिए घर से निकल कर आवाज बुलंद कर रही है। सचिव चुनूलाल सोरेन ने कहा कि आज देश और दुनियां में महिलाएं अलग अलग मुद्दों पर संघर्षरत हैं। मौके पर सैकड़ों महिलायें मौजूद थी।

# अन्नपूर्णा देवी और अमित यादव ने पथों की मरम्मती व पुल का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरकट्ठा।** सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड मे विभिन्न पथों का विशेष मरम्मति एवं पुल का शिलन्यास सयुंक्त रूप से किया। जिसमें कटिया नाला,मनियाडीह में पुल निर्माण,पलमा सेवाटांड़ तक ,अलगाडीहा बड़ानो तक पथ विशेष मरम्मती,केंदुआ नाला में पुल निर्माण,आरईओ रोड बेडोकला से घोरबंधा तक,बेडोकला से जतघाघरा तक ,बेडोकला से चाँदगढ़ तक पथ विशेष मरम्मती,मानपुर नाला में पुल निर्माण,पीडब्ल्यूडी रोड से जमुआ से लेबरा गिरिडीह सिमाना तक,पीडब्ल्यूडी रोड से कपका तक ,कपका स बुढ़िया डीह, पैसरा डमर चौक से झिगिबराय भाया गैयापहाडी तक,सलैया मोड़ से शमशान घाट भाया तितकाही अड़वार तक,बरवां मध्य विद्यालय से नायाखाप भाया पंचफेडी तक,पीडब्ल्यूडी रोड स बसरिया भाया मासीपीढ़ी तक पथ विशेष मरम्मती शामिल है। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। चुनाव पूर्व किये वादों को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव के सड़को की विशेष मरम्मती व निर्माण के साथ -साथ आवश्यक स्थल पर पुल- पुलिया निर्माण कार्य कर आवागमन को सुलभ बनाया जा रहा है। विकास की प्राथमिकता में शिक्षा,स्वास्थ्य,सिंचाई व सड़क का विकास जरूरी है। कार्यक्रम में भाजपा के सुनील मेहता, सांसद प्रतिनिधि केदार साव,भाजपा प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी,भाजपा वरिष्ठ नेता खलील अंसारी ,भाजपा,वरिष्ठ नेता समन ठाकुर,प्रमुख रेणु देवी,अभियंता रत्नेश यादव,मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद,पूर्व मुखिया रामचन्द्र राम समेत दर्जनो कार्यकर्ता शामिल थे।

### टाटीझरिया थाना प्रभारी से मिले झरपो के मुखिया



**टाटीझरिया।** नव नियुक्त थाना प्रभारी सुजीत कुमार से झरपो पंचायत के मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी समाज सेवी सह पैक्स अध्यक्ष सरजू प्रसाद ग्रामीणों में गणेश राम टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार संदीप पांडेय ने 8 मार्च शुक्रवार को थाना क्षेत्र में आगमन होने पर फूलों का गुलदस्ता देकर औपचारिक मुलाकात किया और उज्वल भविष्य की कामनाएं किया। औपचारिक मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि मैं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने का पूर्ण प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा की क्षेत्र वासियों को प्रशासनिक सहायता नियमानुसार जब भी पड़े तो वे बिना संदेह मुलाकात करे। उनकी समस्याओं को समाधान करने का किया जाएगा।

# मानव समाज की वास्तविक वास्तुकार हैं महिलाएं : शालू जिंदल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▶▶ जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**
**▶▶ स्वयं सहायता समूह द्वारा बनायी गयी उत्पादों की लगी प्रदर्शनी**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस वर्ष विषय था, महिलाओं के लिए निवेश करें और प्रगति में तेजी लाएं। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने महिलाएं मानव समाज की वास्तविक वास्तुकार हैं। उनकी कृपा से प्यार और रचनात्मकता, इस दुनिया को रहने के लिए बहुत खूबसूरत जगह बना रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया की महिलाएं बाधाओं को तोड़ते हुए अपने जुनून को आगे बढ़ाए। फाउंडेशन पतरातू ने ग्रामीण महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन किया। जिसमें फाउंडेशन पतरातू के द्वारा स्वास्थ्य संगिनी, जिंदल गर्ल्स फुटबॉल टीम एवं जिंदल आशा की बच्चियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सतत आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आकृति प्रयोजना के माध्यम से विभिन्न स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी बिक्री पतरातू डैम के पास आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता एवं सीओ अमित भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम पुरषोत्तम, बीएपी अभिषेक कुमार वर्मा, लबगा पंचायत की मुखिया किरण देवी उपस्थित थीं। जिन्होंने जेएसपी फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे महिला सशक्तिकरण के कार्यो की सराहना की। मां आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के आय में वृद्धि हेतु दोना-पत्तल बनाने वाली मशीन का वितरण किया गया। साथ ही जरुरतमंद महिलाओं को चिन्हित कर सब्जी बेचने वाली गाड़ी का भी वितरण किया गया। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में विद्यार्थियो के लिए कई प्रतियोगिताओं का भी अयोजन किया गया।

## एक नजर में

### कुजू : शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**कुजू।** महाशिवरात्रि को लेकर कुजू के आसपास के क्षेत्रो में शुक्रवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु ने उपवास रखकर पूजा -अर्चना की। भगवान शिव को मनाने के लिए फल, फूल, बेल्वपत्र, दूध, भांग, धतूरा आदि चढ़ाया। इस दौरान क्षेत्र ओम नमः शिवाय के मंत्रो से गुंजायमान रहा। कई शिवालयों में पूजन समिति द्वारा अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं कई स्थानों पर मंदिर के निकट भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच भांग शरबत का वितरण किया गया। कुजू शिव मंदिर, ट्रांसपोर्ट नगर बाबा कैलाशनाथ मंदिर, केबीगेट, कुजू कोलियरी, मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, दिगवार, बोंगावार, सांडी स्थित टूटी झरना मंदिर में दिन भर पूजा हुई।

### शिवरात्रि महोत्सव में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित जय श्री महाकाल मंडली द्वारा आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और महाकाल का आशीर्वाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। 11 बजे महाकाल दरबार की पूजा, 11 बजे गौ पूजा के बाद भंडारे का शुभारंभ, 2 बजे बाबा को दोपहर का भोग, 6 बजे संध्या आरती व दूध व भांग के प्रसाद का वितरण, 7 बजे से आकर्षक झांकी एवं भजन प्रभु ईच्छा तक एवं रात 11 बजे महाकाल के उदघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर अमित कुमार पप्पू, रंजन भूषण, अनमोल सिंह, राजेश कुमार यादव, मनोज शर्मा, सन्नी गुप्ता, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### मृतक के आश्रित को मिला मुआवजा



**रामगढ़।** ग्राम नवा घुटूवा नया नगर बरकाकाना थाना पतरातू जिला रामगढ़ स्थित जे.पी. हार्डवेयर में कार्यरत कर्मचारी मंतोष कुमार भुईयां का कार्य के दौरान अचानक जमीन पर गिर जाने के कारण घायल हो गए थे । इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार के लोगों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम को 7 मार्च सुबह जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, अनुसूचित जाति उत्थान परिषद रामगढ़ के जिला अध्यक्ष मनोज राम सहित परिषद के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर राम तत्परता दिखाते हुये पीड़ित परिवार के घर पर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया और जे पी हार्डवेयर संचालक मालिक को पीड़ित परिवार के घर पर बुलाया गया। वार्ता में दुकान संचालक की ओर से पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए मुआवजा देने पर सहमति बनी। इस समझौते के अंतर्गत मृतक मंतोष कुमार भुईयां के दोनों बेटी के नाम से तीन तीन लाख रुपये और एक बेटे के नाम से एक लाख पचास हजार रुपये का चेक के माध्यम से फिक्स्ड डिपॉजिट करवाया गया । पचास हजार रुपये नगद क्रियाकर्म के लिए परिवार को दिया गया।

### बड़कागांव : 14 कोयला खदानों में डोजरिंग

**बड़कागांव।** प्रखंड के विभिन्न अवैध कोयला खदानों में वन विभाग द्वारा डोजरिंग कर भर दिया गया है।इस संबंध में सहायक वन संरक्षक एके परमार ने बताया कि राउतपारा के आठ कोयला खदान, रूढ़ी में चार कोयला खदान अंबा झरना में दो कोयला खदान जेसीबी मशीन से डोजिंग कर भर दिया गया।अवैध कोयला लदे एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया गया। एके परमार ने बताया कि जिस तरह से छापामारी के लिए हम लोगों ने प्लान बनाया था उस दृष्टि कोण से अधिक ट्रैक्टरों को जब्त नहीं कर पाया।इससे अंदाज लगाया जा रहा है कि छापामारी की जानकारी किसी न किसी माध्यम से कोयला के कारोबारियों को हो चुका था।इस डोजरिंग अभियान में हजारीबाग सहायक वन संरक्षक एके परमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह समेत वनकर्मी एवं बड़कागांव थाना के चार जवान शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी सरकार

**महिला दिवस की दी बधाई:** सीएम ने इस अवसर पर पहाड़ी मंदिर परिसर में उपस्थित सभी महिला श्रद्धालुओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कहीं उड़ायी फ्लाइट तो कहीं ट्रेन की कमान संभाली

**रांची रेल मंडल का संदेश:** रांची रेल मंडल के डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि पूरी ट्रेन महिलाओं के हवाले थी। यात्रियों की सुरक्षा भी महिलाओं के के ही जिम्मे रही। उन्होंने कहा कि रांची रेल मंडल की ओर से यह संदेश दिया जा रहा है कि आज महिलाएं कोई भी काम करने में सक्षम हैं। लोग महिलाओं को कमजोर और अबला समझते हैं। सभी अपनी सोच बदलें और समाज में महिलाओं को बराबरी की नजर से देखें।

**इनके हवाले रही ट्रेन:** लोको पायलट : दीपाली अमृत और गीता कुमारी खलखो। टीटीई : ज्योति कुजूर, एडलिन केरकेट्टा, दिप्ती कच्छप, गुरुवारी सोय, नवप्रीत कौर, एसए नायडू, पतरसिया भेंगरा और अनारिता केरकेट्टा। ट्रेन मैनेजर : नीता कुमारी। रेल सुरक्षा बल : प्रियंका कुमारी, कुमारी अंजना, प्रीति, पूजा सूर और प्रियंका कुशवाहा।

### कल्पना सोरेन को मिली वाई श्रेणी सुरक्षा

**वाई श्रेणी में शामिल:**
भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, सुखराम उरांव, क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी, कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मिथलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, दीपक बिरूआ, बसंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, दीपक प्रकाश, महुआ माजी, आदित्य साहू, केंद्रीय मंत्री व सांसद अन्नपूर्णा देवी, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सुदर्शन भगत, बीडी राम, सुनील सिंह, जयंत सिन्हा, संजय सेठ, गीता कोड़ा, विधायक सुदेश महतो।

**एक्स सुरक्षा श्रेणी में शामिल:** अमित यादव, उमाशंकर अकेला, कमलेश कुमार सिंह, अंबा प्रसाद, किशुन कुमार दास, सुदीव्य कुमार, लंबोदर महतो, इंद्रजीत महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह, रामदास सोरेन, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, सबिता महतो, सोनाराम सिंकू, कोचे मुंडा, राजेश कच्छप, समरी लाल, जिग्गा सोसारन होरो, भूषण तिर्की, भूषण बाडा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, रामचंद्र सिंह, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, पुष्पा देवी, समीर मोहांती, जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, जीजे गॉलस्टेन, शिल्पी नेहा तिर्की, सुनीता चौधरी, सांसद विद्युत वरण महतो, पशुपति नाथ सिंह, विजय कुमार हांसदा, सुनील सोरेन,विधायक जोबा मांझी, रंधीर सिंह, सरयू रायय, अनंत कुमार ओझा, डॉ नीरा यादव, रामचंद्र चंद्रवंशी, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, प्रदीप यादव, चमरा लिंडा, नवीन जायसवाल, स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, इरफान अंसारी, नारायण दास, मनीष जायसवाल, केदार हाजरा, बिरंची नारायण, राज सिन्हा, ढुलू महतो, निरल पूर्ती, आलोक चौरसिया, भानु प्रताप शाही, सीता सोरेन, जयप्रकाश भाई पटेल, विनोद कुमार सिंह, बैद्यनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, अपर्णा सेन गुप्ता, अमित मंडल, लोबिन हेंब्रम, दिनेश विलिम्यस मरांडी, दीपिका पांडेय सिंह ,महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता, मुख्य सूचना आयुक्त, डीके पांडेय, आरआर प्रसाद, रेजी डुंगडुंग, सुबोधकांत सहाय।

स्पीड न्यूज

## केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे



**रुद्रप्रयाग/उखीमठ।** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रात: सात बजे खुलेंगे। शुक्रवार को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में आयोजित धार्मिक समारोह में कपाट खुलने की तिथि तय हुई। केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की पांच मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा होगी। पंचमुखी डोली छह मई केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। यह डोली नौ मई की शाम केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

## स्वीडन बना नाटो का 32वां सदस्य

**स्टॉकहोम।** आखिरकार स्वीडन को गुरुवार उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल कर लिया गया। नाटो के सचिव जनरल जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा है कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। स्वीडन को अब नाटो में अधिकारपूर्वक जगह मिलेगी और उसकी बात का भी नाटो की नीतियों और फैसलों में ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 200 वर्ष ज्यादा समय तक गुट निरपेक्ष रहने के बाद स्वीडन को भी अब अनुच्छेद 5 के तहत सुरक्षा की गारंटी मिलेगी।

## नाइजीरिया में चरमपंथियों ने 200 का किया अपहरण

**अबूजा।** नाइजीरिया में इस्लामी चरमपंथियों ने हिंसा के कारण विस्थापित हुए कम से कम 200 लोगों को चाड से लगी सीमा के निकट लकड़ी तलाश करते समय अगवा कर लिया। नाइजीरिया में स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि अगवा किए गए लोगों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।

## सैन्य दुर्ग अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को रिश्वत लेने के आरोप में सैन्य इंजीनियर सेवा के सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता पांडियन वल्लाकोइनडैन को गिरफ्तार किया है। मामला जालिपा मिलिट्री स्टेशन, बाड़मेर, राजस्थान का है। सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर आरोपित सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज किया था। संविदा कर्मचारी के ड्यूटी को सुविधाजनक बनाने हेतु उससे 8 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता से यह राशि लेते हुए सीबीआई ने आरोपित को रंगे हाथों दबोचा।

## फिल्म ओडेला 2 में शिव शक्ति के रूप में नजर आयेंगी तमन्ना भाटिया



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि के मौके पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म ओडेला 2 से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है।





## महाशिवरात्रि : बाबा विश्वनाथ और महाकाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्ध योग, श्रवण व घनिष्ठा नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में काशीपुराधिपति के स्वर्णिम दरबार में सुरक्षा के अभेद्य किलेबन्दी के बीच दर्शन पूजन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा। वहीं उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में रात 2:30 बजे पट खुलते ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया। यहां आधी रात से ही लंबी-लंबीकतारें लग गई थीं। महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालु लगातार 44 घंटे भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। नौ मार्च को शयन आरती के बाद रात 11 बजे मंदिर के पट पुन: बंद होंगे। महाकालेश्वर मंदिर में परम्परा के मुताबिक, महाशिवरात्रि पर डेढ घंटे पहले रात 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद भस्म आरती की हुई। पट खुलते ही पण्डे-पुजारी ने गर्भगृह मे स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर भगवान महाकाल का भांग और मेवे से विशेष शृंगार किया गया।**

# जमशेदपुर में एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए मिला 936.26 करोड़

### कालीमंदिर-डिमना चौक बालीगुमा खंड पर 10 किमी 4-लेन बनेगा रोड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड और गुजरात के राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 2468.52 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड के जमशेदपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग -33 (नया -18) के कॉरिडोर के निर्माण के लिए 936.26 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई। जमशेदपुर शहर में भीड़भाड़ को कम करने के लिए परियोजना सड़क को 4-लेन सिंगल-एलिवेटेड कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उन्नयन के लिए 1532.97 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

गुजरात के मोरबी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-151-ए के 12.4 किलोमीटर लंबे ध्रोल से अमरान खंड को 4-लेन में चौड़ा करने की मंजूरी दी गई है, जिस पर 625.58 करोड़. लागत आएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 907.39 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात के वडोदरा, भरूच और सूरत जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग -48 पर वडोदरा-सूरत खंड के 15 किमी लंबे हिस्से में पाइप लाइनों सहित अतिरिक्त संरचनाओं के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई है।

# कोटा : शिव बारात में करंट से 12 बच्चे झुलसे, दो की हालत गंभीर



**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर के नदी पार क्षेत्र में कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे पर शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली गई शिव बारात में शामिल बच्चों के समूह के अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से उसमें शामिल 12 बच्चे गम्भीर रूप से झुलस गए। इनमें से दो बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सांसद ओम बिरला व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अस्पताल पहुंचे और बच्चों से मिलकर घटना की जानकारी ली। यह हादसा शुक्रवार दोपहर में हुआ, जब कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लेकर शिव यात्रा में सड़क पर चल रहे थे। इसी दौरान ये झंडा हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। बताया जा रहा है कि जहां से शिव बारात गुजर रही थी, वहां पानी भी फैला हुआ था। इस कारण करंट तेजी से फैला। देखते ही देखते धार्मिक उल्लास के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। यह घटना कुन्हाड़ी क्षेत्र में थर्मल चौराहे के पास हुई है। सभी घायलों को महाराव भीमसिंह अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि फिलहाल बच्चों के इलाज में जुटे हैं। जांच के बाद ही कारणों का पता लगाया जाएगा।

## कोटा में बिहार के छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर में शुक्रवार सुबह 16 वर्षीय कोचिंग छात्र ने पढ़ाई के तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। वह बिहार से कोटा आकर एक वर्ष से जेईई की तैयारी कर रहा था। विज्ञान नगर पुलिस थाने से मिली सूचना के अनुसार कोचिंग छात्र अभिषेक भागलपुर से कोटा आकर पीजी में रहकर निजी संस्थान से जेईई की कोचिंग ले रहा था। पुलिस को उसके कमरे से पीले पेपर पर सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है-"पापा, मुझसे नहीं हो पायेगा, मैं जेईई नहीं कर पाऊंगा। मुझमें आपसे बोलने की हिम्मत नही है। आई क्विट। डीएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि छात्र ने विषाक्त दवाई की गोलियां खाई थीं। उसके कमरे पर एफएसएल की टीम भी पहुंची और जांच के लिए सैम्पल लिये। पुलिस ने मृतक के पिता प्रदीप मंडल को सूचना दे दी है। वे पश्चिम बंगाल में व्यवसायी हैं।

## लोकसभा चुनाव : कांग्रेस ने जारी की 39 उम्मीदवारों की पहली सूची

# वायनाड से ही लड़ेंगे राहुल गांधी

### छत्तीसगढ़ पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव से लड़ेंगे

### तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर और अलप्पुझा से केसी वेणुगोपाल का नाम शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी की है। इसमें पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी नेता शशि थरूर, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई नेताओं के नाम हैं।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी मुख्यालय में पार्टी की पहली सूची जारी की है। राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर और अलप्पुझा से के.सी. वेणुगोपाल का नाम शामिल है। कांग्रेस की जारी सूची के अनुसार जांजगीर-चांपा (एससी) से डॉ. शिवकुमार डहरिया, कोरबा से ज्योत्सना महंत, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू बीजापुर (एससी) से एच.आर. अलगुर (राजू), हावेरी से आनंदस्वामी गद्दादेवरा मठ, शिमोगा से गीता शिवराजकुमार, हासन से श्रेयस पटेल, मांड्या से एस.पी. मुद्दाहनुमेगौड़ा वेंकटरामेगौड़ा (स्टार चंद्रू), बेंगलुरु ग्रामीण डीके सुरेश,



कासरगोड से राजमोहन उन्नीथन, कन्नूर से के. सुधाकरन, वडकारा से शफी परम्बिल का नाम है।

वायनाड से राहुल गांधी कोझिकोड से एम.के. राघवन, पलक्कड़ से वी.के. श्रीकंदन, अलाथुर (एससी) से राम्या हरिदास, त्रिशूर से के. मुरलीधरन, चलाकुडी से बेनी बेहनन, एनार्कुलम से हिबी ईडन, इडुक्की से डीन कुरियाकोस, अलप्पुझा से के.सी. वेणुगोपाल, मावेलिककारा (एससी) से कोडिकुन्निल सुरेश, पथानमथिट्टा से एंटो एंटनी, अट्टिंगल से अदूर प्रकाश तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर, लक्षद्वीप (एसटी) से मो. हमदुल्लाह सईद, शिलांग (एसटी) से विंसेंट एच. पाला, तुरा (एसटी) से सालेंग ए. संगमा, नगालैंड से एस. सुपोंगमेरेन जमीर, सिक्किम से गोपाल छेत्री, जहीराबाद से सुरेश कुमार शेटकर, नलगोंडा से रघुवीर कुंडुरु, महबूबनगर से चल्ला वामशी चंद रेड्डी, महबुबाबाद (एसटी) से बलराम नाइक पोरिका और त्रिपुरा पश्चिम आशीष कुमार साहा का नाम है।

# प्रधानमंत्री ने दो बार झुककर कीर्तिका का किया अभिवादन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत मडंपम में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उस समय असहज हो उठे जब सर्वश्रेष्ट कहानीकार के तौर पर पुरस्कृत कीर्तिका गोविंदासामी प्रधानमंत्री के पैर छूने के लिए बढ़ीं। कीर्तिका ने जैसे ही पैर छूने के लिए झुकी प्रधानमंत्री दो कदम पीछे हो गए। उनके मूंह से दो शब्द निकले ओहो बाबा पैर मत छुओ। यही नहीं प्रधानमंत्री ने दो बार झुककर कीर्तिका का अभिवादन किया। कीर्तिका गोविंदासीम को पुरस्कार देते हुए दो लाइन का संबोधन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री का गला भर आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कला जगत में पर छूना सम्मान की बात हो सकती है लेकिन राजनीति में पता नहीं है यह कैसी परंपरा बन गई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मैं पैर छूने से आकुल और अशांत हो जाता हूं। उस समय जब कोई बेटी पैर छूए तो मैं डिस्टर्ब हो जाता हूं। इसी तरह की घटना एक साल पहले 13 मार्च को कर्नाटक में हुई थी। जब एक महिला कार्यकर्ता ने मंच पर प्रधानमंत्री पैर छू लिए उसी समय प्रधानमंत्री ने खुद उनके पैर छूकर सभी को चौंका दिया।



## शाहजहां के आवास पर सीबीआइ की रेड

**कोलकाता।** सीबीआइ के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। यह जानकारी अधिकारियों ने यहां दी। सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए।

सूर्याश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

## शरद पवार के पोते की 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**मुंबई।** इडी ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाले बारामती एग्रो लिमिटेड मेसर्स कन्नड़ सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड से संबंधित 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जो मेसर्स बारामती एग्रो लिमिटेड के पास है। जब्त की गई संपत्तियों में 161.30 एकड़ जमीन, संयंत्र और मशीनरी और कन्नड़, औरंगाबाद में स्थित चीनी इकाई की इमारतें शामिल हैं। 22 अगस्त, 2019 को बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले की छानबीन में यह पता चला कि इस कारखाने की खरीद- बिक्री के दौरान उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

# डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल का अधीक्षक गिरफ्तार

### खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह की जेल में कर रहा था मदद

**डिब्रूगढ़ (असम)।** डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक नृपेन दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेल अधीक्षक पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके साथियों की मदद करने का आरोप लगा है। कुछ दिन पहले इन कैदियों के पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, स्पाईकैम समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई थी। गत 17 फरवरी को पुलिस ने सिम कार्ड, टीवी रिमोट, जासूसी कैमरे सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने घटना के बारे में ट्वीट किया था। नृपेन दास को इस घटना के सिलसिले में दर्ज एक मामले के आधार पर बीती रात को गिरफ्तार किया गया।डिब्रूगढ़ जेल के एनएसए सेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के पास से बड़ी मात्रा में सिम कार्ड, टीवी रिमोट, जासूसी कैमरे और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई थी। जेल से ही वह देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। अमृतपाल सिंह रासुका के तहत डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है।

## भारत को मिला खसरा और रूबेला चैंपियन पुरस्कार

नयी दिल्ली। खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम में अनुकरणीय प्रयासों के लिए भारत को खसरा और रूबेला चैंपियन पुरस्कार दिया गया है। भारत को 6 मार्च को अमेरिका स्थित रेड क्रॉस मुख्यालय में दी मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप द्वारा आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित मीजल्स एंड रूबेला चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय की तरफ से अमेरिका में भारतीय राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने प्राप्त किया। खसरे और रूबेला की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एक बहु-एजेंसी योजना समिति का गठन किया गया है।

# ब्रेन ट्यूमर का 30 मिनट में होगा इलाज

### अपोलो अस्पताल ने लांच की जैप एक्स तकनीक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का होगा इलाज। अपोलो अस्पताल ने शुक्रवार को जैप एक्स तकनीक लॉन्च की है। इस तकनीक से 30 मिनट के सत्र में मरीज को बिना के किसी दर्द और दुष्प्रभाव से इलाज संभव है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। इस नई तकनीक के लिए मरीज को एनेस्थीसिया की जरूरत भी नहीं पड़ती है। डॉक्टरों के अनुसार यह तकनीक प्राथमिक और मेटास्टैटिक ब्रेन ट्यूमर, आर्टेरियोवेनस मैलफॉर्मेशन (एवीएम), ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, पार्किंसंस रोग, मिर्गी और अन्य इंट्राक्रैनियल घावों जैसे मेनिंगियोमास, ध्वनिक न्यूरोमास और पिट्यूटरी एडेनोमास जैसे विकारों के इलाज में सक्षम है।



### क्या है तकनीक

जैप-एक्स तकनीक प्रमुख फायदों के साथ आती है, जिसमें इसका गैर-आक्रामक होना शामिल है। इससे कुछ मस्तिष्क ट्यूमर के लिए सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। यह दर्द रहित और कम उपचार अवधि के लिए फ्रेमलेस, पिनपॉइंट सटीकता और वास्तविक समय छवि मार्गदर्शन प्रदान करता है। साथ ही मरीजों की सुरक्षा को भी बढ़ाता है। इस तकनीक ने न्यूनतम दुष्प्रभावों के साथ प्रभावी नियंत्रण और सुरक्षा के लिए बीते 10 वर्षों में 95 प्रतिशत से अधिक नियंत्रण दर प्राप्त की है। साथ ही छोटे ट्यूमर के मामलों में बीते पांच साल में असाधारण 99.4 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल की है।

## बिहार में प्रखंड प्रमुख के बेटे की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर ।** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस के मुताबिक, इस्माइलपुर के प्रखंड प्रमुख मालती देवी के पुत्र मिथुन कुमार शुक्रवार को आदर्श थाना के एनएच 31 कुर्सेला रोड के किनारे एक जमीन पर कुछ काम करवा रहे थे। इसी दौरान चेहरे पर मास्क लगाए तीन लोग पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान मिथुन ने वहां से भागने की कोशिश की लेकिन पास के कंटीले तार में उलझ कर गिर गया। वहीं, अपराधियों ने उसे गोली मार दी।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!